e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 214
मंगलवार
06.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

क्या तुम नहीं अनुभव करते कि दूसरों के ऊपर निर्भर रहना बुद्धिमानी नहीं है। बुद्धिमान व्यक्ति को अपने ही पैरों पर दृढ़तापूर्वक ख?ा होकर कार्य करना चाहिए। धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार फिर अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है. अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को अवैधता कर चुनौती दी थी लेकिन इसे दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है. दिल्ली शराब नीति में सीबीआई वाले मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है.दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि राहत के लिए अरविंद केजरीवाल ट्रायल कोर्ट का रुख कर सकते हैं. बता दें कि केजरीवाल 115 दिनों से जेल में हैं. अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी केस में पहले से अंतरिम जमानत दी हुई है लेकिन सीबीआई वाले मामले में याचिका खारिज होने के चलते केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना होगा.

### सावन की तीसरी सोमवारी पर उमड़ी कांवरियों की भीड़

**दुमका:** श्रावण महीने की तीसरी सोमवारी को बासुकीनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. भीड़ को देखते हुए सुबह 3 बजे से ही शिव एवं पार्वती मंदिर में अरघा के माध्यम से श्रद्धालुओं को जलार्पण कराया गया. श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक जलार्पण कराने के लिए पुलिस प्रशासन की टीम चुस्त-दुरुस्त रहे.संभावित भीड़ को देखते हुए कांवरिया रुटलाइन के सभी प्वाइंटों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की नियुक्ति की गई है. शिव गंगा घाट से क्यू काम्प्लेक्स के रास्ते संस्कार मंडप होते हुए कांवरियों को मंदिर में प्रवेश करा कर जलार्पण कराया गया. बासुकीनाथ धाम गेरुआमयी कांवरियों के बोल बम के नारों से गुंजायमान हो गया है.

### वाराणसी: स्वतंत्रता दिवस पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर चलेगा तिरंगा अभियान

**वाराणसी:** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी शुरू कर दे। प्रत्येक घर में 13-15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि झण्डों को पुनः उपयोग में लाने के लिए झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए हर घर तिरंगा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पूजा खेडकर ने पटियाला हाउस कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। एडिशनल सेशंस जज देवेन्द्र कुमार जांगला ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया था।

### हरियाली तीज पर एक ही दिन में प्रदेशवासी लगाएंगे 2 करोड़ पौधे

**जयपुर :** हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार को इस बार पूरे प्रदेश में हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगभग 2 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश की पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्रोतों के किनारे पौधारोपण कर प्रदेश को हरा-भरा बनाया जाएगा।अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी 50 जिलों की तैयारियों और माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर,स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल, पंचायती राज शासन सचिव रवि जैन,आयुक्त स्कूल शिक्षा अविचल चतुर्वेदी,आयुक्त ईजीएस टीना डाबी ने प्रत्येक स्तर पर की जा रही तैयारियों को सुनिश्चित किया। सभी जिला कलेक्टरों ने वृहत् स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $30^{0}$ |
| न्युनतम | $24^{0}$ |

**बांग्लादेश में तख्तापलट, पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी, शेख हसीना ने दिया इस्तीफा**

# देश छोड़कर भागी शेख हसीना

### पहुंची भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शेख हसीना से की मुलाकात

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में बिगड़ते हालात को देखते हुए यहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबित वह हेलीकॉप्टर से भारत के लिए रवाना हो गई। पीएम हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार शेख हसीना अपनी बहन के साथ भारत के लिए रवाना हुई। इससे पहले रॉयटर्स ने एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बहन को आधिकारिक आवास से दूर एक सुरक्षित आश्रय में ले जाया गया है। उसके थोड़ी देर बाद ही एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि पीएम हसीना भारत के लिए रवाना हो गई।वह शाम में भारत पहुंची। जानकारी के मुताबिक भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शेख हसीना से गाजियाबाद एयरपोर्ट पर मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शेख हसीना के आने से पहले ही एयरपोर्ट पर आ गए थे। वे लगभग दो घंटे एयरफोर्स स्टेशन पर रहे। उन्होंने एयरबेस पर शेख हसीना को रिसीव किया।

### हिंसा भड़कने से 300 लोगों की मौत, पूरे देश में लगा कर्फ्यू

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारी आज देशव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए ढाका तक लांग मार्च का आयोजन कर रहे हैं।



### सेना प्रमुख ने किया देश को संबोधित

बांग्लादेश के हालात बद से बदतर हो गए हैं। यहां के प्रधानमंत्री आवास में प्रदर्शनकारी घुस गए हैं। वहीं, देश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन करेंगे। देश में जल्द सबकुछ सही हो जाएगा।

### शेख हसीना के कमरे से उनकी साड़ी तक लूट ले गए प्रदर्शनकारी

**ढाका :** हिंसा के बीच प्रदर्शनकारी, प्रधानमंत्री आवास में भी घुसे और वहां जमकर तोड़फोड़ और लूट की। प्रदर्शनकारी, शेख हसीना के कमरे से उनकी साड़ी तक लूट ले गए। प्रदर्शन को देखते हुए और सुरक्षा कारणों से हसीना ने बांग्लादेश छोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के कमरे को भी नहीं बख्शा और वहां भी लूटपाट की। जिसे जो सामान मिला, वह उसे उठाकर चल दिया। इस लूटपाट से जुड़े तमाम वीडियोज भी सामने आए हैं।

**प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं**

### क्या है मामला ?

बता दें कि बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुई हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गई हैं।

### सीएम ने मेडिकल कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति पोर्टल को किया लांच

## स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उठाए जा रहे हैं समुचित कदम : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों, पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने करने के लिए ÷उपस्थिति पोर्टल÷ का आज शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा झारखंड राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

इस सिलसिले में स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को रखरखाव, मरम्मत, चिकित्सा संसाधन, जांच सुविधा और दवाइयां की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर जांच और चिकित्सा सुविधा मिले, इसे स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों को 24म7 ऑपरेशनल बनाने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह मौजूद थे।




### डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन करने के प्रस्ताव पर सीएम ने दी सहमति

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है, ताकि इसे अग्रतर कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार को प्रेषित किया जा सके।

### आजीवन सजा काट रहे 39 कैदी होंगे रिहा



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के कारामुक्ति हेतु अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श एवं समीक्षा के उपरान्त 39 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर अपनी स्वीकृति दी। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर बिंदुवार विचार-विमर्श करने के पश्चात 39 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।

## पेरिस में दो पदक जीतने वाली मनु समापन समारोह में होंगी ध्वजवाहक



एजेंसी

**पेरिस :** स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने पेरिस खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का इन खेलों में पदक का खाता खुलवाया था।

इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी ने कहा,हां, मनु को ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और वह इसकी हकदार हैं। हरियाणा की 22 वर्षीय निशानेबाज ने इससे पहले कहा था कि भारत का ध्वजवाहक बनना सम्मान की बात की है। मनु के अलावा भारत को स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक दिलाया था।आईओए ने अभी तक पुरुष ध्वजवाहक की घोषणा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

## बिहार : हाजीपुर में 9 कांवड़ियों की मौत



एजेंसी

**हाजीपुर :** बिहार के वैशाली जिले में हाजीपुर-जंदाहा रोड पर रविवार की देर रात करीब 11:45 बजे म्यूजिक सिस्टम लगी (डीजे) ट्राली के बिजली के तार की चपेट में आने से 8 कांवड़ियों की मौके पर मौत हो गई जबकि, एक अन्य कांवड़िया की इलाज के दौरान मौत हो गई।

अब कुल मृतकों की संख्या 9 हो गई है। हादसे में आधा दर्जन कांवड़िए झुलसे भी हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी ली। सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। सभी पास के सुल्तानपुर गांव के रहने वाले थे।मौके पर मौजूद शिवम कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर गांव से कांवड़िये जल लेने के लिए पहलेजा घाट निकले थे। पहलेजा घाट से जल लेकर सभी को बाबा हरिहरनाथ मंदिर में सोमवार की सुबह जलाभिषेक करना था।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजे की राशि देने का आदेश सीएम ने दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुलतानपुर गांव की है।

## डेथ चैंबर बनते जा रहे हैं कोचिंग सेंटर : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राजिंदर नगर के कोचिंग के यूपीएससी के स्टूडेंट्स की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा को लेकर स्वतः संज्ञान लिया। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार व एमसीडी को शो-कॉज नोटिस भेजा है। सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थानों में हाल ही में हुई घटनाओं पर अपनी चिंता व्यक्त की। इसके बाद कोचिंग सेंटरों में सेफ्टी को लेकर सरकार को नोटिस भेजा।हाल ही हुए हादसे के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानदंडों से संबंधित मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोचिंग सेंटर बच्चों के जिंदगी से खेल रहे हैं। कोचिंग सेंटर डेथ चैंबर बन गए हैं।नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटरों मे क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए है? मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले मे कोर्ट की सहायता करने को कहा है।बीते 27 जुलाई को दिल्ली के राजिंदर नगर के एक कोचिंग में जलजमाव की वजह से 3 यूपीएससी छात्रों की मौत हो गई थी। जिसके बाद एमसीडी ने कार्रवाई करते हुए करीबन 21 कोचिंग संस्थान सील कर दिए हैं। साथ ही कोचिंग संचालक समेत 5 लोगों पर कार्रवाई भी की थी। जिसको लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद भी छात्रों को गुस्सा शांत नहीं हुआ है।

## लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के 23 व सीआरपीएफ के 14 जवान हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए वी होमकर द्वारा लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखण्ड में 5 बजे शाम के बाद चुनाव की परिकल्पना को इस बार दिन भर मतदान से पूरा करने का काम प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस और सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयासों से ही हो सका। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर बाहर से आए पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया था जिससे उन्हें अपने कर्तव्य पर परेशानी न हो। लोकसभा चुनाव में पूर्व से योजनाबद्ध होकर टीम की भावना से कार्य किया गया।श्री होमकर ने कहा कि इस बार के लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस एवं सीआरपीएफ के बीच का समन्वय बहुत ही सुदृढ़ था। पूरे निर्वाचन के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में झारखंड में कार्य कर रही टीम ने टीम भावना से काम किया है। परिणाम स्वरूप लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के अपने अनुभव साझा किए।इस अवसर पर डीआईजी धनंजय सिंह, इंद्रजीत महथा, अश्विनी कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



### रास में खनन गतिविधियों से अलग करने वाला विधेयक पेश

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार राज्यसभा में पेट्रोलियम परिचालन को खनन गतिविधियों से अलग करने वाला विधेयक पेश किया। पुरी ने आज राज्यसभा में तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 पेश किया। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य पेट्रोलियम परिचालन को खनन गतिविधियों से अलग करना, और स्थिर शर्तों पर पट्टे की पेशकश करना है।



# मिशन समृद्धि संस्था में प्रथम मेयर अरुणा शंकर एवं सदस्यों ने मिलकर मनाया सावन महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सावन का महीना हरियाली और रिमझिम फुहारों का महीना भोलेनाथ पार्वती के अराध्य का महीना, मतलब बहुत ही खुबसूरत महीना। इस महीने में महिलाऐं हरे लिवास हरी चूड़ियाँ मेंहदी लगे हाथों में बेहद खुश होती हैं। ऐसे खुशियों को मूर्त रूप देने में मिशन समृद्धि संस्था हमेशा आगे होती है। महिलाओं ने जमकर खुशियाँ मनाई। प्रथम मेयर अरुणा शंकर जी ने इस हरियाली सावन में शामिल होकर प्रोग्राम को बेहद खुबसूरत बनाया। उन्होंने महिलाओं की संस्था की जमकर तारीफ की है और बराबर ऐसे प्रोग्राम करने के लिए प्रेरित की। अधिवक्ता वीणा मिश्रा जी संस्था के हर प्रोग्राम में शामिल होकर सबों का मनोबल बढ़ाने का काम करती है। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने अरुणा शंकर जी एवं वीणा मिश्रा जी का सम्मान शॉल और बुके देकर किया। शहर के सम्मानित सभी बहनों की उपस्थिति बहुत ही गरिमामय रही। संस्था सबों का सम्मान करती है। संस्था की अहिल्या गिरि जी की अच्छी व्यवस्था रही। ऊर्जावान और सक्रिय रेडियो उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मिशन की रीढ़ हैं।कलाकार आशा शर्मा जी का बेहतरीन सजावट का लोगों ने काफी सराहा। सोशल एण्ड मोटीवेशनल ट्रस्ट की झारखंड अध्यक्ष ममता जी प्रोग्राम में शामिल हूई और अपनी ओर से दो पुरष्कार भी दी। सुधा गुप्ता एवं रुबी अग्रवाल जी को चेयर रेश में जीत के लिए पुरष्कृत किया गया। बैजन्ती गुप्ता वीणा राज शिल्पी गोस्वामी रंजीता ममता गुप्ता ब्यूटिशियन संध्या शेखर रेडियो उद्घोषिका निर्मला पाण्डेय बी एड कॉलेज प्राचार्या अनुराधा झा स्कूल प्राचार्या सीमा श्रीवास्तव अलका मिश्रा पिंकी वर्मा मधु पाण्डेय बेबी पाण्डेय श्वेता पाण्डेय अन्य बहुत सारे सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा जिसके बगैर महोत्सव मनाना असंभव था।

# चैनपुर पुलिस ने भारी संख्या में अवैध मवेशी को किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना की पुलिस ने भारी संख्या में अवैध मवेशी को जप्त किया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि 4 अगस्त को समय करीब 12.00 बजे चैनपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ पशु तस्करों द्वारा किन्नी पहाड़ के बगल से गुजरने वाले कच्चे रास्ता से भारी संख्या में गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बिक्री करने के उदेश्य से पैदल तस्करी किया जा रहा है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को देते हुए निर्देशानुसार टीम गठन कर प्राप्त सूचना के आलोक में सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु किन्नी पहाड़ के पास पहुंचे जहाँ पुलिस टीम को आते देख कर सभी पशु तस्कर पशुओं को छोड़ कर भाग गये। तत्पश्चात कुल 94 गौवंशीय पशुओं को बरामद कर विधिव जप्त करते हुये सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में 11 (ग्यारह) नामजद एवं अन्य अज्ञात गौवंशीय पशु तस्करों के विरूद्ध चैनपुर थाना काण्ड संख्या 166/2024, दिनांक 04.08.2024 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधानसभा में विधायक ने उठाई आवाज



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के हैदरनगर अंचल के परता गाम में सोलर पार्क की स्थापना अब तक नहीं होने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गत दिनों आवाज उठाने का काम किया है। सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधायक काफी गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पार्क की स्थापना हो जाने से बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध कराने के बावजूद इस कार्य में बेवजह देरी की जा रही है। विधायक श्री सिंह ने बताया कि उनके सवाल पर विभागीय मंत्री ने जवाब दिया है कि पलामू जिला के हैदरनगर के परता गांव के समीप सोलर पार्क की स्थापना हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति एवं राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव योजना प्राधिकृत समिति द्वारा पारित कर दिया गया है। शीघ्र ही मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।स्वीकृति के उपरान्त निविदा के माध्यम से सोलर पार्क की स्थापना की जाएगी। विधायक श्री सिंह ने कहा कि मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिलते ही परता के समीप सोलर पार्क की स्थापना की निविदा निकल जायेगी। उन्होंने कहा कि वह एक एक काम को लेकर गंभीरता के साथ लगे हैं। परिणाम भी क्षेत्र में दिख रहा है।

## हर मोर्चे पर विफल हो चुकी हेमंत सरकार को जनता उखाड़ फेकेगी : नरेंद्र पांडेय



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय भाजपा नेता सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। श्री पांडेय ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के राजहरा, कविलासी,लेदुका, बंदला, बसना, ब्रह्मोरियां, अमावा, सेमरी, गुरहा, मुरमा, केतात, डंडीला, गोदरमा, बरवाडीह सहित कई गांवों में जाकर लोगों से मिले.इस दौरान कई गांवों में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत भी किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। श्री पांडेय ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई.साथ हीं राज्य सरकार पर जमकर हमला भी बोला। नरेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है.राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। जिससे अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है.राज्य में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है.ऐसी निक्कमी सरकार को जानता आगामी विस चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा को अपना समर्थन देते रहने का अपील भी किया। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह सहित भाजपा के कई नेता कार्यक्रता मौजूद थे।

# साहित्य समाज का सेतु है जिसे अदबी संसार गुजरता है : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अदबी संसार एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य मुल्क की तरक्की और समाज में खुशहाली लाना है। अदबी संसार एक दूजे का मान सम्मान,नई नस्ल में प्रतिभा चिन्हित कर मंच प्रदान करता है। अदबी संसार पलामू द्वारा वार्षिक सम्मान समारोह कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन स्थानीय होटल ज्योतिलोक में किया गया जहां बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। अदबी संसार के अध्यक्ष फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किए। साथ ही अदबी संसार के स्मारिका का सामूहिक रूप से विमोचन किए। अदबी संसार द्वारा चयनित सम्मान के हकदार, समाज सेवा के लिए रतन देवी जिन्हे अली अहमद हुसैन सम्मान, साहित्य के लिए श्रीधर प्रसाद द्विवेदी जिन्हे नदीम बलखी सम्मान, गीत संगीत के लिए क्यूम रूमानी जिन्हे पंडित राजाराम मिश्र सम्मान से नवाजा गया। बारी बारी सामूहिक रूप से मोमेंटो नगद राशि फूलमाला अंगवस्त्र देकर स्वागत किए। मैं अपने संबोधन में कहा पलामू की धरती साहित्यकारो, कलमकारों, रचनाकारों गायकों से धन्य हुई है। महाश्वेता देवी, मोहम्मद रफ़ी साहब, गेहूं और गुलाब फेम रामबृक्ष बेनीपुरी, माता का आंचल फेम शिवपूजन सहाय सरीखे उम्दा साहित्यकारो का आगमन हुआ है। ज्योति प्रकाश जी के नेतृत्व में तमाम नेशनल फेम वाद्य कलाकार पलामू पधारे हैं।इसीलिए साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं सेतु भी है जिसे अदब एहतराम करने वाले शख्स गुजरते हैं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व महापौर अरुणा शंकर जी रहीं, बेहतरीन संचालन प्रगतिशील लेखक कवि शिक्षक परशुराम तिवारी जी ने किया। इस समारोह में जिन कवि शायर की गरीमामयि उपस्थिति रही वे हैं आदरणीय मीत जर्मस्तपुरी, आकाश गिरी, चंदन प्रजापति, शालिनी शहबा, मीना बंधन मौजूद थे।

# सांप के डसने से महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना अंतर्गत कधवन गांव में सोमवार को 11बजे के करीब विनय यादव के 38 वर्षीय पत्नी बसमतिया देवी को जहरीले सांप ने डस लिया तत्पश्चात परिजनों ने स्वास्थ्य उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसमतिया देवी अपने खेत में धान का बिहन डालने को लेकर जा रही थी इसी दरमियान चंद्रदेव यादव के दुकान के समीप एक बिल से निकल कर फनीका सांप ने डस लिया जीसके उपरांत उसकी मौत हो गई। उक्त मृतिका अपने पीछे पति के साथ दो पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ चल बसी है।

## विशेष शिविर का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बीडीओ सह सीओ विकास कुमार ने सोमवार को प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर, केतार और बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में मईया सम्मान योजना के तहत विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने उन्हें सर्वर स्लो रहने की बात बताइ साथ ही काफी संख्या में उत्साह पूर्वक ग्रामीण महिला फार्म भरवाने को लेकर पहुंची थी। उक्त बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा की सरकार 10 तारीख को बढ़ाकर 15 तारीख कर दीया है। इसमें सभी महिलाओं का फॉर्म आवश्यक रूप से सबमिट कर दिया जाएगा।

## जेएसएलपीएस की बहनो को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना मेरी प्राथमिकता : डॉ. मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के अपने मौर्या फार्म हॉउस में पांकी प्रखंड चार पंचायत केकरगढ़, केल्हवा, तेतराई और हुरलौंग पंचायत के जेएसएलपीएस के बहनों को सिलाई मशीन और अंगवस्त्र वितरण किया। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास शाहू रहे। समाजसेवी रामदास साहू को पांकी विधायक डॉ मेहता ने अंग वस्त्र और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में पांकी विधायक डॉ. मेहता ने सम्बोधन करते हुए कहा की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना मेरी प्राथमिकता है इसलिए मैंने जेएसएलपीएस के बहनो को सिलाई मशीन वितरण कर मजबूती प्रदान करने का काम कर रहा हूँ साथ ही महिलाओं को चाहे वह जलसहिया हो या फिर सहिया सबका सम्मान करते हुए उन्हें भी अंगवस्त्र एक ही कलर का दिया जिससे हमारी बहने कही मीटिंग में जाए तो एक ड्रेस में दिखें।

# सोन नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से दो दर्जन लोग फंसे, एनडीआरएफ की टीम ने लोगों को बचाया



**इम्तेयाज@प्रभात मंत्र**

**केतार (गढ़वा) :** बीते शनिवार तक हुई तेज बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदिया उफान पर है। जिसमे गढ़वा ज़िला अंतर्गत सदा बह दो मुख्य नदी कोयल और सोन का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। इसके प्रकोप से निपटने हेतु प्रखंड से लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी सक्रिय भूमिका में है वही आपदा विभाग के टीम ने लगातार रेस्क्यू कर रही है। साथ ही नदियों से सेट निवास करने वाले लोगों को पास में न रहकर उच्च स्तर पर शरण लेने हेतु अपील किया गया है।गौरतलब हो कि जिला अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के निकट रविवार की रात्रि सोन नदी में आई बाढ़ से दो राज्यो के करीब 35 लोग फंसे हुए थे।इसमें से कुछ लोग बिहार के रोहतास जिला के थें तो कुछ लोग कांडी और केतार प्रखंड के थें।उक्त ग्रामीण टापुनुमा जगह पर रहकर खेतीबाड़ी का कार्य किया करते थे।सुचना मिलते ही गढ़वा जिला प्रशासन अलर्ट होकर निरीक्षण में जुट गई। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे,पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सहित बंशीधरनगर अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं केतार बीडीओ विकास कुमार रात्रि में ही मौजूदा स्थिती का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान प्रशासन ने एनडीआरएफ से संपर्क किया साथ ही बिहार के रोहतास जिला के प्रशासन से भी संपर्क किया गया। जिसके बाद एनडीआरएफ ने रोहतास इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सोन नदी के डीला पर फंसे दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को बाहर निकाला।सभी ग्रामीणों को रोहतास इलाके में पहुंचा दिया गया है।सोन नदी में अचानक आए उफान के कारण मेरौनी गाँव के लछु चौधरी व उनकी पत्नी लोहरगड़ा गांव के दिना चौधरी, शारदा देवी, कन्हैया चौधरी, सुरेश चौधरी व उनकी पत्नी भगमनिया देवी, कमलेश चौधरी व उनकी पत्नी सुनीता देवी, प्रभादेवी, शांति देवी, अलियार चौधरी, मंगल चौधरी व उनकी पत्नी हलकनिया देवी, लालू चौधरी, लखन चौधरी, प्रवेश चौधरी, समेत कई अन्य ग्रामीण फंसे थे। स्थानीय ग्रामीण कमलेश के अनुसार जहां ग्रामीण फंसे थे,वहां पानी लगभग घुटनों तक पहुंच गया था।ग्रामीणों की सूचना पर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कराया जिससे सभी को एनडीआरएफ की टीम द्वारा सोमवार की सुबह सुरक्षित सभी को बाहर निकाला गया है। खबर लिखे जाने तक इस घटना में किसी प्रकार की जान माल की क्षति की बात सामने नहीं आई है।

## गलेंडर मशीन की चपेट में आकर टाइल्स मिस्त्री घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के सुदना अघोर आश्रम निवासी टाइल्स मिस्त्री बीरबल राम टाइल्स लगाने के क्रम में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह बीरबल राम भट्टी मोहल्ला में एक व्यक्ति के घर टाइल्स लगा रहे थे। इसी बीच वह गलेंडर मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।उनका दाहिना हाथ का दो उंगली बुरी तरह से कटकर अलग हो गया। घटना के बाद वह दर्द से चीखने चिल्लाने लगे। इसके बाद मकान मालिक के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान बताया कि इनका उंगली का नस कट गया है। इनको सावधानी बरतने की जरूरत है। घायल का इलाज चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है। चिकित्सकों ने उन्हें अभी आराम करने की सलाह दी है।वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल बीरबल का राम का इलाज करवा रहे हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/07/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के राहे प्रखण्ड में महेशपुर पंचायत के महेशपुर गॉव से राहे प्रखण्ड मुख्यालय पथ में हाथीडुबा नदी पर पुल निर्माण। | 359.631 | 7,19,300 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 331897 Rural Development(24-25).D


## स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता : आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक श्री बाल किशुन मुंडा गढ़वा पहुंचे। उन्होंने गढ़वा समाहरणालय सभागार में जिले के 80-गढ़वा, 81-भवनाथपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अबतक किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, पुराने लेमिनेटेड/ब्लैक एंड ह्वाइट मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, मतदाता पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने आदि बिन्दुओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निदेश दिये। उन्होंने पुनरीक्षण संबंधी कार्यों में गति लाने एवं इससे संबंधित लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के निष्पादन में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए अभी से सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता है। स्वच्छ मतदाता सूची से ही मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रेस एवं मीडियाकर्मियों तथा जागरूक आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों तथा मतदाताओं के एपसेंट, सिफ्टेड एवं डेथ से संबंधित प्राप्त आवेदनों के आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन का निदेश दिया। वहीं 18 वर्ष पूर्ण हुए नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। साथ ही मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची में नाम नहीं रहने देने तथा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में रिपीटेशन रहने की दिशा में विशेष ध्यान देते हुए त्रुटिरहीत मतदाता सूची का निर्माण के दिशा में सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिया।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सर्वर नहीं रहने के कारण एंट्री करने में हो रही है परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड क्षेत्र सभी पंचायत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर लगाया जा रहा है। गत 4 दिनों से तक सर्वर डाउन रहने के वजह से लाभुकों को ऑनलाइन एंट्री कराने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आवेदन फॉर्म भरने को लेकर आवेदकों में काफी आफरा तफरी मचा हुआ है। विदित हो की धुरकी प्रखंड के रक्सी पंचायत में पिछले चार दिन में मात्र सात फार्म ही ऑनलाइन हो पाया है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण बैठा ने बताया कि आज 4 दिन से महिलाओं का भीड़ लग रही है। हमेशा शर्वर की वजह से ऑनलाइन एंट्री में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में महिलाएं फॉर्म लेकर के पुरे दिन इस आस में बैठी रहती है कि मेरा नंबर कब आएगा और फॉर्म एंट्री हो जायेगा। महिलाओं ने बताया कि हम लोग घर के पूरा काम छोड़कर के पूरे दिन पंचायत भवन सचिवालय में आकर के फॉर्म भरने के आस में बैठे रहते हैं। फिर निराश होकर के वापस घर जाना पड़ता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/08/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड़ अंतर्गत सुरसू पंचायत के महुवाबेड़ा–पुटादाग नाला पर पुल निर्माण। | 411.296 | 8,22,600 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 331891 Rural Development (24-25)_D

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएससी नियुक्ति के उर्दू पेपर 4 में पूछे गए आउट ऑफ सिलेबस सवालः अभ्यार्थी

**रांची** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग राज्य के होनहारों को अच्छी शिक्षा देने को लेकर सरकार ने बडे पैमाने पर शिक्षकों की नियक्ति की शुरुआत की थी। इस नियुक्ति का नाम सहायक आचार्य न नाम दिया गया और यह नियुक्ति लगभग 26001 पदों पर होनी है, लेकिन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग इस विवादमुक्त करने में असफल नजर आ रहा है। नियुक्ति को लेकर हुए पिछले 31 जून की उर्दू भाषा की 4वां पेपर प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को पेपर 4 के 23 भाषाओं में शामिल उर्दू के पेपर में सवाल पूरी तरह से आउट ऑफ सिलेबस सवाल था। इस मौके पर फरीदा गुलशन, अरशद हुसैन,अली रजा, हिफजूल समेत सैंकड़ो छात्र मौजूद थे।

### विधानसभा थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति का शव बरामद

**रांची** : विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय रिंग रोड के पास से सोमवार की सुबह एक व्यक्ति शव बरामद हुआ है। उसके बारे में बताया जा रहा है कि वह पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित अपने घर आश्रम में इलाज कराने आया था। इसी दौरान सोमवार को झाड़ी से उसका शव मिला। उसकी मौत कैसे हुई अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आ पायी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुबह स्थानीय लोगों ने एक शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।

# कैसे लें मुख्यमंत्री मंईया योजना का लाभ, न बैंक खाता न राशन कार्ड में नाम, महिलाएं हो रही परेशान

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया है। 6 अगस्त से सभी प्रखंडों एवं नगर निगम के वार्ड क्षेत्रों में कैंप लगाया जाएगा। जहां पर लाभुक महिलाएं 21 से 50 वर्ष तक की जाकर निशुल्क अपना आवेदन भर सकती हैं। यदि कोई राशि की मांग करते है तो उनकी शिकायत तुरंत करें। उस पर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी।



**महिलाएं हो रही है परेशानः** महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री ने महत्वाकांक्षी योजना लेकर आये हैं। लेकिन इस मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रति जहां महिलाओं में उत्साह है तो कुछ महिलाओं की परेशानियां भी बढ़ गई है । खासकर ऐसी महिलाओं की जिनका नाम या उनके परिवार के किसी सदस्य जिसकी उम्र 21 साल से ऊपर है उसका नाम राशन कार्ड में छूट गया है। कई महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने अपना राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन तो कर चुकी है , लेकिन तकनीकी कारणों से करीब पिछले एक, 6 महीने या साल भर से अपडेट नहीं किया गया है । अब ऐसी महिलाएं जिनका राशन कार्ड में नाम जुड़ा हुआ नहीं है वह, नाम जुड़वाने के लिए परेशान हो रही हैं , जो तुरंत संभव नहीं है ।

**बैंक में नहीं खुल रहा है खाता :** कुछ ऐसी भी महिलाएं हैं जिनका अपना बैंक खाता नहीं और यह जरुरी है तभी लाभूक के खाते में पैसे आयेगा। महिलाएं जब अपने नजदीकी बैंक खाता खुलवाने के लिए जा रही है, तो मायूस होकर लौट रही हैं। क्योंकि बैंक द्वारा उन्हें यह बताया जा रहा है कि पहले आधार से मोबाइल लिंक कराये। ऐसे में महिलाएं अपना मोबाइल नंबर से आधार लिंक करवाने के लिए आधार सेंटर दौड़ लगा रही है। हालांकि बैंक आफ इंडिया में खाता के साथ आधार कार्ड नंबर,मोबाइल नंबर अपने ही यहां लिंक कर रहा जिस कारण से बैंक आफ इंडिया के लाभूकों को तोड़ी राहत है।

**उपायुक्त ने कहा :** बहुत परेशान होने की आवश्यकता नहीं है , यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो निरंतर चलेगी । कभी भी आप आवेदन करेंगे तो आपको मुख्यमंत्री मंईया सम्मान राशि आपके अकाउंट में आने लगेगा। इसके लिए राशन कार्ड में नाम होना जरूरी है । बैंक अकाउंट आपका अपना होना चाहिए । यदि जहां आधार और मोबाइल का लिंक बैंक खाता से कराना है तो जिस किसी भी बैंक में यह सुविधा है वहां आप जा कर जरूर कराये।

**क्या कहते हैं उप विकास आयुक्त :** उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर सभी शहर के निगम क्षेत्र के वार्डो और प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन पर कैंप लगाया जा रहा है , ताकि महिलाओं को परेशान होने की जरूरत ना पड़े। जो डॉक्यूमेंट मांगा गया है उसे देना अनिवार्य है । अगर जिनका मोबाइल नंबर बैंक अकाउंट, आधार कार्ड से जुड़ा हुआ नहीं है वे दिसंबर तक जरुर जोड़वा ले। लेकिन जहां तक राशन कार्ड नहीं है या बैंक अकाउंट नहीं है तो ऐसे में थोड़ी समस्याएं होंगी। इसके लिए बैंक अकाउंट खुलवाना जरूरी है , राशन कार्ड में नाम भी जुड़ा होना जरूरी है।

## अगर किसी भी तरह की आपराधिक घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी थाना प्रभारी की होगी : हाई कोर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** सोमवार को रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं रांची एसएसपी चंदन सिन्हा को तलब किया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह दोनों अधिकारी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले के दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से एक अपराधी रोशन मुंडा तथा दूसरा संदीप है। कोर्ट ने डीजीपी को मृतक अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अनुसंधान जल्द पूरी कर याचिक दाखिल करने का निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि रांची के कांके थाना क्षेत्र में बीते दिनों विशेष शाखा में पदस्थापित अनुपम कच्छप की अपराधियों ने हत्या कर दी।? रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है उसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि वह राज्य के जिलों के एसपी एवं एसएसपी को दिशा निर्देश दें कि अगर उनके थाना क्षेत्र में किसी तरह की आपराधिक घटनाएं होती हैं, तो इसकी जिम्मेदारी उस थाना के थाना इंचार्ज पर होगी। कोर्ट ने रांची एसएसपी को भी राजधानी में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि आए दिन रांची में महिलाओं के गले से गहने छीन लिए जाते हैं, उनके घर के निकट से अपराधी उनके गहने छीन ले जाते हैं ऐसी घटनाओं पर अविलंब रोक लगाये।

## हॉकी झारखंड एवं झारखंड कुश्ती संघ के अधिकारी पेरिस रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 26 जुलाई से 11 अगस्त-2024 तक पेरिस में आयोजित ओलंपिक गेम्स में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ महासचिव रजनीश कुमार सोमवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से पेरिस के लिए रवाना हुए।

पेरिस में आयोजित हॉकी एवं कुश्ती खेलों में यह दर्शक के रूप मे शामिल होकर भारत के दोनों टीमों का मनोबल बढ़ाएंगे।

## निवर्तमान उप महापौर ने किया राजकीयकृत मध्य विद्यालय करम टोली का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को निवर्तमान उप महापौर संजीव विजय वर्गीय ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, करम टोली का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। पिछले दिनों स्कूल के पुराने हिस्सों को तोड़ा गया था, लेकिन उसके बाद से वहां की साफ सफाई और मरम्मति के लिए कोई कार्य नहीं किये गये। स्कूल परिसर में कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे बच्चों और शिक्षकों दोनों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। विद्यालय में लगभग 250 छात्र नामांकित हैं, जिनमें से 200 बच्चे नियमित रूप से स्कूल आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को पढ़ाने के लिए मात्र दो शिक्षक हैं, जो स्वयं भी कई अन्य जिम्मेदारियों से जूझ रहे हैं। इन परिस्थितियों में बच्चों की शिक्षा और भविष्य की दिशा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न होती है।सरकार नई योजनाएं लाने पर जोर देती है, लेकिन पुराने स्कूलों की स्थिति को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं देती। दौरे के दौरान निवर्तमान उप महापौर संजीव विजय वर्गीय ने देखा कि स्कूल में एक पुराने टॉयलेट की स्थिति बेहद खराब है। इसके साथ ही, इस क्षेत्र की सड़कों पर भी कोई शौचालय की सुविधा नहीं है।



## मुख्यमंत्री से मिलीं झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में सोमवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात कर उन्हें संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने राज्य सरकार की ओर से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन किए जाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है।

मौके पर मुख्यमंत्री से उन्होंने झारखंड राज्य में नए अनुमंडल कार्यालय की स्थापना के लिए भी अनुरोध किया है।

## बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 10 प्रतिशत बढ़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुंबई बैंक ऑफ़ इंडिया ने तिमाही1, वित्तीय वर्ष 25 के लिए अपने परिणामों की घोषणा की है। तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 10त्न की वृद्धि हुई और यह तिमाही1, वित्तीय वर्ष 24 में 1,551 करोड़ रुपये के मुकाबले तिमाही1, वित्तीय वर्ष 25 में 1,703 करोड़ रुपये रहा है। परिचालन लाभ, तिमाही1, वित्तीय वर्ष 24 में 3,752 करोड़ रुपये के मुकाबले तिमाही1, वित्तीय वर्ष 25 में 3,677 करोड़ रुपये रहा। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर शुद्ध एनपीए, जून 2023 में 8,118 करोड़ रुपये से वर्ष-दर-वर्ष 30त्न कम होकर जून 2024 में 5,702 करोड़ रुपये हो गया है। वैश्विक कारोबार जून 2023 में 12,14,808 करोड़ रुपये से 12.34 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ जून 2024 में 13,64,660 करोड़ रुपये हो गया।शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में 6 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 6,275 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 5,915 करोड़ रुपये थी। बैंक का कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 58 बीपीएस सुधरा और 30.06.23 को 15.60त्न के मुकाबले 30.06.24 को 16.18 प्रतिशत रहा।

आर.ए.एम अग्रिम, 18.78 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 2,84,646 करोड़ रुपये हो गया, जो जून 2024 में कुल अग्रिम का 56.01 प्रतिशत है। जून 2024 में खुदरा ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 20.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,15,183 करोड़ रुपये हो गया। कृषि ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 22.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एम.एस.एम.ई ऋण में 13.06त्न की वृद्धि हुई। घरेलू कासा, जून 2023 में 2,60,615 करोड़ रुपये से वर्ष-दर-वर्ष 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जून 2024 में 2,74,973 करोड़ रुपये हो गया और कासा अनुपात 42.68 प्रतिशत रहा। बैंक ने तिमाही1, वित्तीय वर्ष 25 के दौरान 3.78 लाख नए प्रधानमंत्री जन धन योजना के खाते खोले हैं। 30 जून 2024 तक बैंक की देश में शाखाओं की संख्या 5155 है।

## ई रीक्शा लूट मामले में शामिल तीन आरोपी गिफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** रविवार रात्रि सवा बारह बजे करीब गौतम कुमार, ई. रिक्शा चालक, न्यू खटंगा खेलगाँव द्वारा स्टेशन रोड से उनके ई0 रिक्शा (रजि. नं0-जेएच01 एफ एल 7900) की लूट तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा चाकू दिखाकर करने की सूचना प्राप्त हुई। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर, रांची के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर, रांची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित गति से कार्य करते हुए तीन अपराधकर्मी 1 प्रकाश रंजन, 2-किशन कुनाल सिंह, एवं 3-रितेश कुमार रजक को गिरफ्तार किया गया एवं उनके निशानदेही पर लूटी हुई ई0 रिक्शा को एफ.सी. गोदाम रोड रॉची से बरामदगी की गई है। पकड़ाये गये अपराधकर्मी रितेश रजक का आपराधिक इतिहास भी रहा है जो चोरी/छिनतई के कांड में जेल जा चुका है। गोड्डा जिला से भी एन.डी.पी.एस. के कांड में जेल जाने की बात प्रकाश में आई है।



**छापामादी दल के सदस्यः** लक्ष्मीकांत, पु.नि. सह थाना प्रभारी, चुटिया थाना रांची, शुभम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, चुटिया थाना राची, विवेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक, चुटिया थाना रांची । साथ चुटिया थाना सशस्त्र बल ।

## 21 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी जेपीएससी अध्यक्ष, नए अध्यक्ष की दौड़ में कई नाम शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अध्यक्ष नीलिमा मेरी केरकेट्टा 21 अगस्त 2024 को सेवानिवृत्त हो जायेंगी। उनके सेवानिवृत्त हो जाने के बाद यह पद रिक्त हो जायेगा इसलिए नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया ने जोर पकड़ लिया है। इस पद के लिए कई प्रमुख नामों की भी चर्चा हो रही है। इधर, सरकार को नए अध्यक्ष का नाम जल्द तय करना पड़ेगा ताकि चल रही नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़े। आने वाले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव का आचार संहिता भी लागू हो जायेगा जिसके बाद नियुक्ति एवं प्रोन्नति प्रक्रिया पर अध्यक्ष विहीन आयोग पर असर पड़ जायेगा। गौरतलब हो कि अध्यक्ष पद के इस दौड़ में पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ राजीव अरुण एक्का का नाम भी शामिल है। सरकार के करीबी होना इनकी दावेदारी को मजबूत बनाता है। अन्य नामों में अजिता भट्टाचार्य का नाम शामिल है जो वर्तमान में जेपीएससी की सदस्य और झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की पत्नी एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्राध्यापक हैं। तीसरा नाम अनीमा हांसदा का है जो वर्तमान में जेपीएससी की सदस्य एवं स्थानीय गोसनर कॉलेज की प्राध्यापक हैं और आदिवासी के संथाल समुदाय से आती हैं। इनके अतिरिक्त अन्य नाम में डॉ जमाल अहमद का नाम प्रमुखता से आगे किया जा रहा है, जो इनके निर्णय क्षमता के कारण है। डॉ अहमद वर्तमान में जेपीएससी के सदस्य हैं और संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के प्राध्यापक हैं। ऐसे में अगर इनकी नियुक्ति होती है तो अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने वाले पहले अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति होंगे। नए अध्यक्ष की नियुक्ति पर राज्य की जनता की नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है जब वोट की राजनीति को भी साधनी है।

## कैबिनेट की बैठक सात अगस्त को




**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक सात अगस्त को बुलाई गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट में कैबिनेट की बैठक होगी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

## अब 10 नहीं, 15 अगस्त तक होगा मंईयां सम्मान योजना के विशेष कैंप का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई ) की शुरुआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरुआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है तथा इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने हेतु कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और 5 दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, अपनीसुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है, इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है. राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपए मिलेगा।




## देश ही नहीं, बल्कि विदेशी मेहमानों को भी मिलेगा झारखंड का उत्पाद : सत्यानंद भोक्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अब दिल्ली में भी झारखंड के उत्पाद मिलेंगे। राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सोमवार को दिल्ली में झारखंड सरकार के उपक्रम के अंतर्गत आने वाले झारखंड सिल्क, टेक्सटाइल एंड हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) एक्सक्लूसिव शोरूम का उदघाटन किया। झारक्राफ्ट का अपने उत्पादों के लिए देश-विदेश में नाम है, जिसके सिल्क को काफी सराहा जाता है। अपने उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए आज झारक्राफ्ट ने दिल्ली के जनपथ पर स्थित कॉटेज इंडस्ट्री के परिसर में अपना एक्लूसिव शोरूम खोला है। मौके पर राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारक्राफ्ट उत्कृष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ-साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज का परिसर विख्यात परिसर है। यहां न सिर्फ देश से, बल्कि विदेश से भी ग्राहक आते हैं। हमें आशा है कि हमारे इस प्रयास से झारक्राफ्ट को नए आयाम मिलेंगे। दिल्ली में पहली बार है कि सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर में किसी अन्य ब्रांड को स्थान मिला है, जो झारखंड के लिए उपलब्धि है।सचिव उद्योग विभाग प्रवीण टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग की वृद्धि को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से झारक्राफ्ट ने ये नया कदम उठाया है। झारक्राफ्ट मेक इन इंडिया की अवधारणा के साथ हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग में गुणवत्ता और नवीनता की ओर अग्रसर है।



**ये झारखंडी उत्पाद अब मिलेंगे दिल्ली मेंः** झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री ने बताया कि झारक्राफ्ट शुद्ध ऑर्गेनिक, चमकदार तसर रेशम का उत्पादन करने वाला अग्रणी उत्पादक है। झारक्राफ्ट प्रदेश के रीलरों, सूतकातकों, बुनकरों, शिल्पियों अन्य को रोजगार मुहैया करा रहा है। यहां हमारे उत्पादों में झारखंड की पारम्परिक कला सोहराई, जादूपटिया आदि के अलग कांथा, जयपुरी और अन्य का मिश्रण उपलब्ध है। हमारे उत्पादों में झारखंड की पारम्परिक शिल्प, साडियां, डिजाइनर कुर्ती, सलवार सूट, शाल, होम डेकोरेटिव प्रोडक्ट, चादर, बैग और उत्पाद उपलब्ध हैं।

## कंप्यूटर ऑपरेटरों को वरीयता के आधार पर समायोजित करने की मांग उठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ का प्रथम राज्य सम्मेलन सभी सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ - 18.07.2024 को यूनाईटेड क्लब, हिनू, राँची में राजेश कुमार वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्घाटन अशोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव NOCGE ने किया। मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन तथा अतिथि डॉ0 मनोज कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष महासंघ, उमेश पाण्डेय, जिला मंत्री महासंघ, राँची एवं मुख्य संरक्षक साथी रूपलाल महतो के साथ-साथ 282 (दो सौ बेरासी) कम्प्यूटर ऑपरेटर ने सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए साथी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विभाग में लेखा लिपिक का सैकड़ों पद रिक्त है जिस पर कम्प्यूटर ऑपरेटर को वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाय।सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए महासंघ के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन ने कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटर, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के महत्वपूर्ण अंग है, इन्हें सरकार अनुबंध, संविदा, दैनिक मजदूरी एवं आउटसोर्स पर रख कर कार्य करा रही है, जो न्याय संगत नहीं है। नयन ने कहा कि समाज को सामाजिक सुरक्षा देने वाले खुद असुरक्षित है। सरकार से मांग की गयी कि किसी भी श्रेणी के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सामाजिक सुरक्षा के नियमित करते हुए वेतनमान एवं अन्य आवश्यक सुविधा प्रदान करते हुए पूर्ण सरकारी कर्मचारी घोषित की जाय।

# जल जंगल जमीन की रक्षा और अधिकारों के लिए होगा संघर्ष : बबलु मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के सक्रिय सदस्य बबलू सागर मुंडा एवं संचालन प्रदीप राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सरजू साव और विशिष्ट अतिथि मे बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता साहू सहित कई लोग मौजूद थे।कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर कई लोगों ने जेबीकेएसएस की सदस्यता ग्रहण




की।कार्यक्रम में मौजूद बबलू सागर मुंडा सहित अन्य अतिथियों ने सभी का माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया।कार्यक्रम मे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर घर तक जयराम महतो के विचार को पहुंचाने का संकल्प लिया गया।इसके अलावा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बबलू सागर मुंडा ने कहा कि जनता अपने हक और अधिकार से पूरी तरह से वंचित है।वर्तमान में जल जंगल जमीन की रक्षा और जनता के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत है।टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में राज्य की जनता को उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिपरवार औद्योगिक क्षेत्र है और यहां पर कोयला खनन के लिए अपनी जमीन देने वाले जमीनदाता अपने ही अधिकार से वंचित है।ग्रामीण रैयतो की भूमि अधिग्रहण के बावजुद उन्हे नौकरी, मुआवजा और रोजगार सहित बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता आज भी अपने अधिकारों से वंचित है।अपने अधिकारों से वंचित लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मे टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव में लग जाने का आह्वान किया।इस मौके पर जितेंद्र कुमार,दीपक महतो, प्रदीप कुमार,विजय महतो, जाहिद अली,श्रवण महतो, नागेश्वर राम,आनंद करमाली, संतोष राम,राजेश मुंडा,मुंशी महतो,रविंद्र साव,दिनेश महतो,अमन कुमार,गीता एक्का,किरण देवी,कृष्णा यादव,विकाश मुंडा,भोला मुंडा,सुनील मुंडा,जयपाल दास सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय खूँटी स्थित सभागार में आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा/ प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा/ के0जी0बी0भी/ मध्याह्न भोजन/ पीएम पोषण मॉनिटरिंग एवं स्टेयरिंग कमेटी से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने विद्यालयों में प्रतिदिन दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर विशेष जोर देते हुए मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन बनने वाले मध्याह्न भोजन एवं बच्चों की उपस्थिति से संबंधित एसएमएस रिपोर्ट विभाग को प्राथमिकता के आधार पर भेजने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सभी बीईओ को निरंतर अपने क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर मध्याह्न भोजन समेत अन्य व्यवस्थाओं की ससमय निगरानी करने का निर्देश दिया गया। वहीं विद्यालयों में अत्याधुनिक हाइट एवं वेट मशीन अधिष्ठापित करने को लेकर




जानकारी ली गई, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हाइट एवं वेट मशीन के अधिष्ठापन को लेकर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जल्द ही विद्यालयों में अत्याधुनिक हाइट एवं वेट मशीन का अधिष्ठापन कर लिया जाएगा, साथ हीं मशीन के संचालन को लेकर प्रशिक्षण भी दी जाएगी। विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक एवं कॉपी-किताब के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत बच्चों को उक्त सामग्रियां ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिले में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों के नामांकन एवं गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालयों में उपस्थित रहे और प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने केजीबीभी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की संख्या, पठन-पाठन एवं नामांकन प्रक्रिया एवं उपस्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव ना रहे, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं हर मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो, इसी दिशा में हम प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, एपीओ, बीईओ, जेई समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पिपरवार के बचरा उतरी पंचायत मे मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लगा शिविर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के द्वारा शुरू किए जाने वाले मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा पंचायत भवन और बचरा मिडिल स्कूल में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया।झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित इस शिविर मे पंचायत की कुल 755 महिला लाभुकों ने अपना आवेदन जमा कराया।इस संबंध में गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि इस योजना के आने से पंचायत की महिलाओं के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिल रहा है।शिविर मे काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई।शिविर को लेकर महिलाएं उत्साह के साथ कैम्प मे पहुंचकर अपना आवेदन को जमा कर रही है।उन्होंने पंचायत की सभी महिलाओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर प्रज्ञा केंद्र के संचालक धीरज कुमार महतो,आलोक कुमार, सेविका कलावती देवी,किरण देवी,शांति देवी,बाला कुमारी, ललिता देवी,उगनी देवी, अन्नपूर्णा देवी,शालिग्राम सिंह,रणजीत मिश्रा,सुमित्रा देवी,किरण देवी,रानी देवी, शहनाज खातून,सूफिया नाज,आशिया परवीन, हरजिंदर कौर,रजनी कौर सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।



# महादेव का पूजन व रुद्राभिषेक धूमधाम से किया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची में देवों के देव महादेव का पूजन रुद्राभिषेक धूमधाम से किया गया ।एक्यूप्रेशर परिषद के डॉक्टर को एक्यूप्रेशर रन एक प्रोफेसर श्री एक्यूप्रेशर गौरव 10 अगस्त 2024 को कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय मिलन समारोह में दिया जाएगा। इस उपलक्ष में देवों के देव महादेव का पूजन रुद्राभिषेक पंडित अरुण कुमार मिश्रा, प्रोफेसर लखन मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ ।

इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद के सचिव डॉक्टर मधु सुदन पांडे ने कहा कि देवों के देव महादेव की कृपा हम सभी पर ऐसे ही बरसाते रहे ।सभी भक्तजनों पर कृपा करें ताकि वह तन मन धन से स्वस्थ रहे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति कुमारी ,ललिता कुमारी, रिंकू महतो ,रामबालक सिंह ,अखिल पाठक ,सिद्धि देवी संगीता पोद्दार, पिंकी देवी, संदीप कुमार पांडे ,दीपक कुमार पांडे ,सुजीत ठाकुर ,शशि कुमार ,मुख्य जजमान राकेश सिंह एवं माधुरी पूजन के बाद महा आरती और खिचड़ी महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

## रामचरित्र मानस पाठ एवम रुद्राअभिषेक का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे कॉलोनी काली मंदिर एवम साई मंदिर समिति टाटीसिलवे के द्वारा मंदिर के पुजारी बिपिन बिहारी पांडे के सानिध्य में 08 अगस्त एवम 09 अगस्त को मंदिर प्रांगण में रामचरित्र मानस पाठ एवम रुद्रा अभिषेक का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी अशोक यादव,प्रकाश कुमार,राहुल कुमार एवम सदस्यगण लगे हुए है।

## टाटीसिलवे थाना ने जिलाबदर अपराधी को घर से पकड़ा, भेजा जेल

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे पुलिस ने थानेदार मनोज कुमार के नेतृत्व में सी सी ए कांड में जिले से निर्वासित अपराधी चिंटू बड़ाइक ऊर्फ संदीप बड़ाइक ऊर्फ छर्रा को आरा बड़काटोली में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।थानेदार ने बताया कि चिंटू बड़ाइक को 23 मई 2023 से 22 अगस्त 2024 तक उपायुक्त द्वारा अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत जिले से निर्वासित किया गया था।पुलिस ने उसे 03 अगस्त को उसके घर के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह घर आया हुआ है।चिंटू पर टाटीसिलवे थाना में नौ,नामकुम में एक, बुंडू थाना में एक मामला दर्ज है।इनमें हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट के मामले शामिल है।

## दीपक को बनाया गया रांची जिला उपाध्यक्ष

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने रांची जिला कमेटी गठन करते हुए कोयलांचल के राय पंचायत निवासी दीपक कुमार महतो को रांची जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। इस संबंध में दीपक महतो ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष ने जो जिम्मेवारी दी है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। इधर दीपक महतो को रांची जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्रीय महामंत्री विराट महतो,रांची जिला यूवा अध्यक्ष राजू महतो,बबलू सागर मुंडा,रविंद्र महतो, कृष्णा कुमार,जितेंद्र राम, कृष्ण यादव,बिजय महतो सहित कई लोगों ने दीपक महतो को बधाई दी है।

## बचरा से श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम के लिए हुए रवाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक से सोमवार की सुबह श्रद्धालु भक्तो का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुआ।इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्त बचरा चार नम्बर चौक स्थित बचरा शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर बोलबम के जयकारे के साथ बाबाधाम के लिए रवाना हुए।बाबाधाम जाने वालों में दीपक ओझा,संजय ठाकुर, पिंकू सिंह,वीरेंद्र गिरी, नारायण महतो,दीपक महतो सहित अन्य का नाम शामिल है।

# पिपरवार के शिवालयों में सावन की तीसरी सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार से सावन माह की तीसरी सोमवारी पर कोयलांचल क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारे से पूरा इलाका गूंज उठा।इधर बेंती शिव



मंदिर के प्रांगण में सावन माह के तीसरी सोमवारी पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।इस दौरान श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया।साथ ही क्षेत्र की अमन चैन और खुशहाली की प्रार्थना की।इस मौके पर मंदिर समिति के सभी लोग मौजूद थे।इधर बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में देर शाम को मंदिर समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# पिपरवार पुलिस ने समकालीन अभियान चलाकर कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर समकालीन अभियान चलाकर फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पुलिस को सफलता मिली है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में पिपरवार थाना कांड संख्या 07/23 के आरोपी नागो महतो उम्र 50 वर्ष पिता स्व0 जीतन महतो एंव उमेश



कुमार महतो उम्र 23 वर्ष पिता नागो महतो दोनो ग्राम हफुआ थाना पिपरवार जिला चतरा और पिपरवार थाना कांड संख्या 47/20 के आरोपी राजेन्द्र तिग्गा पिता एडवर्ड तिग्गा ग्राम ठेठांगी थाना पिपरवार जिला चतरा एवं पिपरवार थाना कांड संख्या 32/14 के आरोपी नारायण महतो पिता रूपन महतो ग्राम बचरा बस्ती थाना पिपरवार जिला चतरा का नाम शामिल है।थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त पिछले कई वर्षो से हर चल रहे थे।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर समकालीन अभियान चलाकर सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## तीन सूत्री मांग के विरुद्ध 2 दिनों तक काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे ऑपरेटर

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर आपरेटर संघ के द्वारा कम्प्युटर आपरेटरों के मांगों को सरकार द्वारा नहीं माने जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुये 5 और 6 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर कर कार्यालय में कार्य करने का निर्णय लिया गया है, जो संघ के द्वारा पूर्व से निर्धारित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु झारखण्ड के सभी जिलों में सामाजिक सुरक्षा के कम्प्यूटर आपरेटरों के द्वारा काला बिल्ला लगा कर दो दिनों के तक कार्य करेंगे.



**कम्प्युटर आपेटरों के मुख्य 3 सूत्री मांग निम्न प्रकार है :-**

**1.** समाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर आपरेटर के मानदेय के विसंगती को दूर करते हुये झारखण्ड राज्य में एकरूपता लायी जाए। पूर्ण बचाव के अवसर दिये जाए] कम्प्यूटर आपरेटर की छटनी पर रोक लगाई जाय।

**2.** सभी कार्यरत सामजिक सुरक्षा कम्प्यूटर आपरेटर डाटा इन्ट्री आपरेटर एवं अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद एक मुश्त वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाय तथा सामाजिक सुरक्षा के तहत अन्य सुविधा के साथ-साथ 60 वर्ष उम्र सीमा तक सेवा की गारण्टी दी जाय।

**3.** आउट सोर्स, दैनिक मजदूरी, संविदा एवं अनुबंध पर कार्यरत सभी कम्प्यूटर आपरेटर का एक साथ वरीयता सूची प्रकाशित की जाय। कार्य की महत्ता को देखते हुए आउट सोर्स पर कार्यरत कर्मी की एक समान वरीयता सूची में स्थान दिया जाय। क्स्न बीमा के दायरे में लाकर कार्यरत सभी कर्मियों को लाभ दिया जाय।

## शिव मंदिर में सिंगर पूजा का किया गया आयोजन



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन माह के तीसरी सोमवारी के अवसर पर इटकी के मुख्य शिव मंदिर में श्रृंगारी पूजा की गयी । मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। श्रृंगारी पूजा पंडित शत्रुघ्न पांडे के नेतृत्व में बबलू महतो वा पत्नी खुशबू देवी द्वारा किया गया। मौके पर मंदिर व शिवलिंग को आकर्षक ढंग से सजाया गया था । कार्यक्रम में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, दिवाकर शाही, कृष्णा राम तिवारी, पंचम महतो, अमित महतो, नितिन, अंकित, मनोज महतो, देवेंद्र महतो, नंदलाल महतो सहित अन्य शामिल थे। इधर क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव पर जल चढ़ाने का सिलसिला प्रातः से ही शुरू हो गया था। बोल बम के उदघोषों के बीच महिलाओं सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## उपायुक्त अपने माता व पिता के साथ पहुंचे आम्रेश्वर धाम

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, लोकेश मिश्रा अपने माता व पिता के साथ आम्रेश्वर धाम पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान के साथ भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर उपायुक्त ने सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान दूर दराज से श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुँचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गयी है,ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रावणी मेला सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण होगा।

# आज़ाद समाज पार्टी व भीम आर्मी ने किया राज्य व्यापी धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के द्वारा राज्य व्यापी धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें झारखंड़ सरकार द्वारा चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति के आरक्षण को खत्म किये जाने एवं 170 वन क्षेत्र पदाधिकारी की नियुक्ति पर अनुसूचित जाति को केवल एक पद दिए जाने को लेकर पूरे झारखंड प्रदेश में इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया, इस मौके पार्टी के झारखंड़ प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि झारखंड में 50 लाख से अधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या है पर फिर भी झारखंड सरकार के द्वारा इतनी बड़ी आबादी को नज़र अंदाज़ कर चौकीदार बहाली एवं वन क्षेत्र



पदाधिकारी के पद पर उनके आरक्षण को खत्म किया जाना निंदनीय है, इस प्रतीत होता है कि झारखंड की वर्तमान सरकार दलितों के प्रति संवेदनशील नहीं है, झारखंड अलग राज्य बने 24 साल हो गए पर यहां के 50 लाख से अधिक दलित वर्ग की स्थिति जस की तस है, झारखंड के विधानसभा में 09 अनुसूचित जाति के आरक्षित सीटों से जीत कर जाने वाले विधायक भी समाज के मुद्दो पर लड़ना तो दूर बोलते तक नही है, आज़ाद समाज पार्टी अनुसूचित जाति के हर मुद्दों को लेकर सड़क पर संघर्ष कर रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में आज़ाद समाज पार्टी इस लड़ाई को सदन में भी लड़ती हुई दिखेगी, काशिफ़ रज़ा ने आगे बताया कि झारखंड के अनुसूचित जाति का आज़ाद समाज पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है और इसका असर आगामी विधानसभा में देखने को मिलेगा।

# बच्चों के बीच खिजरी विधायक ने बांटा साईकिल

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राकृत उच्च विद्यालय नवागढ में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार के उन्नति का पहिया कार्यक्रम अन्तर्गत नवागढ के आठवीं कक्षा के 77 बच्चों के बीचआज सोमवार के दिन साईकिल का वितरण किये। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत सह विद्यालय का परिचय विद्यालय के प्रधनाचार्य हरेकृष्ण चौधरी ने दिया। उन्होंने ने विद्यालय के परिचय में कहा कि इस विद्यालय का स्थापना के 102 वर्ष बाद 2024 जनवरी को इस विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया। इसका इसका श्रेय विधायक को भी जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुह ने विधायक से विद्यालय परिसर में इस विद्यालय को संचालन करने हेतु जमीन दान देने वाले शिक्षा प्रेमी सह मानकी लालामोहन शाही का स्टेच्यु लगाने, विद्यालय का कमरा निर्माण एवं वॉण्डरी वाल निमार्ण कराने की माग रखी। विद्यालय राजेश कच्छप ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर सब कुछ ठिक ठाक रहा तो एक साल के अन्दर- अन्दर आप सबों का मांग पूरी हो जाएगी। और जहाँ तक स्टेच्यू लगाने की बात है तो इसे अवश्य लगाया जाऐगा ताकी इन्होंने दो उदार ह्रदय की मिशल पेस की है इसे आनेवाले पीढ़ी को समाज के प्रति सकारात्मक सोच रखने का शिक्षा मिलेगा। मौके पर जमीन दाता लाल मोहन शाही के वंशज मानकी कमख्यानरायण शाही,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, जिला परिषद पश्चिमी अनुराधा मुण्डा, प्रमुख अनगड़ा दीपा उराँव, मुखिया नवागढ भुवनेशवर बेदिया पंसस फाल्गुनी शाही, शिक्षक शैलेश सिंह, दीपक मुण्डा, कैलाश शाही, भरत पांडेय, दिलीप मिर्धा, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, नरेन्द्र नाथ बेदिया अजय तिर्की शिवदास गोस्वामी अजय आर्य आदि उपस्थित थे ।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 650 बेड का अस्पताल बनकर तैयार, ओपीडी में होगा मुफ्त इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हान के लोगों का ओपीडी में मुफ्त इलाज हो सकेगा और किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर अन्य अस्पतालों से करीब आधी फीस पर इलाज हो सकेगा। यह घोषणा नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन एमएम सिंह ने की। सोमवार को सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर अस्पताल के इमरजेंसी सेवा का उद्घाटन किया गया।

एमएम सिंह ने कोल्हान की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि कोविड के दौरान लोगों की पीड़ा को महसूस करने के बाद उन्होंने पहले बिहार में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की। उसके बाद झारखंड के आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की शुरुआत की है।



**इलाज के लिए वेल्लोर या कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं : एमएम सिंह**

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फिलहाल 650 बेड की क्षमता है। साथ ही कुल 55 बेड का आइसीयू है। 22 बेड का सीसीयू भी है। इसके साथ ही मेडिकल क्षेत्र की सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल को तैयार किया गया है। एमएम सिंह ने सोमवार को अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जमशेदपुर से ट्रेन भर-भर के मरीज वेल्लोर, दिल्ली या फिर अन्य शहरों में जाते हैं। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से यह प्रयास किया गया है कि कोल्हान के लोगों का यहीं बेहतरीन इलाज हो सके। कहा कि अस्पताल में गरीबों के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।

**2025 से 150 सीटों पर होगा एमएमबीएस का एडमिशन**

2025 से एमएमबीएस की कुल 150 सीटों पर एडमिशन हो सकेगा। इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। एनएमसी की हरी झंडी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

**200 में होगा एक्सरे तो 500 में होगा अल्ट्रा साउंड**

चेयरमैन ने बताया कि ओपीडी में सभी का इलाज निःशुल्क होगा। इसके साथ ही अगर एक्सरे होता है तो वह 200 रुपये में, अल्ट्रासाउंड 500 रुपये में जबकि अगर किसी भी प्रकार का ब्लड टेस्ट होता है तो उसमें बाजार की तुलना में 25 फीसदी की रियायत दी जाएगी।

## फॉर्म के लिए पैसे मांगे जाने पर करें शिकायत, तत्काल होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**जमशेदपुर :** जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सोमवार को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के सफल क्रियान्यन एवं विशेष कैम्प के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी पंचायत एवं नगर निकायों में संचालित विशेष कैम्प में सभी वीएलई को आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। कैम्प में वीएलई की उपस्थिति को सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मॉनिटर करेंगे तथा प्रतिदिन निदेशक डीआरडीए को रिपोर्ट करेंगे। किसी भी कैम्प से वीएलई की अनुपस्थिति पर सम्बन्धित वीएलई एवं सीएससी मैनेजर की जवाबदेही तय की जाएगी।

## नीट के सफल विद्यार्थियों को डीसी एवं एसपी के हाथों किया जाएगा सम्मानित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पिछले कई वर्षों से नीट के द्वारा एमबीबीएस एंट्रेस की परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के हाथों सम्मानित किया जाता रहा है जो इस वर्ष भी 7 अगस्त को आजादनगर थाना के समीप महल इन सभागार में आयोजित समारोह के दौरान सम्मानित किया जाना है। प्रातः 11 बजे नीट 2024 में 650 से 720 अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) नगर ऋषभ गर्ग के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज पलामू के डॉक्टर मतीन अहमद खान, पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रोफेसर के द्वारा बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, विवेकानंद स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर निधि श्रीवास्त, संस्था के सचिव मुख्तार अलम खान और मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने उपयुक्त अनन्य मित्तल और पुलिस अधीक्ष नगर ऋषभ गर्ग को कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। अगर और भी सफल छात्र-छात्राएं जिनके अंक 650 से अधिक हैं और वह भी इस कायक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं तो इस नंबर 9204384906, 9431184152 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पोटका में चुनावी चर्चा शुरू, भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार ने टटोली जनता की नब्ज व सुनीं समस्याएं



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पोटका में चाय की चुस्की के साथ चुनावी चर्चा का शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार सह पोटका से भाजपा के प्रबल दावेदार उपेंद्र नाथ सरदार ने जनता की नब्ज टटोलने सुबह हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच चाय पर आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की। इस दौरान मौजूदा स्थानीय समस्याओं व क्षेत्र में विकास को लेकर लोगों के विचार जानें। मौके पर उनके साथ भाजपा नेता सरोज कुमार मिश्रा, तरुण प्रमाणिक, अजय सिंह व विशाल गुप्ता आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस नेता भास्कर मुखी ने बोड़ाम क्षेत्र में चलाया जनजागरण अभियान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेबीकेएसएस नेता भास्कर मुखी ने सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनजागरण अभियान चलाया और 8 अगस्त को पटमदा के काटिन बाजार में आयोजित टाईगर जयराम महतो की सभा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुखी ने बताया कि दौरे के क्रम में भूला मोड़ पर बुजुर्गों के बीच आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए टाईगार जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जेबीकेएसएस का समर्थन करने की अपील की। इसके पहले मुखी ने वीर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस पर काटिन में आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि सह बदलाव संकल्प महासभा स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर प्रदीप प्रमाणिक, नरेश मुखी व महावीर मुखी आदि उपस्थित थे।

## गेहूं लदा अनियंत्रित ट्रेलर सड़क पर पलटा, चालक का टूटा पैर



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली- रांगामाटी मुख्य सड़क पर दुबराजपुर में तीखा मोड़ के पास सोमवार को एक गेहूं लदा ट्रेलर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी इतनी तेजी से सिल्ली से रागांमाटी की ओर जा रहा था कि बीच में तीखा मोड़ पहुंचते ही चालक ने गाड़ी से अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी पलट गया। ट्रेलर में गेहूं लदा हुआ था। गेंहू के बोरे पानी भरे हुए खेत एवं सड़क में गिरने से लाखों का नुक़सान हुआ। सूचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व ट्रैलर को जब्त कर लिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि इस दुघर्टना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है एवं उसका एक पैर टूटा है । उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चालक को टीकर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक का नाम मनोज कुमार बताया जा रहा है जो पंजाब के सांगरुर का निवासी है। ट्रेलर के पलटने से सड़क और खेत में गेहूं बिखर गया जिससे लाखों की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

## समाजसेवी अल्पना भट्टाचार्य ने स्कूल के विकास को दान में दी 15 हजार का चेक



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनारी निवासी समाजसेवी अल्पना भट्टाचार्य ने सोमवार को प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा को 15 हजार रुपए की दान दी। उक्त राशि का उपयोग छात्राओं के लिए एक पैड बर्नर खरीदने के लिए किया जाएगा। गौरतलब हो कि इस विद्यालय में लगभग 2 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिसमें 1200 से ज्यादा छात्राएं है। माहवारी के समय पैड को डिस्पोज करना एक बड़ी समस्या है। उक्त समस्या के निदान हेतु अल्पना भट्टाचार्य ने निजी स्तर से विद्यालय प्रधान को 15 हजार का चेक सौंपा। विद्यालय परिवेश एवं परिवार को देखकर उन्होंने इस विद्यालय में संगीत एवं आत्मरक्षा का शिक्षक अन्वेषा संस्था से करवाने का वादा किया।

## शिक्षक संघ ने किया नए जिला शिक्षा अधीक्षक का स्वागत, दी बधाई

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कौशिक गांगुली एवं जिला सचिव मंगल सिंह बेसरा के नेतृत्व में सरायकेला जिला इकाई के द्वारा नए जिला शिक्षा अधीक्षक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने नए जिला शिक्षा अधीक्षक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को तनावरहित, बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया। जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर कार्य करेंगे और शिक्षक जो शिक्षा के मूल आधार है उनकी समस्याओं को निराकरण करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयोजक ब्रजमोहन यादव, जिला कोषाध्यक्ष विराज मय मंडल एवं पंचू मार्डी , आईटी सेल प्रभारी दल गोविंद नायक, राज नगर प्रखंड अध्यक्ष विकास मुंडा, महिला कोषांग से पार्वती हेस्सा, मुगली सोरेन और शिखा हेंब्रम शामिल थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कैंप में महिलाओं का हंगामा, भारी नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पोर्टल में अब तक सुधार नहीं होने से सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में आयोजित कैंपों में महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल सीमा से सटे ओड़िया पंचायत में सैकड़ों महिलाओं ने खूब हंगामा किया। महिलाओं के आक्रोश का शिकार डाटा एंट्री ऑपरेटर बन रहे हैं। ओड़िया पंचायत के निवासी मधुसूदन ने बताया कि शनिवार को यहां 5 और रविवार को सिर्फ 1 ही ऑनलाइन आवेदन भरा गया है और आज सुबह से दोपहर साढ़े 12 बजे तक एक भी काम नहीं हुआ है जबकि यहां 4 ऑपरेटर सिस्टम लेकर बैठे हुए हैं। इसी तरह का हाल सभी पंचायतों में है। लोगों का कहना है कि बिना तैयारी के ही इस योजना का शुभारंभ नहीं किया जाना था क्योंकि खेती के इस मौसम में लोगों का कीमती वक्त बर्बाद हो रहा है। सावन का महीना ऐसा होता है कि किसान परिवार से जुड़े लोग अन्य सभी कामों को छोड़ सिर्फ और सिर्फ खेती का ही काम करते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अधिकारियों की लापरवाही के कारण कहीं महंगा न पड़ जाए। भले ही 1000 रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि की योजना लागू करके सरकार इसका फायदा चुनाव में उठाने का मन बनाई हो मगर जल्द से जल्द पोर्टल में सुधार या सर्वर काम नहीं किया तो लोगों के बीच नेगेटिव मैसेज चला जाएगा। रविवार की देर रात से सोमवार की दोपहर तक पटमदा पंचायत मंडप में अपनी बारी के इंतजार में बैठी कुछ महिलाएं आपस में चर्चा कर रही थी कि शायद सरकार के खजाने में उतनी राशि है ही नहीं। इसलिए नेट काम नहीं करने का बहाना बनाया जा रहा है ताकि कम से कम योग्य महिलाओं का आवेदन भरा जा सके।

## रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट का 30 हजार पेड़ लगाने का संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने जमशेदपुर के प्रसिद्ध बेल्डीह गोल्फ कोर्स में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाने वाले रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने इस वर्ष लगभग 30 हजार पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। बेल्डीह गोल्फ कोर्स में वृक्षारोपण की पहल शहर की हरियाली बढ़ाने के क्लब के व्यापक मिशन का हिस्सा है। क्लीन सिटी ग्रीन सिटी के रूप में मशहूर जमशेदपुर में हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हो रहे हैं, जिसमें रोटरी क्लब इन प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। आज एक सागवान का पेड़ लगाया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति क्लब के समर्पण का प्रतीक है। बेलडीह क्लब गोल्फ कोर्स का चयन इसलिए किया गया कि यह शहर के बीचो-बीच है और यहां जितने भी रोटेरियन है वह हमेशा आते-जाते रहते हैं। मौके पर रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अमित मुखर्जी, सचिव दीप्ति सिंह, डॉ. रवींद्र कुमार, एन.के. अग्रवाल, कमलेश तिवारी, अमिताभ बख्शी, आलोक सरकार, सुजाता सचदेव, राजेंद्र सचदेव, अनिल ढांढानिया, राधिका ढांढानिया, कमलेंदु शुक्ला, अल्पना शुक्ला, बी.के. वडेरा, एस.डी. प्रसाद और एम.के. झा शामिल थे।

## अन्वेषा संस्था ने डिग्री कॉलेज की एक छात्रा के पहले सेमेस्टर की जमा की पूरी फीस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** अन्वेषा संस्था, सोनारी की अल्पना भट्टाचार्य ने सोमवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के बांग्ला ऑनर्स की छात्रा अंजना महतो की एक सेमेस्टर की पूरी फीस देकर सहयोग की और उन्होंने आगे भी उस छात्रा को सहयोग करने का आश्वासन दिया। सहयोग करने लिए छात्रा अंजना महतो ने अल्पना भट्टाचार्य को आभार प्रकट की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, डॉ. गीता चक्रवर्ती, विश्वनाथ महतो, विश्वजीत महतो व श्रीकान्त माझी आदि उपस्थित थे।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम में पत्नी सुधा संग शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सोमवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में सावन की तीसरी सोमवारी के उपलक्ष्य में आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी पत्नी सुधा गुप्ता के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मौके पर मंत्री ने कहा ÷भगवान भोलेनाथ हर कष्ट को हरते हैं और सबकी मनोकामना पूरी करते हैं, तभी तो वे देवों के देव कहलाते हैं। सावन मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है और यह हमें अध्यात्मिकता और आस्था की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने झारखंड के सभी लोगों से इस पावन महीने में अधिक से अधिक पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यों में भाग लेने का आग्रह किया। इस दौरान टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, जम्मी भास्कर, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष एसएन सिंह, मनोज कुमार सिंह, आरआर दुबे, संजीव रंजन, अली रजा खान, प्रकाश वर्मा, वरुण कुमार व दीपक दस आदि शामिल थे।

## श्री विद्या परिवार संस्था ने तीसरी सोमवारी पर भोलेनाथ की पूजा- अर्चना के साथ ही किया महाप्रसाद का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** श्री विद्या परिवार एक पूर्ण आध्यात्मिक संस्था है। अपनी स्थापना से ही यह संस्था विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती आई है। श्री विद्या परिवार प्रति वर्ष सावन की प्रत्येक सोमवारी को विभिन्न शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित करता है। संस्था के सदस्यों द्वारा सावन की तीसरी सोमवारी के मौके पर न्यू रानीकुदर, कदमा शिव मंदिर में शिव महाप्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शिव महाप्रसाद ग्रहण किया। इस शिव कार्य में संस्था के हरविंदर सिंह, प्रभु दयाल मुंडा कुणाल कुमार गुप्ता, गुरप्रीत सिंह, अनीता सांबरे, अखिलेश कुमार ठाकुर और श्री विद्या परिवार के वाइस प्रेसिडेंट असमा पूर्ति उपस्थित थे। इन सभी के सहयोग से शिव महाप्रसाद का वितरण किया गया तथा सावन की चौथी सोमवारी पर आदित्यपुर के इंडस्ट्रियल टाउन स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा तथा जलाभिषेक किया जाएगा। पूजा अर्चना के दौरान संस्था से जुड़े शिवभक्तों ने राज्य तथा देश की समृद्धि तथा उन्नति एवं विश्व शांति के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की।

## अनूसूचित जाति समाज को नियुक्तियों में मिले आरक्षण रोस्टर के आधार पर सीटें : काशिफ रजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सोमवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के द्वारा राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। जमशेदपुर स्थित जिला मुख्यालय में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि राज्य में 50 लाख से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी है पर फिर भी राज्य सरकार के द्वारा इतनी बड़ी आबादी को नजर अंदाज करते हुए चौकीदार बहाली एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर उनके आरक्षण को खत्म किया जाना निंदनीय है। झारखंड के विधानसभा में 9 अनुसूचित जाति के आरक्षित सीटों से जीत कर जाने वाले विधायक भी समाज के मुद्दों पर लड़ना तो दूर बोलते तक नहीं हैं। आजाद समाज पार्टी अनुसूचित जाति के हर मुद्दों को लेकर सड़क पर संघर्ष कर रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी इस लड़ाई को सदन में भी लड़ती हुई दिखेगी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में गणेश राम, सुरजीत सिंह, मज़हर खान, शाहिद रज़ा, जिब्रान आज़ाद, शमीम अकरम, अंसार हुसैन, सुरेश राम, सोनी कौर और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टांगराईन स्कूल में 5 दिवसीय संथाली वाद्य यंत्र एवं नृत्य संगीत प्रशिक्षण का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन में टाटा स्टील फाउंडेशन एवं आदिवासी रोमोज अखड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय संथाली पारंपरिक वाद्ययंत्र एवं नृत्य संगीत कार्यशाला (1 से 5 अगस्त तक) सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा ढोंग, लंगड़े नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के 50 संथाली छात्रों ने वाद्ययंत्र बजाना, नृत्य एवं संगीत काशके बेसिक चीजों को सीखा। समापन समारोह पर टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी बाबूलाल गोईपाई , विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद तिवारी, शिक्षक उज्ज्वल मंडल, समाजसेवी शंकर हेंब्रम व गांव के सम्मानित लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रही आदिवासी पारंपरिक नृत्य, संगीत को संरक्षण देना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति को सीखा कर आगे की ओर लेकर जाना है। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में नूनाराम मुर्मू, काशीनाथ सोरेन, सवाना टुडू, डुमनी मुर्मू, निरसो टुडू, संगीता समद व श्रीमती मार्डी ने योगदान दिया।

## साईं आंचल सोसायटी के बिल्डर ने कहा - उन्हें बदनाम करने की हो रही साजिश

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया के डीवीसी मोड़ के समीप स्थित साईं अंचल सोसायटी में सुविधाओं को लेकर बीते रविवार को हुए हंगामे के बाद सोमवार को बिल्डर दीपक मंगलम ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है। उन्होंने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि साईं अंचल सोसयटी में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा एक साजिश के तहत अभियान चलाकर उनकी छवि खराब करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके ऊपर जानलेवा हमला भी किया गया था जिसको लेकर उन्होंने आदित्यपुर थाना में सोसायटी के अजय सिंह, सनोज और कुछ अन्य के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है। लेकिन जमीनदाताओं के कहने पर उन्होंने मामले को आगे नहीं बढ़ाया। उन्हीं लोगों के इशारे पर समिति के कुछ लोग उनके खिलाफ अभियान चला रहे है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सोसायटी वासियों के साथ जो भी एग्रीमेंट किए गए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। उसके लिए अपने स्तर से हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं। बिल्डर दीपक मंगलम ने बताया कि उस काम मे कहीं सरकारी अड़चन है तो कहीं कानूनी बाध्यता है। एग्रीमेंट की अवधि अभी दो वर्ष बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि समिति के लोग मेंटेनेंस भी समय पर नहीं दे रहे हैं। इसके बावजूद समिति के लोग यदि चाहें तो उनके सारे पैसे वापस कर दिए जाएंगे। मौके पर मौजूद जमीनदाताओं ने बताया कि मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। बिल्डर के साथ जो भी एग्रीमेंट किए गए हैं उसे जब तक पूरा नहीं किया जाता तब तक उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। एग्रीमेंट के तहत जो भी काम पेंडिंग बचा हुआ है उसे पूरा करने तक उनको बने रहना है। बताया गया है कि उक्त प्रोजेक्ट में कुल 38 जमीनदाता हैं। उन्होंने बताया कि बीते रविवार को सोसायटी के लोगों ने जुस्को पावर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर सिस्टम, डबल लिफ्ट सिस्टम, सिक्योरिटी सिस्टम आदि दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया था। इससे सोसायटी की छवि खराब होगी। इसलिए इस मुद्दे को आपस में ही मिल बैठकर समाधान निकाला जाएगा। वहीं, बिल्डर ने बताया कि सोसायटी वासियों की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/04/2024-25 E-tender
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के नामकुम प्रखण्ड अंतर्गत गरूड़पीड़ी से बारेडण्डा के बीच टुण्डी नदी पर पुल निर्माण। | 329.90 | 6,59,800 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 331908 Rural Development (24-25)_D

संपादकीय

## मीठी गोलियां या कड़वे घूंट

छोटे बजट की बड़ी कहानी लिखते-लिखते हिमाचल अपने ही वित्तीय ध्रुव में फंस गया है। न बही-खाते सही और न ही कमाई के स्रोत अव्वल। वह दौर बदल गया जब राज्य की मदद में केंद्र का प्रश्रय पुरस्कार था, उपहार था। अब राज्य के सारे मानक राजनीति की मुट्ठी में बंद है और नेताओं की अचकनें गर्दन में फंसी हैं। नेताओं में विजन नहीं और व्यावहारिक सियासत में राज्य के प्रति सरोकार नहीं। अहंकार में लिप्त राजनीति को केवल सत्ता सुख चाहिए और सत्ता को अपनों का मोह चाहिए। बहरहाल राजनीति और राजनीतिक संगठनों के अदब और हैं, जबकि सरकारों के पांव में उधार की मेहंदी लगाकर भी वित्तीय बाधाओं के कांटे दूर नहीं होते। बेशक इससे पहले भी सरकारों ने संसाधन बढ़ाने के लिए कुछ रास्ते चुने, कुछ बैठकें कीं और कुछ निष्कर्षों की सीमा रेखा पर हिम्मत भी दिखाई, लेकिन चुनाव के भूत ने हमेशा ऐसी मंशा को डराया-धमकाया और अंत में वही 'ढाक के तीन पात' बन कर रह गया सारा प्रयास, सारी हिम्मत। अब पुनः व्यवस्था परिवर्तन के जोरदार नारे पर आई सुक्खू सरकार, रिसोर्स मोबिलाइजेशन के मुहाने पर अपने लिए नए आर्थिक दस्तखत खोज रही है। मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में चंद्र कुमार, हर्षवर्धन, राजेश धर्माणी और योजना सलाहकार डा. बासु सूद बैठे तो दिक्कतों के नजराने पेश हुए, यानी राज्य की औकात तो अपने दम पर सरकारी कर्मचारियों को खिलाने-पिलाने की भी नहीं है, फिर भी अब तक मंत्रिमंडलीय फैसलों का यही पक्ष सब पर भारी है। आर्थिक परिदृश्य में अपनी आय को पूरी तरह निचोडक़र भी हिमाचल अगर 12629 करोड़ कमा रहा है, तो केवल कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर ही इसे 16000 करोड़ के करीब चाहिए। इस पर कई तरह के एरियर, घटती केंद्रीय रियायतें, घाटा अनुदान और बंद होते जीएसटी मुआवजे ने वित्तीय प्रबंधन के एक साथ कई तार तोड़ दिए हैं। आते ही सुक्खू सरकार ने पांच-छह सौ संस्थान डिनोटिफाई किए, तो वास्तविक हिमाचल में राहत की हवाएं चलीं, मगर जब चुनाव की घंटियां बार-बार बजीं, तो यह मुहिम थक गई। ऐसे में संसाधनों की तलाशी, उनकी खोज और वित्तीय जरूरतों का गुण-दोष तब समझ आएगा, जब मीठी गोलियों की जगह कड़वे घूंट पीने पड़ेंगे। मंत्रिमंडल की उपसमिति का गठन अगर फैसलों के इरादे में सुदृढ़ होता है, तो कोई कारण नहीं कि सबसे पहले सरकार का आकार व फिजूलखर्चियों का आधार कम किया जा सकता है। मितव्ययिता के सिद्धांत पर कभी शांता कुमार सरकार ने सरकारी आयोजनों में खानपान के नाम पर भारी-भरकम खर्चे को चाय-बिस्कुट में समेट दिया था, तो धूमल सरकार ने सरकारी वाहनों को एक दिन आराम तथा अधिकारियों को निजी वाहनों के इस्तेमाल का रास्ता दिखाया था, लेकिन सरकारों की शान निराली होती है, वीआईपी मूवमेंट में पुलिस व प्रशासनिक बंदोबस्त में सरकारी काफिलों की पेट्रोल खपत में कहां कटौती होती है। वित्तीय बाधाएं जब तक पहचानी न गईं और जब तक सरकारी ढांचे में नौकरियों का दस्तूर छल करता रहा, हम अपने ही मुहानों पर लौटकर सिर मुंडवाएंगे। प्रदेश की पहली वित्तीय बाधा सार्वजनिक क्षेत्र का आवारा, गैर जिम्मेदार व अनुशासनहीन चरित्र है। अधिकांश सार्वजनिक उपक्रम घाटे में हैं, लेकिन हम इन्हें राजनीतिक उद्देश्यों से पोषित कर रहे हैं। अनावश्यक कार्यालय और विभिन्न संस्थान कर्ज की नैया में डूब रहे हैं। सरकारों की निजी क्षेत्र से दूरी तथा योजनाओं में उसकी भागीदारी से इनकार। सरकारी कर्मचारियों पर लगाया जा रहा वित्तीय सट्टा लगातार सरकारों की कमर तोड़ रहा है, जबकि यह मान लेना चाहिए कि यह वर्ग किसी सूरत 'मिशन रिपीट' नहीं करवा सकता। सरकारों की लगातार वापसी के लिए निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश, रोजगार के अवसर, स्वरोजगार का ढांचा और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रदर्शन को सक्षम बनाने के लिए नीतियों का निर्णायक होना जरूरी है। हिमाचल को आर्थिक संसाधनों के लिए वन एवं पर्यावरण की गैर जरूरी बेडियों से लडना होगा। पर्वतीय राज्य की समृद्धि के लिए कुल जमीन का सत्तर फीसदी भाग जंगल होगा, तो हम वित्तीय क्षमता नहीं बढ़ा सकते। जमीन की केवल पचास फीसदी उपलब्धता पर ही वन होने चाहिए। इस तरह अतिरिक्त बीस फीसदी भूमि अगर उपलब्ध होती है, तो उसके ऊपर एक नया आर्थिक ढांचा, शहरी विकास, औद्योगिक विकास, नए निवेश, पर्यटन व निजी पूंजी निवेश के लिए सुनिश्चित किया जा सकता है।


बहरहाल राजनीति और राजनीतिक संगठनों के अदब और हैं, जबकि सरकारों के पांव में उधार की मेहंदी लगाकर भी वित्तीय बाधाओं के कांटे दूर नहीं होते। बेशक इससे पहले भी सरकारों ने संसाधन बढ़ाने के लिए कुछ रास्ते चुने, कुछ बैठकें कीं और कुछ निष्कर्षों की सीमा रेखा पर हिम्मत भी दिखाई, लेकिन चुनाव के भूत ने हमेशा ऐसी मंशा को डराया-धमकाया और अंत में वही 'ढाक के तीन पात' बन कर रह गया सारा प्रयास, सारी हिम्मत। अब पुन: व्यवस्था परिवर्तन के जोरदार नारे पर आई सुक्खू सरकार, रिसोर्स मोबिलाइजेशन के मुहाने पर अपने लिए नए आर्थिक दस्तखत खोज रही है।


### एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा

# रोजगार के नए अवसर और आर्थिक विकास को गति देगा आम बजट 2024

प्रहलाद सबनानी


वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7 .5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11 .11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3 .4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है।


हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना।

केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आज पूरे विश्व में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रही है।

बजट का गहराई से अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि केंद्र सरकार ने अब भारत में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने की ठान ली है। भारत के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकसित करने की दृष्टि से 2 लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाओं के एक पैकेज की घोषणा की है। शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए की राशि इस बजट में आबंटित भी कर दी गई है। प्रधानमंत्री



पैकेज के अंतर्गत EPFO के प्रथम बार सदस्य बनने पर औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों के EPFO खातों में एक माह का वेतन जमा किया जाएगा। इन कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के अंतर्गत एक माह का वेतन (15000 रुपए की अधिकतम राशि तक) तीन किश्तों में उनके खातों में जमा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक माह में एक लाख रुपए तक का वेतन पाने वाली कर्मचारी ही पात्र होंगे। इससे 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ होने की सम्भावना बजट में व्यक्त की गई है।

ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में धरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें। इन युवाओं को प्रति माह 6,000 रुपए तक का वाजीफा सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अदा किया जाएगा। वजीफे की इस राशि को कम्पनियों के लिए लागू निगमित सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत किया गया खर्च माना जाएगा। भारत की सबसे बड़ी 500 कम्पनियों को इस योजना के अंतर्गत युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा देनी होगी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा भी इन युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए अदा किए जाएंगे। यह केंद्र सरकार का एक सूझबूझ भरा निर्णय कहा जा सकता हैं। साथ ही, विनिर्माण के क्षेत्र के रोजगार के नए अवसर निर्मित करने की पहल भी की जा रही है। नए कर्मचारियों के EPFO खाते में जमा होने वाली राशि को आगामी 4 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, इससे कर्मचारी एवं नियोक्ता दोनों को ही लाभ होगा। इस योजना का लाभ 30 लाख युवाओं को होने जा रहा है। एक अन्य योजना के अंतर्गत नियोक्ता को अपने नए कर्मचारियों के EPFO खातों में जमा की जाने वाली राशि की प्रतिपूर्ति आगामी 2 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। इससे रोजगार के 50 लाख नए अवसर निर्मित होने की सम्भावना है।

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही के समय में भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धार्मिक पर्यटन को देश में बढ़ावा दिया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन से देश में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं गरीब वर्ग की आय में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्री विष्णुपाद मंदिर कोरिडोर, गया, बिहार एवं श्री महाबोधि मंदिर कोरिडोर बोधगया, बिहार को विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर कोरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार देश में अन्य मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है ताकि देश में इन मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा भारत को वैश्विक पटल पर एक बहुत बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में दिखाया जा सके।

भारत के ग्रामों में निवास कर रहे नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन करते हैं। अतः ग्रामों में ही रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास की मद पर 2.66 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली ऋण राशि की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है। यह सुविधा तरुण श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त ऋण के व्यवसाईयों को प्राप्त होगी एवं जिन्होंने पूर्व में लिए गए 10 लाख रुपए के ऋण की राशि को समय पर अदा कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए भी ऋण की सीमा को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एक करोड़ आवासों का निर्माण किया जाएगा। इन एक करोड़ आवासों पर 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का निवेश होगा, इसमें केंद्र सरकार की भागीदारी 2.2 लाख करोड़ रुपए की रहेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 करोड़ आवासों का निर्माण करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है। देश के आर्थिक चक्र को गति देने के उद्देश्य से नई कर प्रणाली के अंतर्गत वेतनभोगी/पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए सामान्य छूट की सीमा को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया गया है। साथ ही, आय कर की दरों में कुछ इस प्रकार का संशोधन किया गया है कि 15 लाख रुपए तक की कर योग्य आय वाले कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 17,500 रुपए का लाभ होगा।

दृष्टि कोण

## शिक्षा से ही टूटेगा डेरों और बाबाओं का तिलिस्म

वर्ष 1971 में मैंने पुलिस सेवा ज्वाइन ही की थी जब बतौर एसएसपी कपूरथला मेरी नियुक्ति हुई। सप्ताह के आखिर में अपने गांव आया, सोचा था सुबह देर से उठूंगा और दिनभर आराम करूंगा। लेकिन मुझे सूर्य उदय से पहले उठना पड़ा जब परिवार के पुराने नौकर ने सूचित किया कि पड़ोस के गांव से जीतू जट्ट नाम का व्यक्ति मुझसे मिलना चाहता है। मुझे याद आया कि जीतू तो वही है जो एक छोटा-मोटा भविष्यवक्ता है और अपने तीर-तुक्कों से लोगों के खोए पशु पाने में मदद किया करता है। लेकिन उस वक्त वह खुद पूरी तरह शर्मिंदा था जब बताया कि उसकी हवेली से उसके अपने बैल चोरी हो गए हैं! मैंने उसे पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने को कहा, पर उसने झिझकते हुए कहा कि यह करना उसके धंधे के लिए बुरा सिद्ध होगा क्योंकि लोग कहेंगे खुद पर पड़ी तो पुलिस की मदद लेने चला गया। खैर, उसके पशु मिल गए और उसकी 'साख' सलामत रही। आमतौर पर माना जाता है कि इस किस्म की गतिविधियां गरीब और अनपढ़ों तक सीमित होती हैं- तो यहां मुझे आपकी गलतफहमी दूर करने दें। यह बात मैं पुलिस सेवा में बहुत साल बिताने और काफी अनुभव पाने के आधार पर कह रहा हूं। यह कहानी है हमारे पूरे देश की और कैसे बहुत से भविष्य बताने वाले, शामन, बाबा और छोटे-मोटे शातिर इतने बड़े हो गए कि सत्ता का तानाबाना तक उनके हाथ में आ गया। इस सदी के शुरू में मैं दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा बल के मुखिया के तौर पर नियुक्त था। कुछ दिनों बाद एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी मुझे मिलने आए और एक तरह से मुझे आदेश दिया कि मैं उनके साथ जाने-माने बाबा के यहां चलूं। मैंने उन्हें बताया कि मैं उस 'भले मानुस' को 'अच्छी तरह' जानता हूं लिहाजा उसके पास नहीं जाऊंगा। मैंने उसका सफर तहसील स्तर से जिला स्तरीय और फिर राजधानी में राज्यस्तरीय होते देखा था, जहां उसकी छवि एक छोटे-मोटे कथित ज्योतिषी की थी, जो भोले-भाले लोगों को अपनी बातों से झूठी तसल्ली परोसता हो (अधिकांश स्थानीय लोग उसकी असलियत से वाकिफ थे और उसका ठेठ पंजाबी में एक हास्यपूर्ण सा उपनाम भी प्रचलित था)। फिर वह दिल्ली चला आया जो कि उसका मास्टर स्ट्रोक सिद्ध हुआ क्योंकि यहां आकर उसने नए रंग-ढंग के दबंग और चमत्कारी बाबा वाले अवतार में खूब चांदी काटी। मेरे पूर्व वरिष्ठ अधिकारी मेरे इंकार से कुछ मायूस हुए, फिर भी उन्होंने मुझे यह कहकर मनाने की कोशिश की कि खुद उसने मुझे साथ लाने को कहा है। परंतु मैं अपनी बात पर अड़ा रहा। किंतु इससे पहले मैं जल्दी से आपको इन बाबाओं के सत्संग के अपने निजी अनुभव बताना चाहूंगा (हमारी एजेंसियां इन सबकी खबरें लगातार देती रहती थीं)। ऐसे एक बाबा के यहां वीआईपी लोगों का तांता लगा रहता जिसमें भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी और उनकी पत्नियों, केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अन्य उच्च पदेन लोग हाजिरी भरते। वे वहां क्या करते रहते थे? कुछ महिलाएं जो वैसे तो अपनी हैसियत की वजह से नकचढ़ी रहती थीं, लेकिन डेरे में बाबा के पैर दबाती, कुछ तो उसके सिर पर चम्पी इत्यादि किया करती थीं। जो वहां देखा वो ऐसा कि उस पर यकीन करने को आंखें मलनी और खुद को चिकोटी काटनी पड़े। यह तथाकथित दैवीय पुरुष राष्ट्रीय स्तर की नीतियों– आर्थिक और राजनीतिक- तक को प्रभावित करने का दम रखते हैं। कुछेक ऐसे दैवीय पुरुष भी थे जो दिल्ली के मालिकों से कहीं ऊंचे दायरों में विचरा करते और हीरे की अंगूठियों से अटी उनकी अंगुलियां बहुत से चमत्कार दिखातीं... कुछ नाम लेकर बताऊं, तो दिमाग में धीरेंद्र ब्रह्मचारी, महेश योगी और चंद्रास्वामी कौंध रहे हैं। चलिए फिर से वर्तमान में लौटते हैं, परिदृश्य में जिधर देखो कोई न कोई डेरा और भांति-भांति के रंगों और स्वरूप वाले बाबा नजर आते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## जनसमस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** झारखंड विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद फिर से पतरातू पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए दूर दराज के लोगों को सर्वप्रथम समस्या सुनी इसके बाद सभी समस्याओं को तत्परता के साथ निराकरण करने का काम किया गया। जो समस्या दूरभाष से करने का था उसे त्वरित कार्रवाई कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिए। उचरिंगा गांव से आए हुए दर्जनों महिलाओं को समस्या सुनी जिसमें विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता है और कहा कि लोग दूर दराज से आते हैं अपनी समस्याओं को लेकर इसे मैं त्वरित कार्रवाई करने का काम करती हूं ताकि कोई भी जनता भटकने ना पाए।मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,मो हसीब,अंजन प्रसाद,योगेंद्र सिंह खरवार,रामशरण गिरी,डॉ अशोक प्रसाद,प्रदीप साव,कमलेश राम,सैकडों ग्रामीण उपस्थित हुए।



## सरकार की योजनाओं का लाभ ले बनें आत्मनिर्भर : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्ग मुर्गी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा आदि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और गरीब एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।कहा, ÷इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है और किसानों की आय में वृद्धि की जा रही है। पशुपालन से संबंधित सभी आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि किसान इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें।÷इस अवसर पर 6 लाभुकों के बीच मुर्गी चुजा का वितरण किया गया।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान तक इस योजना का लाभ पहुंचे और वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।इस योजना से जुड़े अन्य लाभों और सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग के शशि सिन्हा ने कहा, हम निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं कि पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हो और किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके। मौके पर शंकर महतो नौशाद अंसारी कुंदन कुमार संजय महतो बालकिशोर महतो व कई लोग मौजूद थे।



## सदर अस्पताल प्रखंड रामगढ़ में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए कैंप का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान मे एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में 45 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत सोमवार को सदर अस्पताल, प्रखंड रामगढ़ में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए कैंप का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया, जो डॉक्टर द्वारा जांच के लिए भेजा गया। इस कैंप में सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा नामित डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर राहुल बरेलिया,हड्डी रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, रामगढ़, डॉक्टर राजकुमार चौधरी, चि0 पदाधिकारी, गड़के, रामगढ़, डॉक्टर सूरज गुप्ता चि0 पदाधिकारी एनयुएचएम रामगढ़ एवं उपेंद्र कुमार, नेत्र पदाधिकारी, सदर अस्पताल रामगढ़, द्वारा दिव्यांगो की जांच की गई। इस कैंप में उपस्थित हॉस्पिटल स्टॉफ एवं उपस्थित पी0एल0वी0 उमेश कुमार गुप्ता, प्रमिला कुमारी, टिकेश्वर प्रसाद, मीना कुमारी, अशोक ठाकुर, रोहन लाल महतो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान ।

## भुरकुंडा पुलिस की गस्ती हुई सुस्त,चोरों का हौसला सातवें आसमान पर

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सयाल में इन दिनों चोरी कि वारदात रूकने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल भुरकुंडा पुलिस कि गस्ती इन दिनों सयाल में ना के बराबर हो रही है। गस्ती में आई सुस्ती का नतीजा है कि सोमवार को बिरसा परियोजना में कार्यरत सयाल के वन सी स्टाप कॉलोनी निवासी सुरेश साव के आवास पर दिन दहाड़े चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। वहीं इस मामले पर भुक्तभोगी सुरेश साव ने बताया कि घर को खाली पाकर दोपहर करीब 11 से 2 बजे के बीच घर में चोरो ने घटना को अंजाम दिया है। घटना वक्त घर पर कोई भी नहीं था। सुरेश साव सुबह पाली में ड्यूटी गये थे और उनकी पत्नी सोमवार को सुबह ही अपने किसी रिश्तेदार के यहां कुज्जू गई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरो ने घर में पांच ताले को तोड़कर चोरी कर ली है। सुरेश साव ने यह भी बताया कि घर कि अलमारी में रखे लगभग बीस हजार नगद और सात से आठ लाख के सोने चांदी के किमती जेवरात साथ ले गये। वहीं इस चोरी घटना के बाद लोग अनुमान लगा रहे हैं कि घर पर लगे पांच तालों को चोरों ने किसी आधुनिक इंस्ट्रूमेंट से खोला होगा। वहीं घर के आस पड़ोस में और भी क्वार्टर है। किसी को ताला तोड़ने कि आवाज तक नहीं आई। वहीं पिछ्ले महिने में ही चोरों ने सयाल आठ नंबर स्थित मध्य विद्यालय में कंप्यूटर कक्ष में अंदर गये किमती केबल काट कर चोरी कर फरार हो गए थे। इस मामले में विधालय के प्रार्चाय ने भुरकुंडा पुलिस को लिखित सूचना दी थी। पर मामला जस का तस रहा।



चोरी कि वारदात को दिखाता भुक्तभोगी

## डीएवी बरकाकाना में छात्र प्रतिनिधियों का अलंकरण समारोह आयोजित

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बरकाकाना में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हुए छात्र परिषद के चुनाव के पश्चात चुने गए छात्र प्रतिनिधियों को अलंकरण समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई बरकाकाना की प्रबंधक सरिता सिन्हा को डीएवी बरकाकाना की बच्चियों ने तिलक लगाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्मानित किया। मुख्य अतिथि को हरित पौध प्रदान कर पूरे विश्व में हरियाली फैलाने का संदेश दिया गया। बच्चियों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर नव निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्वेता यादव ने किया। पिछले सत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों ने नए चुने गए छात्र परिषद के सदस्यों को दायित्व प्रदान किया। इस अवसर पर नए चुने गए छात्र परिषद के सदस्यों का परिचय भी दिया गया।विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने छात्र परिषद के औचित्य और लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत उसके गठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अलंकरण समारोह में पूर्व प्रधान छात्रा तान्या महतो ने सृष्टि चंचल को, पूर्व छात्र किसन अग्रवाल ने आयुष कुमार को नए सत्र के लिए दायित्व प्रदान किया। द्रोन सदन की ओर से सोनम कुमारी, देवांशु गुप्ता, आराध्या वशिष्ठ, सोनाली साहू, और हर्ष रंजन ने प्रांजल भारती, दिव्या, तेजस, सिद्धार्थ बसु, और पायल कुमारी से दायित्व ग्रहण किया। अगस्त सदन की ओर से गौरव कुमार झा, सृष्टि सिंह, आदित्य शंकर, तनीषा कुमारी, और ऋषभदेव प्रसाद ने भार्गवी झा, शगुन, आदित्य, वैष्णवी वर्मा, और आफरीन से दायित्व ग्रहण किया।

## सयाल उत्तरी में कांग्रेस पंचायत कमेटी एवं बुथ कमेटी का गठन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल उत्तरी पंचायत में कांग्रेस पार्टी का पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन सोमवार को किया गया। इस दौरान इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मुख्य रूप से मौजूद रहे।इस दौरान सर्वसम्मति से अजय पासवान पंचायत अध्यक्ष, मंजू लता उपाध्यक्ष, मोहम्मद महफूज अंसारी सचिव, गुड्डू यादव को सह सचिव,अनुज कुमार कोषाध्यक्ष, तापस गांगुली मीडिया प्रभारी, जयविंद कुमार व जसीम अंसारी संरक्षक एवं कांति कुमारी महिला प्रतिनिधि चुनी गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूलमाला एवं कांग्रेस पार्टी का अंग वस्त्र प्रदान करके पार्टी में स्वागत किया गया।इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कृष्णा सिंह ने कहा कि संगठन 2029 में जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुट गई है विधायक अंबा प्रसाद को 2029 में भी तीसरी बार जीताया जाएगा। वहीं इस मौके पर कोयलांचल विधायक प्रतिनिधि अमित साव, संजय सिंह, मीना देवी व रंभा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आयोजित विशेष शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले में सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत वार्ड 11 के लिए सामुदायिक भवन अंबाकोठी और वार्ड 15 के लिए सब्जी मार्केट भवन में आयोजित विशेष शिविर का औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित आवेदिकाओं से संवाद करते हुए विधि व्यवस्था से अवगत हुई। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचने वाली आवेदिकाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों यह सुनिश्चित करने को कहा। तथा शिविर में प्रयाप्त संख्या में बैठने के लिए कुर्सी, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इस दौरान उन्होंने फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने में आ रही तकनीकी समस्या की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को सुव्यवस्थित तरीके से आवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया।झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अंतर्गत जिले की सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए आगामी 15 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविर लगाये जा रहे हैं, वहीं शहरी क्षेत्र के वार्ड में भी शिविर लगाया जा रहा। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के सफल संचालन का निर्देश दिया,

**क्या है योजना**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ?1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

**किसे मिलेगा लाभ**

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन,अंचल अधिकारी लातेहार, अरविंद देवाशीष टोप्पो उपस्थित थे।

## विवेकानन्द शिशु विद्या मन्दिर लचरागढ़ में तीसरे दिन की परीक्षा हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विवेकानन्द शिशु विद्या मन्दिर लचरागढ़ में चल रहे प्रथम सावधिक परीक्षा के तीसरे दिन दिनाँक 05/08/2024 कक्षा शिशु प्रवेश से दशम तक की परीक्षा ली गई। जिसमें कक्षा द्वितीय से पंचम तक शारीरिक वेश, षष्ठ में गणित, सप्तम में अंग्रेजी, अष्टम में विज्ञान, नवम में सामाजिक विज्ञान और दशम में हिन्दी की परीक्षा हुई। द्वितीय पाली में कक्षा प्रथम में गणित, द्वितीय में गणित, तृतीय में अंग्रेज़ी, चतुर्थ में हिन्दी, पंचम में अंग्रेज़ी की परीक्षा हुई। परीक्षा में सभी विद्यार्थी शांति पूर्ण एवं सरलता से बिना किसी शोर गुल के अपने अपने अंक पत्र में सवालों के उत्तर दिए द्य परीक्षा प्रमुख श्री बिमल टेटे के निर्देशन में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा का निरीक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू द्वारा किया गया। परीक्षा में विद्यालय के सभी भैया बहन एवम आचार्य -आचार्या उपस्थित थे।

## तीन पुरुष व एक महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना में लंबित कांडों के फरार तीन पुरुष आरोपी व एक महिला को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी द्वारी गांव के चेतलाल यादव का पुत्र मनोज कुमार यादव, मंझगांव तरी गांव के अब्दुल करीम का पुत्र महबूब आलम व सुभान मियां का पुत्र मोहम्मद शमशाद है। जबकि रोहमर गांव की एक महिला शामिल है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देशानुसार विशेष समकालीन अभियान चलाकर गिद्धौर थाना में लंबित कांडों के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलखो समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## बिजली तार के चपेट में आने से एक किसान की हुई मौत, गांव में मातम



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रह्मपुर गांव में निवास करने वाला किसान व गिद्धौर उपरटोला निवासी बिजली तार के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक किसान हुलास दांगी का 36 वर्षीय पुत्र रविंद्र दांगी है। बताया गया कि रविंद्र ब्रह्मपुर में धान रोपाई करने को लेकर मोटर से पानी चलाने के लिए गया था। इसी दौरान बिजली तार मोटर में जोड़ने के क्रम में तार के चपेट में आ गया। जिससे मौत हो गई थी। हालांकि ग्रामीणों व परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल ले के गए डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। किसान को गिद्धौर स्थित गांव लाया गया। मौत की घटना सुन घटनास्थल पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में कर अंतियपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।जहां अंतियपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया। जबकि परिजनों को रोकर बुरा हाल हो गया। घर का एकलोता कमाने वाला था। मृतिका का दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

## मिथिलेश गुप्ता बने हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के जिला संयोजक

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम की सफलता के लिए, भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता को चतरा जिला संयोजक के रूप में मनोनीत किया। जिसका पत्र झारखंड प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने जारी किया है।

## मुख्यमंत्री मंईया योजना के लिए लगाए गए शिविर का बीडीओ ने किया निरिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र मे मुख्यमंत्री मंईया योजना के तहत लगाए गए शिविर मे बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने निरिक्षण किया। उन्होने बारियातू, टोटी, गोनिया, साल्वे, बालूभाँग, सिबला, डाढ़ा व फूलसु के शिविर मे पहुँच कर मंईया योजना की लाभ हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन करने को लेकर संबंधित कर्मीयों आवेदन भरने मे सहयोग करनें का निर्देश दिया ताकि किसी भी ग्रामीण महिला को परेशानी ना हो.साथ ही कहा कि बेबसाईट की सरवर धीमी गति से चल रहा है जिसे देखते हुए सभी लाभुकों को टोकन सिस्टम से आवेदन जमा कर लें. आवेदन को अपलोड करने समय लाभुक को फोन कर बुला लें ताकि सभी लोग परेशानी से बच सके.एवं जो भी लाभुक महिला आवेदन ऑनलाइन करवाने आते हैं उनका आवेदन भरकर जमा ले लें और उनका मोबाइल नंबर भी अंकित कर लें. सरवर काम करने लगे तो नंबर सिस्टम उन्हें बुलाकर फॉर्म अपलोड करें. मंईया योजना का लाभ दिलाने और इसे और बेहतर सेवा देने के उदेश्य से बीडीओ ने बारियातू प्रखंड कार्यालय मे सभी प्रखंड कर्मी और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक की. बैठक मे कई बिन्दुओ पर भी चर्चा किया गया. मौके पर कई प्रखंड कर्मी भी उपस्थित रहे। आपको बताते चलें की तीन अगस्त से मुख्यमंत्री मंईया योजना के लिए शिविर लगाया गया है। लेकिन साईट की नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण बहुत कम मात्रा मे आवेदन अपलोड हो पाया है।

## तीन दिन पूर्व तेज बारिश से गिरा पेड़ बिजली का खंबा और तार, बिजली विभाग बेखबर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के केंदू सिमरिया मुख्य पथ स्थित सीधापतरा में पिछले तीन दिनों से एक पेड़, बिजली के खंबे और तार मुख्य सड़क पर गिर गया है। जिससे इस गांव में निवास कर रहे आदिवासी समुदाय के लोग अंधेरे में रहने को विवश है। वहीं आने जाने वाले राहगीरों के आवागमन बंद हो गया है। स्थानीय लोग बिजली के तार से हीं होकर गुजर रहे है। ग्रामीणों ने कहा इसकी सूचना हमलोगो के द्वारा बिजली विभाग और वन विभाग को दी गई लेकिन अब तक न बिजली विभाग के कोई कर्मी आकार बिजली बनाए है और ना हीं वन विभाग के द्वारा रास्ते पेड़ को हटाया गया है। जिस प्रकार से बिजली के तार गिरे हुए है उसमे अगर करंट आती होगी तो बड़ी घटना होने में कोई देर नही लगेगी। मालूम हो की सबानो गांव में बिजली के तार नीचे जमीन पर गिरा हुआ है लेकिन आज तक उसे बनाया नही गया। बिजली विभाग के लाइन मेन को सूचना देने पर उन्होंने रुपए की मांग की थी नही देने के कारण आज तक बिजली का तार सही नही हुआ। ज्ञात हो की यह एक मुख्य सडक है जो केंदू, कसारी, बीची टोंगरी लोहसिंहना आदि को जोड़ता है और तो और आज सोमवार के दिन मां भवानी के दरबार में बड़ी संख्या में लोग पूजा अर्चना करने जाते है रास्ता बंद हो जाने से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने नही जा पा रहे हैं।

## अज्ञात लुटेरों ने जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी के आवास में की चोरी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा के लातेहार स्थित किराये के घर में अज्ञात चोरों ने रविवार की रात चोरी कर ली। चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया और आलमीरा तोड़ कर आलमीरा में रखे सोने का चैन व 50 हजार रूपये कैश लेकर चंपत हो गये। श्री मिश्रा ने बताया कि वे फिलहाल छुट्टी पर हैं। घर पर कोई नहीं था।सोमवार को मकान मालिक ने सूचना दी घर के दरवाजे का हैंडल लॉक तोड़ कर अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर चोरी कर ली है।श्री मिश्रा ने बताया कि वे लौट कर इसकी सूचना थाना को देगें।बता दें कि इन दिनों लातेहार में चोरी की घटनायें काफी बढ़ गयी है। पुलिस चोरों को पकड़ने में अब तक नाकाम साबित हुई है। पिछले दिनों थाना से महज सौ-डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर अवस्थित शिवपूरी व तेली मुहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो घरों में चोरी की थी।वहीं दूसरी ओर इन दिनों शहर में गाय व बैलों की भी चोरी हो रही है। चटनाही, बाइपास रोड व धर्मपुर महुल्ले से कई लोगों के मवेशियों की चोरी कर ली गयी है।चोरों का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का किया गया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र में हेंहो मोड़ के समीप अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां लोगो को लाइट दूसरे शहरों से लेने नही जाना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि लाइट लेने के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था लेकिन अब नगर ऊंटरी में सभी तरह का लाइट उपलब्ध है। इसके लिये प्रोपराइटर बबलू खान को उन्होंने धन्यवाद दिया।झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां के लोगों को घर के होम डेकोरेट के लिये अब रांची एवं वाराणसी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। अब सभी तरह के लाइट एवं घर के होम डेकोरेट के लिये अन्य सामग्री अप्सरा होम डेकोरेट में उपलब्ध है।बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि अप्सरा होम डेकोरेट खुल जाने से यहां को लोगों को काफी सुविधा होगा। मौके पर मुक्तेश्वर पाण्डेय, अमरनाथ पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, बिरेन्द्र कमलापुरी, इंदल सिंह, बंगाली सिंह, पप्पू सिंह, आनंद प्रकाश कमलापुरी, तस्लीम खान, शमीम खान, सदर तौहीद खान, छोटेलाल सिंह, मनदीप कमलापुरी, भरत प्रसाद, मुन्ना खान, छोटन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लाइंस क्लब ऑफ यूनाइटेड के सौजन्य से दिव्यांग के बीच वैसाखी, कैलीपर, और श्रवण यंत्र का वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** लायंस क्लबऑफ चतरा यूनाइटेड के सौजन्य से गंदोरी मंदिर कैंपस में मेगा कैंप लगाकर 35 जरूरतमंद दिव्यांग लोगों के बीच वैसाखी, कैलिपर, श्रवण यंत्र और स्टिक का मुफ्त वितरण किया गया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में लायंस क्लब के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लाल गुप्ता का अहम योगदान रहा और इनका सहयोग करने में जितेंद्र जैन ,सचिव माधवी गुप्ता, आशीष कुमार, अनू ताम्बी, मनोज कुमार और मनोज गुप्ता का योगदान रहा। जितेंद्र जैन, सचिव माधवी गुप्ता, आशीष कुमार, अनू ताम्बी, मनोज कुमार और मनोज गुप्ता का योगदान रहा।

## आदिवासी मूलवासी के अस्मिता व संस्कार की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है झापा : आईरिन एक्का



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरसई :** झापा युवा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आईरिन एक्का ने सोमवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। साथ ही ग्रामीणों को सभी समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर आईरिन एक्का ने कहा कि झापा शुरु से ही आदिवासी मूलवासी के अस्मिता, संस्कार, संस्कृति, भाषा, वेश भूषा, खान-पान, नृत्य संगीत आदि की रक्षा करते आ रही है और भविष्य में भी करते रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन खुद को सरकार का अंग बताने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता समस्या को दूर करने में पुरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में रहकर विकास का काम कैसे किया जाता है यह उनके पिता एनोस एक्का ने करके दिखाया है। आईरिन जिले में लगातार आदिवासी बहन बेटियों के साथ हो रहे शोषण और अत्याचार के मामले पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को नाकाम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में बहन बेटी सुरक्षित नहीं है। ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल रहा है। आईरिन ने विस चुनाव में सहयोग की अपील की। साथ ही ग्रामीणों को झापा से जुड़ने की अपील की। साथ ही कहा कि क्षेत्र का विकास एवं ग्रामीणों को समस्याओं से छुटकारा झारखंड पार्टी ही दिला सकती है। मौके पर अमन खेस, अभय विश्वकर्मा, रवि, राजेश, पारस, धीरज, महावीर, प्रदीप, विकास, रविंद्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रक्षा बंधन व नाग पंचमी के अवसर पर शिव गुरु चर्चा का किया जाएगा आयोजन

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे नाग पंचमी व रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर शिव गुरु चर्चा व अखंड का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विसुनदेव प्रसाद साव ने बताया कि नाग पंचमी के शुभ अवसर पर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के बगल में दिनांक 09 अगस्त दिन शुक्रवार को 11 बजे पुर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक व रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर बारियातु बस्ती स्थित देवी मंडल मे दिनांक 19 अगस्त को 11 बजे पुर्वाह्नसे 03 बजे अपराह्न तक शिव चर्चा व अखंड का आयोजन किया गया है। जिसमे द्वारिका गुरु भाई, शंकर गुरु भाई, हरि भाई, सहित क्षेत्र के समस्त गुरु भाई बहन सादर आमंत्रित हैं.जो ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम मे महत्वपुर्ण भुमिका निभाएंगे।

## सर्पदंश से महिला हुई अचेत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बनवार ग्राम में सोमवार को सर्पदंश से एक महिला अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुमन देवी 20 वर्ष पति रंजीत गंझु ग्राम बनवार थाना बरियातू निवासी अपने खेतों में लगे सब्जी की को तोड़ने गई थी। इसी दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया ।जिससे महिला अचेत हो गई ।घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## चाड़रम में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

## हर हर महादेव के नारों से पूरा इलाका गूंजता रहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र अंतर्गत जाँगी पंचायत के चाड़रम गांव में सावन के तीसरी सोमवारी को लेकर गाजे- बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय शिव व हर हर महादेव के नारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। कलश यात्रा में सैकड़ों के संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा चाड़रम भगवती मंदिर से निकल कर सिमरिया- चतरा मुख्य पथ के सफी नदी घाट तक पहुंची। जहां शुभ कलश में जल भरने के बाद पुनः मंदिर के शिव प्रतिमा पर जलाभिषेक किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के तमाम सदस्य के साथ पंचायत के उपमुखिया छोटू यादव, वार्ड सदस्य पिंटू कुमार गुप्ता, आरती देवी, सोनिया देवी, समनी देवी, सहायक शिक्षक प्रदीप यादव, प्रकाश कुमार, किशोरी यादव, रूपेश कुमार यादव, मनीष कुमार यादव, रिंकू भारती, बब्लू यादव, सिंटू गुप्ता, मनोज यादव, उदय यादव, कृष्णा भारती, रौशन कुमार, आदि गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। ग्रामीणों के द्वारा बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन में भव्य कलश यात्रा निकाली जाती है। यह यात्रा में सैकड़ों सिमरिया प्रखण्ड के महिलाएं, युवती शामिल होकर बाबा भोलेनाथ प्रतिमा पर जलाभिषेक करती है जिससे उनकी हरेक मनोकामनाएं पूर्ण होती है यहां के मां भगवती मंदिर का इतिहास 1000 साल प्राचीन है। मंदिर में जो भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं उनकी हरेक मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## सब्जी फल विक्रेताओं ने मजदूर नेता राकेश सिंह को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड सब्जी फल थोक विक्रेता महासंघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रोशन नाग, संगठन सचिव मो0 दानिश, पलामू जिला अध्यक्ष इमामुद्दीन राइन, अब्दुल मन्नान, सनी चौरसिया, सफीक्, अनीश, मुस्तफा कमाल, मो0 गौस, राजेंद्र प्रसाद, शमी अख्तर, सिराज, लियाकत, शहजाद, मुन्ना, इस्लाम, बिहारी, फहीम, खलील, अल्ताफ, मोहिउद्दीन, रईस, शिवकुमार, सोनू बंगाली, मेहंदी हसन, आजाद टुन्नू, शहबान अली, पिंटू राइन, सोनू अहमद, मो0 कासिम, नसीम राइन,एकलाख राइन, मो0इरशाद उर्फ राजा, मो0 नसीम, आबिद उर्फ लड्डु, मो0सिनू, इकबाल, आरिफ अली, रियाज अली, सहित सैकड़ो सब्जी फल विक्रेता भाईयों द्वारा महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह को केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्री भारत सरकार सह लोक जनशक्ति पार्टी ( रा0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेंद्र प्रधान द्वारा लोजपा पलामू के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर आभार प्रकट करते हुए लोजपा जिला अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह का मेदिनीनगर स्थित टेंपो स्टैंड के प्रांगण में स्वागत समारोह आयोजित कर फूल गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मानित किया।मौके पर सभी विक्रेता भाइयों ने कहा कि नवनियुक्त लोजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह सदैव मजदूर किसान नौजवान, ऑटो चालक परिवहन चालक एवं अन्य वर्गो के लिए आज विगत 22 वर्षो से पलामू की धरती पर रात दिन एक करके शोषण मुक्ति अभियान चलाते हुए कानून अधिकार की हर लड़ाई निरंतर लड़ते आए हैं एवं हर संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाते हुए न्याय दिलाने का काम किया है जो किसी से छुपा हुआ नहीं है और आशा करते हैं पलामू जिला में चौमुखी विकास हेतु राकेश सिंह सदैव आगे रहेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए लोजपा पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि हमारी हर उपलब्धि पलामू के मजदूर किसान नौजवानों एवं हर वर्गो के आशीर्वाद, विश्वास तथा साथ का परिणाम है। मैं निश्चित रूप से पलामू जिला सहित सब्जी फल थोक विक्रेता भाइयों के समस्या के निदान हेतु कानून अधिकार उनके हाथों तक दिलाने हेतु जान की भी बाजी लगाकर संघर्ष करेंगे एवं अंजाम तक पहुंचाएंगे। मौके पर लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, विवेक कुमार उर्फ लड्डु, यासीन अंसारी, बिट्टू खान नागेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## प्रतिबंधित मांस को बेचते महिला गिरफ्तार, आरोपी को भेजा जेल

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अम्बाटोली की रहने वाली सलिमा बीबी पति आबिद अंसारी के घर प्रतिबंधित मांस काटकर बेचने के नियत से रखा गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने पुलिस टीम गठित कर छापामारी कर सलिमा बीबी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया ।छापामारी का नेतृत्व पुआनी रामाकान्त गुप्ता आईआरबी के जवान एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## केडी व पांडु माइंस की ट्रांसपोर्टिंग की अजब खेल की गजब कहानी, आख़िर कौन है प्रवेज नामक व्यक्ति

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरेडारी माइंस का कोयला केरेडारी चट्टी बरियातू जोरदाग पेटो होते हुवे टंडवा,एनटीपीसी बिजली पॉवर प्लांट, राजधर साइडिंग, मिश्रौल,सिमरिया,चतरा होते कटकमसाड़ी साइडिंग कोयला पहुंचाया जा रहा है। वन पर्यावरण जल वायु विभाग के अनापत्ति पत्र को नीति सिद्धान्त को देख लिया जाये तो कन्वेयर वेल्ट से कोयला को साइडिंग तक पहुंचाने की निविदा है।लेकिन कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी लिफाफा के दम पर आवाज उठाने वालें लोगों को पैक करके मुख्य सड़को पर भारी वाहनों की क्षमता को बढ़ावा देते हुवे कोल ट्रांसपोर्टिंग है जारी। ट्रांस्पोर्टर द्वारा ट्रांसपोर्टिंग के आड़ में सड़को पर ओवर लोड,हाई स्पीड,दुर्घटना,पानी की सफाई इत्यादि का बिना कोई गाइड लाइन के कोयला ढुलाई धड़ले से किया जा रहा है। कंपनियों की खुद की मार्ग नहीं होना तथा पब्लिक रूठ से कोयले की ढुलाई करना कँहा की कानून है। कंपनियों की ऊंची पहुंच की वजह से ताना शाही के दम पर कोयला ढुलाई किया जा रहा है।

## घुघलिया नदी पर बनी पुल क्षतिग्रस्त, बड़ी घटना होने की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के भराजो गांव के मथुरा नगर टोला से घुघुलिया केशड़ा होते हुए टाटीझरिया के रास्ते मे पड़नेवाले घुघलिया नदी पर टुटे पुल से अनहोनी की आशंका बनी हुई है. पुल के किनारे बने गार्डवाल क्षति ग्रस्त होकर गिर गया वही भारी वर्षा होने के कारण सड़क भी धीरे-धीरे गड्ढे में तब्दील हो गया है , जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना दुर्घटना हो सकती है. बता दे की डहरभंगा पंचायत के घुघुलिया नदी जो की मथुरा नगर भराजो से टाटीझरिया प्रखंड जाने के रास्ते में नदी पर पुल बना हुआ है जो झरपो, भराजो, गोधिया, खैरा, बेडमक्का, नारायपुर सहित कई अन्य गांवो से टाटीझरिया विद्यालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ने के लिए इसी सड़क से स्कूल बस द्वारा आते जाते है. यहां तक की प्रखंड क्षेत्र के बाज़ार जो मंगलवार को टाटीझरिया में लगता है । कई किसानो को सब्जी खरीद बिक्री को लेकर पैदल साइकिल मोटर साईकिल चार पहिया वाहनों से आवागमन करना होता है । इस सड़क का हाल बदहाल होते जा रहा है. जिसके कारण यह सड़क कभी भी बड़ी घटना को संकेत दे रही है प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि इस पूल की स्तिथि काफी भयानक है यह जर्जर स्थिति में है इसे जल्द विभाग को दुरूस्त करना चाहिए ,भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा की वर्षा के कारण सड़क किनारे मिट्टी को बहाकर ले गई है बहुत ही ज्यादा खंडर जैसा गढ्ढा बन गया है प्रखंड की बैठक में बात को रखेंगे।

## झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारियों की 9 सूत्री जायज मांग का समर्थन करता हूँ : डॉ आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हजारीबाग नया समाहरणालय के सामने ये टेंट लगाकर धरना पर बैठे हैं। इनकी अधिकांश मांग जायज है उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आर सी मेहता ने कहा। उन्होंने आगे कहा की वे सोमवार को धरना स्थल पर जाकर हड़ताल मे बैठे कर्मचारियों कि 9 सूत्री मांगों को जाना और पाया कि इनके अधिकांश मांग जायज है। सरकार इनके मांगों का अविलंब पूरा करें। इनके हड़ताल मे जाने से अनेकों विकास के कार्य रुका हुआ है। समाहरणालय कर्मचारियों के नहीं रहने से जनता का काम नहीं हो रहा है, जनहित के लिए सरकार इसको संज्ञान में लेकर वार्ता कर उनके उचित मांगों को तत्काल पूरा करें। डॉ आरसी मेहता ने आगे कहा की पहला मांग बेसिक वेतन रू1900 से 2400 कोई बड़ी मांग नहीं है ,योग्यता अनुसार पदोन्नति करना, पदोन्नति का कल 8 वर्ष से घटकर 4 वर्ष किया करना,निम्न लिपिक के स्थान पर समाहरणालय सहायक, कार्यालय अधीक्षक के स्थान पर प्रशासनीय अधिकारी इत्यादि उचित मांग है। अनुबंध कर्मियों का सेवा नियमित किया जाए। कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार पासवान ने इस संबंध मे जानकारी दी की झारखंड के मुख्यमंत्री को इसका ज्ञापन दिया जा चुका है साथ ही 7 मंत्रीयों एवं 40 विधायक को इसका ज्ञापन दिया गया है। कुछ मंत्री एवं विधायकों ने मांग के समर्थन में अनुशंसा भी किए हैं वही संघ के सचिव एस के अंबस्था ने कहा की जब तक मांग पूरा नहीं किया जाएगा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ही रहेंगे। धरना स्थल पर मुख्य रूप से राजीव रंजन सिंह, संजय कुमार पासवान, मिथिलेश कुमार दुबे, प्रदीप कुमार, अनुज पांडे मनोज बिहारी, तारकेश्वर कुमार यादव, छोटेलाल राम, रॉबिन दांगी इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।



## मनरेगा योजना को लेकर मुखिया और पंचायत सचिव का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड सभागार भवन में मनरेगा योजना संचालन को लेकर प्रथम चरण का मुखिया, पंचायत सचिव का तकनीकी विशेषज्ञ का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन उपस्थित सभी मुखिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में प्रखंड गरसुल्ला, महुगाई कला, चौपदार बलिया, आंगो, बड़कागांव पूर्वी, बादम, सिंदुआरी, सांढ, चंदौल, नयाटांड़, तलसवार, उरीमारी, सिरमा एवं हरली कुल 14 पंचायत के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षण में पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जानकारी दी जा रही है। उक्त प्रशिक्षण हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय जिला पंचायत राज शाखा का पत्रांक 410/24, दिनांक 31/ 7/ 2024 के निर्देशन में बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के पत्रांक 1333/24 ,1 अगस्त के आलोक में की जा रही है। प्रशिक्षण का देखरेख प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार एवं प्रशिक्षक मुखिया अनिकेत नायक हैं। प्रथम दिन के प्रशिक्षण में चौपदारबलिया के मुखिया पूजा कुमारी, आँगो के नीलम मिंज, हरली के कविता देवी, सिंदूआरी के उप मुखिया भाग्यवती देवी, सांढ, चंदौल, तलसवार के मुखिया के अलावा पंचायत सचिव रंजू कुमारी, संगम कुमारी, गोपाल कुमार, धीरज कुमार सिंह, जगन्नाथ सिंह यादव, मुकेश कुमार, अलका कुमारी, जयप्रकाश पांडेय, स्वाति कुमारी आदि उपस्थित थे।

## दारू में तीसरे दिन भी मंईयां सम्मान योजना का सर्वर रहा डाउन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सामान्य योजना का ऑनलाइन फॉर्म भरने को लेकर सभी पंचायत भवनों में लगा शिविर शनिवार रविवार और सोमवार को तीनो दिन 9:00 बजे से महिलाएं अपने- अपने फार्म भरने के लिए अपने-अपने पंचायत भवन पहुंचने लगी एवं सभी प्रज्ञा केंद्र के संचालक जब लिंक खोलने लगे तो लिंक नहीं खुल रहा था महिलाएं तीसरे दिन सोमवार को भी का इंतजार करती रही, लेकिन लिंक चालू लिंक चालू होने का इंतजार कर भरे बगैर वापस लौट आई सभी लाभार्थियों नाखुश नजर आ रही थी।

## महादेव की कृपा हम सबों पर सदैव बनी रहे यही कामना है : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद उत्तरी शिवपुरी स्थित कृष्णा नगर मे आयोजित विशाल कलश यात्रा मे शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देवाधि देव महादेव की कृपा हम सब पर बनी रही यही कामना करता हूं। श्रावण मास के तृतीय सोमवार के पावन अवसर पर कृष्णा नगर, शिवपुरी से बुढ़वा महादेव तक जल लेकर हजारों लोगों के नें देवाधिदेव महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। स्थानीय लोगों द्वारा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।श्री प्रसाद नें आयोजक मंडली के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होने कहा कि इस पुनीत यात्रा में मातृशक्ति की भागीदारी ने मन को अनंत भक्तिभाव से भर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप सें कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी, गोदोखर मुखिया नारायण साव , भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, मनीष ठाकुर, सुनील सिंह, दीपक बर्णवाल, अखिलेश कुमार सिंह, राजू जायसवाल, हर्ष कुमार, पवन वर्मा, रविंद्र कुमार, कैलाश राम, सीताराम सिंह, अजय साव, मुंद्रिका देवी, राजेश जयसवाल, मुकेश सोनी, धीरज ठाकुर, मनोज ठाकुर, गोविंद साहू, राजेंद्र साहू, रणबीर कुमार, धर्मेंद्र मांझी, सागर वर्मा, राजा चौधरी, पिंटू वर्मा आदि सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

## हजारीबाग में ज़ोर शोर से चल रहा है मईयां सम्मान योजना का पंजीकरण

▶ **वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने नगर निगम में लगे शिविरों का किया निरीक्षण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में आयोजित मईयां सम्मान योजना के विभिन्न पंजीकरण शिविरों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दौरा किया और वहां उपस्थित माताओं एवं बहनों से मुलाकात की। मुन्ना सिंह ने प्रांतीयकृत पशु चिकित्सालय, वार्ड विकास केंद्र मांडईकलां (वार्ड नं 1), वार्ड विकास केंद्र दीपू गढ़ा (वार्ड नंबर 5), राष्ट्रीय हिंदी प्राथमिक विद्यालय मटवारी, राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय कोर्रा, हुड़हुदू (वार्ड न0 34, 35, 36), हेमन्टल स्कूल (वार्ड न0 13, 15, 16) तथा अन्नदा शिशु विद्यालय में आयोजित पंजीकरण शिविरों का जायज़ा लिया।

मुन्ना सिंह ने पंजीकरण शिविरों में उपस्थित आंगनवाड़ी सेविकाओं और पंजीकरण के लिए आई माताओं एवं बहनों से मिलकर उनसे चर्चा की, और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शिविरों में पानी और बिस्किट की व्यवस्था भी करवाई।

मुन्ना सिंह ने कहा, हमारी सरकार और कांग्रेस पार्टी माताओं और बहनों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है। मईयां सम्मान योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हम सुनिश्चित करेंगे कि इसका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

इस अवसर पर कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे, जिन्होंने शिविरों के सफल आयोजन में योगदान दिया।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया पोस्ट ऑफिस का भ्रमण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शहर के डाकघर का रोमांचक भ्रमण किया। इस अवसर पर मुख्य डाकिया, दीपतेश आनंद, ने बच्चों का स्वागत किया,और उन्हें डाकघर के विभिन्न कार्यों और प्रक्रियाओं से परिचित कराया। उन्होंने बच्चों को पोस्ट ऑफिस के संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी से मिलवाया, जिन्होंने अपने कार्यों को बड़े ही उत्साह और स्पष्टता के साथ बच्चों समझाया।भ्रमण के दौरान, बच्चों ने पुराने समय के पत्र और पोस्टकार्ड देखे और समझा कि पहले लोग कैसे संदेश भेजते थे। उन्होंने पोस्ट ऑफिस के सभी कार्यों को बारीकी से समझा और यह भी जाना कि डाकघर हमारे समाज और परिवारों के बीच संचार के पुल का काम कैसे करता है। दीपतेश आनंद ने बच्चों को एक-एक पोस्टकार्ड उपहार स्वरूप दिया, जिससे बच्चों में उत्साह डाक घर को लेकर उनके मन मे और सामान बढ़ गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने इस भ्रमण की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों को डाकघर का महत्व समझाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, इससे बच्चे डाकिया और डाकघर की महत्वपूर्ण भूमिका को समझ सकेंगे और जानेंगे कि पुराने समय में डाकघर का कितना महत्वपूर्ण स्थान था। प्राचार्य ने इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमणों को भविष्य में भी जारी रखने पर जोर दिया, ताकि बच्चों का ज्ञान और अनुभव दोनों ही समृद्ध हो सके।

## बरही प्रखंड युवा कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक में 11 पंचायत अध्यक्षों के नाम की घोषणा के साथ नियुक्ति पत्र सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के बैनर तले बरही प्रखंड युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक कोनरा पंचायत भवन में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बरही प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव व संचालन युवा नेता प्रयाग प्रसाद ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव उपस्थित थे। सोमवार को हुई कांग्रेस कार्यकारिणी कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रखंड के 11 पंचायतों के पंचायत अध्यक्षों का नाम के घोषणा के साथ ही सभी को नियुक्ति पत्र सौंपा। युवा अध्यक्ष ने कहा है कि प्रखंड के शेष बचे 9 पंचायत अध्यक्षों के नाम की घोषणा शीघ्र ही कर दिया जाएगा। नव मनोनीत पंचायत अध्यक्षों के नाम इस प्रकार हैं सिकंदर कुमार दास धनवार, दिनेश दास मलकोको, लक्ष्मण दास दुलमाहा ,पंकज कुमार केदारूत, दीपन चौधरी गोरिया करमा , अभिषेक कुमार पंचमाधव, सरफराज अहमद रसोईया धमना, धीरज कुमार बरही पश्चिमी ,विकास साव, नसीम अख्तर कोनरा, रोहित कुमार करसो, बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष मंजीत यादव , प्रयाग प्रसाद, रिजवान शहजाद ,मोहम्मद मुबारक ,धीरज ठाकुर ,बंटी पाण्डेय , दीपक चौधरी, मोहम्मद निजाम ,फिरदोस खान, सोनू रविदास ,मोहम्मद फारूक, सहित अन्य कई युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

## फाइलेरिया विलोपन को सफल बनाने के लिए प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अन्नदा महाविधालय हजारीबाग के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए प्रभात फेरी आयोजित की गई। जागरूकता हेतु शहर के प्रमुख मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को हरी झंडी कॉलेज प्राचार्य डा. नीलमणि मुखर्जी, प्रो इंचार्ज डॉ सुभाष कुमार,आईक्यूएसी संयोजक डॉ बरनांगों बनर्जी द्वारा दिखाई गई। इस अवसर पर डॉ मुखर्जी ने कहा कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत खुद भी फाइलेरिया रोधी दवा खानी है और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके उपयोग के लिए समझाना है। एमडीए अभियान के दौरान दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा इससे बचाव की दवा है। इसे हर स्वस्थ व्यक्ति को खाना चाहिए। क्योंकि इस बीमारी से बचने के लिए दवा खाना ही विकल्प है। दवा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 10 अगस्त को बूथ, 12-13 अगस्त को सभी विद्यालयों एवं 14 से 25 अगस्त को घर घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। बस ये याद रखना है की एमडीए अभियान के दौरान दी जाने वाली दवा दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला के साथ गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को नहीं खानी है। कभी भी भूखे पेट इस दवा को नहीं खानी है। लगातार पांच साल खाने से फाइलेरिया नामक बीमारी के झंझट से ही मुक्ति मिल जायेगा। समाज को उत्थान और उन्नति के लिए फाइलेरिया मुक्त होना बहुत जरूरी है. फाइलेरिया मुक्त समाज से ही हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। भविष्य के समृद्ध युवा पौध को तैयार करने के लिए मौजूदा बच्चों की पीढ़ी को फाइलेरिया के संक्रमण से बचाना होगा। यह समाज के शारीरिक और आर्थिक उत्थान के लिए भी बेहद जरूरी है। देश में अपंगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण फाइलेरिया है। यह जितनी जटिल बीमारी है, उतना ही सरल इसका निदान भी। बस सिर्फ इसके लिए हमें तत्पर रहकर अपनी सहभागिता निभानी होगी। रैली को संबोधित करते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कृष्णा यादव तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ पंकज कुमार पंकज ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी जो मच्छर के काटने से फैलती है, शरीर के अंगों में सूजन और विकृति पैदा होती है, तथा व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है को जड़ से समाप्त किया जा सके। इस लिए इस अभियान को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार अपना सहयोग दे रही है। प्रभात फेरी समापन के बाद एनएसएस ने नुक्कड़ नाटक कर फाइलेरिया के होने वाले कारण तथा उससे निजात पाने के के उपाय को प्रदर्शित किया। जिसमे छात्र छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे जागरूकता फैलाने और दवा वितरण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर प्रभात फेरी में महाविधालय के डॉ रंभा सिंह , डॉ ठाकुर प्रसाद,डॉ सुचोरिता घोष , डॉ बादल रक्षित, डॉ विश्व रंजन, डॉ एस एन पाठक, डॉ अंजन चौधरी,डॉ राजीव रंजन, महेंद्र प्रजापति सहित एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस के स्वयंसेवक के साथ पिरामिल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार सिंह पीसीआई के अजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में सुवर्णप्राशन हेतु अभिभावक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में सुवर्णप्राशन हेतु अभिभावक गोष्ठी हुई,जिसमें अखिल भारतीय सुवर्णप्राशन संयोजीका आ. हिनाबेन ठुम्मर जी , अखिल भारतीय कोर कमिटी सह क्षेत्रीय सह प्रांत प्रमुख श्रीमती मंजू श्रीवास्तव जी , विभाग प्रमुख हजारीबाग श्री ओम प्रकाश तथा विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के सदस्य तथा साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें , विद्यालय प्रधानाचार्य श्री रजनीश कुमार पांडेय और अरुण से प्रभात तक के अभिभावक उपस्थित रहें , जिसमें क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती मंजू श्रीवास्तव ने सुवर्णप्राशन के विषय में कहा स्वर्णप्रशन भारतीय टीकाकरण पद्धति है इसे देने से बालक तेजस्वी, ओजस्वी ,मेधावी रोग मुक्त बनता है, इसके घटक स्वर्ण है जिससे त्वचा की बीमारी दूर होती तथा चेहरे की कांति भी है घी ,शहद , वचा -वचा से वाणी ठीक होती है ,सारिका ,शंखपुष्पी ,अष्ट मंगल घृत यह सभी स्वर को ,बुद्धि को ,कांति को बढ़ाते हैं ,मानसिक विकार को दूर करते हैं ,चेहरे में रौनक लाते हैं बालकों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, पाचन शक्ति बढ़ती है ,स्मरण शक्ति बढ़ती है ,स्मृति शक्ति ,धरना शक्ति बढ़ती है तथा साहस और शौर्य भी बढ़ता है द्य इसे पिलाने का उत्तम समय पुष्य नक्षत्र में पूर्वाभिमुख होकर सूर्योदय के समय या दिन के 12:00 से पहले मंत्र उच्चारण के साथ किया जाता है , इसमें किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता आदि बाद में अभिभावकों ने इस विषय से संबंधित प्रश्नों को पूछा और उपस्थित सभी अभिभावकों ने इसके लिए सहमति भी जताई , धन्यवाद ज्ञापन के साथ गोष्ठी समाप्त हुई।

## एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया पूजन सामग्री का वितरण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की तीसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती का वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। जिसकी शुरुआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। मुख्य रूप से भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, टोनी जैन, अरुण वर्मा, प्रसंत सिंह, विशाल वर्मा, भैया असीम, विवेक सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, ऋषि कुमार, शैलेश चंद्रवंशी, मेहुल खण्डेलवाल, हितेश रंजन, सुदेश सिंह, प्रिया, अन्नुप्रिय, गौतम कुमार एवं कार्तिक कुमार सहित कई गणमान्य लोगों को एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर संस्थान के द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा नेता टोनी जैन के जन्मदिन के अवसर पर संस्थापक राकेश गुप्ता ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की दया दृष्टि से सदैव कुशल मंगल रहने की कामना की। मौके पर भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा दान पुण्य करने से जीवन में चमत्कारिक बदलाव आता है। इससे बौद्धिक एवं समाजिकता की भाव का विकास होता है। मौके पर समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि श्रावन माह में दान पुण्य करना काफी सौभाग्य की बात होती है। सच्चे मन से इस तरह के दान पुण्य करें तो अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है। हर समजिक संस्थान को धार्मिक कार्यो में योगदान देना चाहिए तथा अपनी जिम्मेदारियों को भी निर्वहन करना चाहिए।

## जेएलकेएम निभा रहा है अपनी जिम्मेदारी, जनसरोकार के हर मुद्दे पर जनता के संग आ रहा है नजर

**विष्णुगढ़ :** आज के इस आधुनिक दौर में बिजली के बिना जीवन की परिकल्पना अधूरी दिखती है।इसके ना रहने की पीड़ा वही समझता है,जो करीब तीन सप्ताह से बिजली से वंचित रहा हो ये वाक्या कोई कहानी नही है,यह घटना विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत नागी पंचायत के लम्बकीटांड़ की है। जहाँ ग्रामीण तीन सप्ताह से जले ट्रान्सफार्मर के बदले नए ट्रान्सफार्मर की बाट जोह रहे थे। इतने दिनों तक लोगो को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा इसके जिम्मेदार सिर्फ विधुत विभाग से जुड़े अधिकारी है,इनकीं उदासीनता से इतने दिनों तक ग्रामीणों को अँधेरे में रात गुजारनी पड़ी। परन्तु भला हो जेएलकेएम/जेबीकेएसएस के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सरयू साव,एवं केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो( माही पटेल ) का जिन्होंने जनहित एवं जनमुद्दे से जुड़े मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए विधुत विभाग अधिकारियों से बात कर तत्काल खराब ट्रान्सफार्मर बदलने की बात कही। इनके पहल पर विधुत विभाग ने ट्रान्सफार्मर को ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराया।रविवार देर शाम को सरयू साव,माही पटेल,सरजू पटेल, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से ट्रान्सफार्मर का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया।

## पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था, जागृति महिला संघ ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था, जागृति महिला संघ, ने ढेंगा स्थित पुनर्वास और पुनर्स्थापना कॉलोनी में त्रिवेणी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीपल, बरगद और नीम जैसे पेड़ों का पौधारोपण किया गया। महिला संघ की सदस्यों ने इन पेड़ों को स्वयं लगाया। त्रिवेणी पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य आसपास के वातावरण को स्वस्थ और स्वच्छ बनाना है। पीपल, बरगद, और नीम के पेड़ हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यह पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि इनके बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में छांव और हरियाली भी फैलती है। पीपल, बरगद, और नीम के पेड़ बड़े आकार के होते हैं और इनकी छांव में लोग आराम कर सकते हैं, जिससे गर्मियों के मौसम में लोगों को राहत मिलती है। जागृति महिला संघ के इस प्रयास से ज़ाहिर तौर पर स्थानीय निवासियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने आसपास पौधारोपण करेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित होते हैं। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस मौक़े पर जागृति महिला संघ अध्यक्षा तज़ीन फैज़ ने कहा कि पौधारोपण सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि हमें इन पेड़ों की देखभाल भी नियमित रूप से करनी चाहिए ताकि वे सही तरीके से बढ़ सकें और हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बना सकें। मौक़े पर महिला संघ की अध्यक्षा तज़ीन फैज़ के अलावा उप अध्यक्षा मीनाक्षी सक्सेना, महिला समूह की वरिष्ठ सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग योग संघ जिला योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग योग संघ द्वारा आयोजित हजारीबाग जिला योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप डिस्ट्रिक्ट बोर्ड स्थित आरोग्यम अस्पताल परिसर में संपन्न हुआ। इसमें 170 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से विनोबा भावे विश्वविद्यालय, डीएवी स्कूल, आर्ष कन्या गुरुकुल, कार्मल स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, मॉ विन्ध निवासिनी कॉलेज, पद्मा, मार्शल ग्रुप, सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, एपीजे अबुल कलाम स्कूल, पदमा, भारत विद्या केंद्र, ओलंपिक हाउस इत्यादि के प्रतिभागी प्रमुख थे। इस प्रतियोगिता में 6 साल से लेकर 50 साल के प्रतिभागियों ने भाग लिया जीतने वालों में प्रमुख रूप से सत्य प्रकाश, शत्रुंजय कुमार, अभिषेक सिंह, सृष्टि जैन, सुरभि सिंह, विनीत सिंह, विकास कुमार दास, राखी सिंहा, रेणु कुमारी, वैष्णवी और शिवम कुमार प्रमुख थे। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग जिला योग संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिंह एवं संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से शुभारंभ कर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि आरोग्यम अस्पताल की एडमिनिस्ट्रेशन जया सिंह के अलावे विशिष्ट अतिथि सेवा सहयोग समिति के संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर अरविंद सहाय, तैराकी संघ के सचिव डॉक्टर प्रहलाद सिंह ने किया। मौके पर आरोग्यम अस्पताल की एडमिनिस्ट्रेशन जया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग हम सभी की जीवन में काफी उपयोगी है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ एवं मानसिक संतुलन बनाए रखता है। मौके परहजारीबाग जिला योग संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि योग के प्रति लोगों की जागरूकता बढ रही है। अपनी जीवन शैली में योग को अपनाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। मौके पर जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि योग से बड़ी- बड़ी बिमारियों को ठीक किया जा सकता है। बिमारी मुक्त होने के लिए योग करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका योगा संघ उपाध्यक्ष रीना सिंह, बहादुर राम, सचिव रविंद्र कुमार, सहसचिव ज्ञानोदय कुमार, अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष रेणु कुमारी, कार्यकारी सदस्य शत्रुंजय कुमार एवं विकास कुमार दास ने निभाई। धन्यवाद ज्ञापन सचिव रविंद्र कुमार ने किया।

## मध्य विद्यालय झरपो में साप्ताहिक प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत के पीएम श्री उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय परिसर में संचालित मध्य विद्यालय में कक्षा 1 से आठ तक के छात्र छात्राओं के बीच सरकार के निर्देशानुसार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सप्ताह के हरेक शनिवार को प्रोजेक्ट रैल परीक्षा का आयोजन किया गया। म.वि.झरपो विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर ने कहा की बच्चो में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए सरकार द्वारा अनोखा पहल किया गया है जो की सरकार का उद्देश्य बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है।इसी के तहत विद्यालय परिसर में हरेक माह के सप्ताह दिन में शनिवार को छात्र छात्राओं के बीच परीक्षा लिया जाता है। वही झरपो पंचायत के स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी को विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं ने सरकार द्वारा अनोखा पहल की जानकारी दिया गया तो उन्होंने जानकारी पाते ही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर ,सहायक शिक्षक शिक्षिकाओ में पंकज कुमार,राज कुमार ,मोहन साव, कौलेश्वर मिश्र,पिंटू राम , विजय प्रसाद, केदार प्रसाद,उषा कुमारी,बिमला देवी को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल मे रामगढ़ इनरवील् क्लब के द्वारा बच्चों को पौधा वितरण किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल,रामगढ़ में 27 जुलाई से चल रहे एक पेड़ मां के नाम इसअभियान को सोमवार को बहुत हर्ष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों के रूप में श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल एवं रामगढ़ इनरवील् क्लब के सारे सदस्य सम्मिलित हुए।उन्होंने अपने हाथों से बच्चों में पौधों को बांटा।उन्होंने कहा कि यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है।हमें पृथ्वी परअधिक मात्रा में पेड़ लगाना होगा, पेड़ों को कटने से बचाना होगा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को एक पौधा देकर सम्मानित भी किया गया तथा उन्होंने बच्चों को पौधे भी बांटे। इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा पिंकी पोद्दार विद्यालय के सभी बच्चों से कहा हमें अधिक मात्रा में वृक्ष लगाने हैं। जिस प्रकार हम अपने मां से प्रेम करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी प्रकृति मां से भी प्रेम करना चाहिए।उसकी रक्षा करना,देखभाल करना हम सब का कर्तव्य बनता है।उन्होंने कहा कि खाली पड़े स्थानों पर पेड़ लगाए,पेड़ों को कटने से रोकें,लोगों को इस विषय में जागरूक करें,अपने मित्रों तथा संबंधियों को उनके जन्मदिवस पर छोटे पौधे उपहार स्वरूप दें। उन्हें नष्ट होने से बचाना चाहिए।इसअवसर पर कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा स्कूल कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा भी उपस्थित थें।



## राजू सिंह की मां की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुई विधायक सुनिता चौधरी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ विधायक सुनिता चौधरी का आगमन वार्ड नं 8 बिजुलिया ( सिंह मार्केट ) राजू सिंह की मां की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल हुई द्य मौके पर विधायक ने सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए परिवार वालों को संतावना दिए और साथी कहा कि आजसू पार्टी का हर एक सिपाही आपके हर सुख दुख में साथ है , आपकी मां की जाने का दुःख हम सभी को है, ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें ।श्रद्धांजलि सभा में माननीय विधायक सुनिता चौधरी के साथ, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, जिला उपाध्यक्ष बिभन सिंह, लालू शर्मा, जिमी राम, बीजेपी किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, परिवार वालों में आजाद सिंह, अमर सिंह, प्रदीप सिंह , उदय सिंह, उज्वल सिंह, अंकित सिंह , सहित परिवार के कई सदस्य मौजूद थे ।



# नईसराय-गिद्धी मुख्य सड़क पर अवैध बालू लदा ट्रेक्टर पलटा ,चालक की ट्रेक्टर से दबकर मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नईसराय - गिद्धी मुख्य सड़क पर बुधबाजार के सामने अवैध बालू लेकर रामगढ़ दिशा की ओर ले जा रही ट्रेक्टर सोमवार को ट्रेक्टर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । जिसमें ट्रेक्टर चालक की मौत घटना स्थल पर ट्रेक्टर से दबकर हो गयी । घटना स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि अवैध बालू ट्रेक्टर पर लोडकर बुन्डू से रामगढ़ दिशा की ओर ले जा रही थी । इसी दौरान लगभग साढ़े तीन बजे ट्रेक्टर पलट गया । जिसमें हेसला इंदिरा कालोनी निवासी रोहित बेदिया पिता रमेंश बेदिया उम्र लगभग 18 वर्ष की मौत घटना स्थल पर हो गई । घटना की सूचना मिलते ही आस -पास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर कर मुआवजे की मांग करने लगा । सड़क के दोनों तरफ लंबी कतारे लग गई । घंटो आवागमन बाधित रहा । घटना की सूचना पाकर गिद्धी थाना पुलिस पहुंची । उसके बाद डाड़ी सीओ और रामगढ थाना पुलिस पहुंची । गिद्धी थाना सुनील कुमार महतो ने कहा कि हमारे क्षेत्र



मे नहीं आता है । रामगढ़ का मामला है । रामगढ़ थाना कहा मेरे क्षेत्र की घटना नहीं । परसीमन को लेकर दोनों के बीच बहस होती रही । घटना स्थल पर मौजूद डाड़ी सीओ कमल कांत वर्मा ने कहा कि जिस थाना का घटना हो । मृतक के परिजन को नियमानुसार मुआवजा दी जाएगी । साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेक्टर मालिक के उपर कारवाई की जाएगी । अंत में फैसला हुआ घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ है । रामगढ़ पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त ट्रेक्टर को बीच सड़क से हटा दिया गया है । इन दिनों बालू माफियाओं के द्वारा अवैध बालू कारोबार खुले आम चल रहीं है । रामगढ़ प्रशासन अवैध बालू का कारोबार रोकने में विफल है । झारखंड सरकार प्रतिबंध के बावजूद भी अवैध बालू कारोबार बालू माफियाओं के द्वारा जारी है । अवैध बालू कारोबार में बालू माफियाओं के द्वारा अधिकतर नाबालिग चालक के द्वारा ट्रक्टर चलवाया जा रहा है । जिसके कारण सड़क पर आये घटना घट रही है । ग्रामीणों ने अवैध बालू को रोकने की मांग रामगढ़ प्रशासन से की है । घटना की सूचना पाकर रामगढ़ सीओ भी पहुंचा । उन्होंने आश्वासन दिया कि मृतक के परिजन को सरकारी नियमानुसार मुआवजा दी जाएगी । इधर जानकारी मिली ट्रेक्टर मालिक के द्वारा एक लाख रुपया दिया जाएगा । तत्काल 20 हजार रुपया मृतक के परिजनों को दिया गया है । बांकी राशि मुतक के परिजन के खाते में देने की बात कही गई है । समाचार प्रेषण तक मृतक के शव घटना स्थल पर ही है । रामगढ शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ नहीं ल जाया गया है । बालू माफियाओं के द्वारा दोनो थाना को मैनेज करने लगा हुआ था ।

## रामगढ़ कॉलेज शिक्षक संघ ने किया अभिव्यक्त सांकेतिक विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ कालेज शिक्षक संघ ने शिक्षकों की प्रोन्नति, पुरानी पेंशन नीति, पी.एच.डी. इंक्रीमेंट आदि अनेक लंबित समस्याओं के निराकरण में विलंब को लेकर काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध अभिव्यक्त करते हुए कालेज में नियमित कामों को अंजाम दिया। शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रो. रोज उराँव ने कहा कि शिक्षक वर्षो से शिक्षण कार्य करते आ रहे हैं लेकिन उन्हें अभी तक प्रोन्नति नहीं दी गई है। प्रोन्नति नहीं मिलने से शिक्षकों में मन में घोर निराशा है। शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डा. रामाज्ञा सिंह ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था में लंबे समय से अपना योगदान देनेवाले शिक्षकगणों का धैर्य अब जवाब दे चुका है और हमें अब हमारा वाजिब हक चाहिए। सचिव डा. प्रीति कमल ने कहा कि झारखंड उच्च शिक्षा में महत्वाकांक्षी बदलावों की प्रयोगभूमि बना हुआ है, जहाँ शिक्षकों की अवकाश कटौती करते हुए उनसे अपना अधिकतम योगदान करने की अपेक्षाएँ की जा रही है, वहीं दीर्घावधि से लंबित अपने नियमसंगत अधिकारों के लिए भी उन्हें संघर्ष का रास्ता चुनने के लिए विवश होना पड़ रहा हैं। संयुक्त सचिव डा. राहुल ने कहा कि विश्वविद्यालय से लेकर एच.आर.डी. एवं जे.पी.एस.सी. तक शिक्षकों की माँगों के प्रति निर्णयकर्ताओं का उदासीन और उपेक्षित रवैया निहायत निराशाजनक है। प्रवक्ता डा. अनामिका ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कर्तव्य और अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं। जब शिक्षकगण उच्च शिक्षा प्रदान करने की अपनी कर्तव्यनिष्ठा में कोई कोताही नहीं कर रहे हैं।

# रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग के विद्यार्थियों का रहा बेहतर प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा स्नातक सत्र 2021-24 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। स्नातक की परीक्षा में रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के उर्दू विभाग के विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर रहा। फाइनल परीक्षा में कुल 32 विद्यार्थी भाग लिए थे उनमें से 25 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा 2 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से पास हुए जबकि बाकी 5 विद्यार्थियों का परिणाम एनसीएल अर्थात अघोषित हैं। बेहतर प्रदर्शन के कारण विभाग के विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। पास होने वाले विद्यार्थियों में पांच विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपना तथा उर्दू विभाग का नाम रोशन किया। जिसमें उजाला परवीन 1586 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, फातमा दुआ इमाम 1575 अंक प्राप्त कर द्वितीय, रूही परवीन 1537 अंक प्राप्त कर तृतीय, जेबा अर्शी 1535 अंक प्राप्त कर चतुर्थ और गुलाबशा परवीन 1506 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहीं। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मेहनत करने से फल मिलता ही है जैसा कि विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम से साबित होता है।

## उरीमारी व पोटंगा पंचायत की समस्याओं का जल्द से जल्द हो समाधान : राजू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल कि उरीमारी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कि परियोजना पदाधिकारी के साथ बैठक हुई। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव शामिल हुए। वहीं इस बैठक में परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार व सिविल इंजीनियर चंदन कुमार व राकोमयू व विसमो के पदाधिकारी भी शामिल रहे। क्षेत्रीय सचिव ने उरीमारी पंचायत व पोटंगा पंचायत कि विभिन्न समस्याओ में जैसे उरीमारी हेसाबेडा स्थित मुख्य मार्ग का पुलिया बिते दिनों हुई तेज बारिश से बह गया है। उसे जल्द से जल्द बनवाया जाए। उरीमारी में खुली नई आउटसोर्सिंग में संगठन के साथ एक सप्ताह के अन्दर बैठक कराई जाए। पोटंगा पंचायत में बहे सडक का जल्द से जल्द मरम्मत



करवाया जाए। जिसपर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि दोनों क्षेत्रों कि जटिल समस्याओं पर सकारात्मक व उचित पहल किया जाएगा। वहीं इस मौके पर पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, मांझी हडाम सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी,सीगू मांझी,सतिश कुमार,दिपक कुमार यादव,जतरू बेसरा, लालू महतो, बिनोद प्रजापति आदि दर्जनों लोग मौजूद थे

## झारखंड विधानसभा की विशेष समिति का रामगढ़ जिले का दौरा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यान आकर्षण) ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यान आकर्षण) मथुरा प्रसाद महतो ने परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।इस दौरान सर्वप्रथम अध्यक्ष ने रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित जलापूर्ति योजनाओं आदि की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से लेते हुए वर्तमान में संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने, जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण के क्रम में सड़कों पर होने वाले गड्ढों को कार्य पूर्ण होने के उपरांत यथाशीघ्र भरने का निर्देश दिया वहीं कार्यपालक अभियंता को जिन स्थलों पर वर्तमान में बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है वहां जल्द से जल्द चापानल लगाने का निर्देश दिया गया।वहीं उन्होंने बरसात के मौसम के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जल जनित समस्याओं यथा डायरिया आदि के प्रति जागरूक करने एवं उनके इलाज हेतु किए जाने वाले कार्यो को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत जिले में हुए कार्यो की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने प्रत्येक योग्य लाभुक को योजना से जोड़ने, आवेदनों की एंट्री हेतु योजनाबध्द तरीके से कार्य करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान अध्यक्ष ने डीएमएफटी की समीक्षा कर राजस्व में बढ़ोतरी करने तथा जिले में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –7 / 2024–25 को रद्व करने के संबंध्ध में**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची अन्तर्गत निविदा सूचना संख्या–07 / 2024–25, दिनांक–14.08.2024 की निविदा जो पी0आर0 संख्या–331753 (Drinking water and Sanitation (24-25)D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से रद्व किया जाता है।

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in

Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

PR 331864 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल,राँची

**अति–अल्पकालीन ईप्रोक्यॉमेंट नोटिस**
**(प्रथम आमंत्रण)**

ई–निविदा आमंत्रण संख्या–पे0स्व0वि0 / वितरण / **02/2024-25**

दिनांकः–03.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Shifting of pipe line at Albert ekka chowk ranchi due to construction of foot overbridge by juidco Under D.W.&S. Swarnrekha distribution, Division, Ranchi for year 2024-25 |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 3159987.00 (एकतीस लाख उनसठ हजार नौ सौ सतासी) रूपये मात्र। |
| 3 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 64000.00 (चौसठ हजार) रूपये मात्र। |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 (दो) महीना। |
| 5 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | 5000.00 (पांच हजार)। |
| 6 | बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एव समय | 08.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे । |
| 10 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 11 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 12 | प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9608892111 E-Mail ID:- distributionbooty@gmail.com |
| 13 | ईप्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र सं0 | 0651–2480345 |

नोटः–1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
4. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
5. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkandtenders.gov.in पर देखें।
6. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
7. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगें।

जल ही जीवन है।

PR 331819 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल,राँची



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website:** www.latehar.nic.in

**Notice Inviting**
**Request for Proposals**

**Selection of Agency for "supply, installation, testing & commissioning of 100 KVA, 35KVA & 20 KVA Diesel Silent Generator (DG) setwith all accessories" under Office of District Planning Office, Latehar Govt. of Jharkhand**

**RFP No. ………………** **Date –05-08-2024**

Supply, Installation, Testing & Commissioning at site of one 100 KVA Diesel Silent Generator set, One 35 KVA Disel Generator Set & One 20 KVA Disel Generator Setwith required accessories.

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1.(a) | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for the Supply, Installation, Testing & Commissioning at site of one 100 KVA Diesel Silent Generator set,One 35 KVA Disel Silent Generator Set & One 20 KVA Disel Silent Generator Set with required accessories." |
| (b) | Exhaust Emission norms | The generator set shall be Central Pollution Control Board(CPCB) compliant recent norms and the Bidder shall submit the relevant papers alongwith tender documents as a part of Technical Bid to prove the same. |
| (c) | Pre-Qualification requirement (PQR) of bidders | The Bidder shall be engaged in supply, Installation, Testing & Commissioning of Diesel Silent Generator set with a capacity of 100 KVA ,35 KVA, 20KVA and shall give self-declaration in this regard while submitting Technical Bid. Also, the Bidder shall enclose the list of suppliers, to whom the supplies were made in the last three years while submitting the Technical Bid. District Administration/Tender Committee Latcharreserve the right to call for documentary proof, if required. Refer to the Annexure-B for details about PQR and documents to be attached with technical bid. |
| 2 | Date of Issue of RFP | 05-08-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 12-08-2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 13-08-2024 |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 13-08-2024 |
| 6 | Time allowed for Completion | 02 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.50,000 (Fifty thousand Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 5,000 (Five Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit. |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on 13th August 2024 at 11:00 AM at the address as under: The District Planning Office, District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |

**Note:**
1. The sealed first envelope containing PQR documents & EMD shall be super scribed as "Tender for the Supply, Installation, Testing & Commissioning of Diesel Silent Generator Set – PQR documents".
2. The sealed second envelope shall be super scribed as "Tender for the Supply, Installation, Testing & Commissioning of Diesel Silent Generator Set – Financial Bid" and the said envelope shall contain with all financial details of bid.
3. The one envelope containing PQR & EMD and second sealed envelope containing financial bid i.e. both these envelopes shall be placed in the big envelope super scribed as "Tender for the purchase of 100 KVA, 35 KVA, 20 KVA Generator Set".

1. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**District Planning Officer, Latehar**

PR 331915 (Planning and Development) 24-25 (D)



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 8 / 2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 16. 8. 2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17. 8. 2024 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17. 8 .2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

| Sr. No. | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Provision of water supply by construction of 2Nos. DT (115mm/125mm )with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Quarter no. E -25, Sector - I, Dhurwa & Quarter no. C-2/ I.B. OLD PHED Colony lower Hinoo, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1040904.00 | 20900.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Supplying all materials and labours for cleaning of Sump, RCC Over head water tank, replacement of C.P. bathroom fittings, sanitary works at Jharkhand Vidhan Sabha main building and others under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1302261.00 | 26100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 3. | Special Repair and maintenance of Commercial type RO Water Purifier and water cooler of different models installed at Jharkhand Vidhan sabha Campus Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 408357.00 | 8200.00 | 750.00 | 07 Days |
| 4. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toil et, and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at family barrack in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. ((part C) | 1639540.00 | 32800.00 | 5000.00 | 1 months |
| 5. | Construction of 5Nos. Of toilets with septic tank and soak pit with water supply connection at campus of fire brigade cum central training institute, Dhurwa, Ranchi, Jharkahand Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (Part - B) | 1090656.00 | 21900.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 6. | Renovation of toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings, improvement of severage work and other allied work at Staff Quarter No.- A-10, A-5, 30 Set, nepal, house, A-3 A-38, A-20, Near seth sitaram school, and others High court pool quarter under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 289424.00 | 5800.00 | 750.00 | 15 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- A-3, B-28, B-29, Near Seth Sitaram School, Doranda, B-23, behind indira palace, Hinoo, A-9, Block, Nepal house, Doranda and others Jharkhand High court pool quartsiers, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1207570.00 | 24200.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 8. | Repairing/Renovation of man hole Chamber and cleaning of sewer line and its allied works at New Vidhan Sabha Campus H.E.C. Dhurwa Ranchi. | 1009913.00 | 20200.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 9. | Renovation of bathroom and toilet, improveme nt of water supply with replacement of sanitary fittings and sewerage work at B-03 near Rajendra Chowk, Doranda,Ranchi under D.W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi.. | 335712.00 | 6800.00 | 750.00 | 15 Days |
| 10. | Supply & Installation of 2000 LPH Iron and Turbidi ty Removal filtration plant with Multiport Valve & necessary water supply pipe line and its allied work at Judge Qtr. No.-18 Central School Lane Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 772953.00 | 15500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 11. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- B-37, near seth sitaram school, B-15-16, near Rajendra chowk and others Jharkhand High court pool quarters, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 671248.00 | 13500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 12. | Renovation, repairing and Cleaning of underground service reservoir ( sump) , pump house, drain etc situated at Project bhawan (4nos.) , Engineers building (1no.), old vidhan sabha campus (1no.), ,Ranchi , Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2027940.00 | 40600.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 13. | Renovation, repairing and Cleaning of underground service reservoir ( sump) , pump house, drain etc situated at 56 set , JAP-1 , Nepal house, Doranda ,Ranchi , Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1974642.00 | 39500.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 14. | Construction of Circular sump of dia 6m and 4m deep with water supply arrangement for High court LIG Colony with 5Hp horizontal submerssible pump at Harmoo, Ranchi , Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1281284.00 | 25700.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 15. | Supplying & instalation of 4000/5000 LPH Iron and turbidity Removal filtration plant with multiple valve & necessary water supply pipe line and repaining, rewinding & servicing of submerssible motor pump and its allied work at High court pool quarters Hramu Housing Harmu, Ranchi Jharkhand under D.W. & S, Division , Ranchi East Ranchi. | 1822799.00 | 36500.00 | 5000.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in

Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

PR 331858 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

## महुदा पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के महुदा थाना पुलिस ने चार लोगों को पकड़ कर जेल भेजने का काम किया है। इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशअनुशार दिनांक 4/08/2024 को रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर तेलमोचो निवासी दीपक महतो, पिता ,जगन महतो कांड संख्या 16/24 बैजनाथ महतो, पिता, लाला महतो, लोहापट्टी कांड संख्या, जी आर 3332/2009, नन्दलाल महतो ,पिता अमृत चंद्र महतो, कांड्रा कांड संख्या, सीपी 504/2019 , नाजिर अंसारी, पिता स्वर्गीय बहादुर अंसारी डूमरजोड, बोकारो कांड संख्या, जी आर,325/2022 में वांछित एवं वारंटी कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## मासस ने बिजली मीटर की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्युत निगम तिलाटाड़ में निगम द्वारा उपभोक्ता के घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर आर्थिक दोहन हो रहा है। इसके खिलाफ मार्क्सवादी समन्वय समिति प्रतिनिधि मंडल द्वारा एसडीओ को ज्ञापन दिया गया। समिति के सचिव हलदर महतो ने बताया कि समिति का प्रतिनिधि मंडल एसडीओ साहब ज्ञापन देने गया था। एसडीओ साहब नहीं मिलने पर प्रतिनिधि ने बड़ा बाबू को ज्ञापन सौंप दिया है। उन्होंने आगे कहा कि 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कार्यालय के समझ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल। सुनील कुमार महतो, रॉबिन महतो, ठाकुर महतो, कार्तिक महतो, भीम महतो, चेतू साव, अजीत मोदक, सृष्टिधार महतो, वाहिद खान, लखीराम बेसरा, विनोद तुरी।

## गिरिडीह में विश्व हिंदू परिषद ने किया वृक्षारोपण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह ज़िलेके विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता के द्वार गिरिडीह नगर कुटिया मंदिर के ईछाधारी शिव मंदिर के प्रांगण मे वृक्षारोपन का कार्यक्रम किया गया। वही पुरे नगर मे लगभग 1000 पौधा लगाने का निश्चिंतत किया गया है ।मौके पर कार्यक्रम मे मुख्य रुप से उपस्थित विभाग मंत्री अनुप यादव ,विश्व हिन्दू परिषद जिला सह मंत्री शिवपुजन कुमार महतो ,बजरंग दल जिला सह संयोजक गुडू यादव, जिला पदाधिकारी शिव शक्ती शाह,नगर उपाध्यक्ष ज्योति शाह,बजरंग दल नगर संयोजक उत्तम पासवान, नगर धर्म प्रसारक संतोष शाह ,नगर सेवा प्रमुख पंकज कंधवे,शिव गौरव पाण्डेय जी,मार्त शक्ती आशा देवी,बविता देवी उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस के प्रखंड कमिटी का किया गया गठन



**जमुआ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमुआ प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत मे सोमवार को संदीप राणा के अध्यक्षता में जे बी के एस एस का पंचायत कमिटी का गठन किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जे बी के एस एस लगतार जनता के बीच जा कर अपने विचारों से अवगत करा रहे हैं। इसी कड़ी में मलुवाटांड मे बैठक कर पंचायत स्तर कमिटी का गठन किया गया। बैठक में दर्जनों से अधिक लोग उपस्थित हुए साथ ही जे बी के एस एस को लोगों का सपोर्ट भी मिल रहा है।

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा घर, पूर्व विधायक ने जताया शोक संवेदना



**सरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया के सिमराबेड़ा निवासी 43 वर्षीय प्रवासी मजदूर रोहित राय का विगत दिनों तबीयत बिगड़ने से आकस्मिक देहांत महाराष्ट्र के पुणे में हो गया। सोमवार को मृतक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की सूचना पाकर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मृतक के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिला एवं इस पीड़ादायक दुर्घटना पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। तथा श्रम अधीक्षक गिरिडीह से फोन पर बात कर श्रम विभाग की ओर से मिलने वाली मुआवजा अविलंब देने की बात कही। एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया।मृतक पुणे में एक होटल में कार्य करता था। मृतक के घर में एकलौता कमाऊ व्यक्ति था।मृतक अपने पीछे पत्नी,दो पुत्री एक पुत्र को छोड़ गया।इस दुख की घड़ी में भाजपा मंडल पवन पांडेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष रमाशंकर ठाकुर, बालेश्वर मरांडी,मनोज महतो, अमित आनंद, नरेश रजक,विनोद महतो,सुधीर वर्मा,संदीप कुमार,उमेश कुमार,कार्तिक मरांडी,रोहित साव,बासुदेव राय,सलेया राय,मुकेश राय सहित सैकड़ों ग्रामीणों मौजूद

# लौह सामग्री की चोरी करते 6 अपराधी गिरफ्तार, गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** भूलन बरारी बंद रोपवे स्टोर एवम वर्कशॉप में पड़ी लाखों की लौह सामग्री की चोरी कर ठेला से टपाने के दौरान कल गिरफ्तार किए गए छह अपराधियों के खिलाफ जोरापोखर पुलिस ने मामला दर्ज कर सोमवार को धनबाद जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस ने पकड़े गए चोरों के निशानदेही पर पाथरडीह बस स्टेंड स्थित रेल लाइन किनारे संचालित अवैध लोहा गोदाम के संचालक राजू खान को मुख्य अभियुक्त बनाया है, जबकि घटना स्थल से छापामारी के दौरान फरार हुए नुनूडीह नीचे धोड़ा निवासी गोलू, खटाल संचालक सत्यनारायण यादव का पुत्र एवं सागर नामक व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि बंद रोपवे स्टोर में पड़ी लाखों की लौह सामग्री की सुरक्षा में सीआईएसएफ कि अनदेखी के कारण अपराधियों के तीन गुटों द्वारा रोजाना धड़ल्ले से लौह सामग्री कि चोरी कर अवैध लोहा गोदामों में टपाया जा रहा था। लोहा चोरी में वर्चस्व को लेकर अपराधियों द्वारा आए दिन फायरींग की की घटना का अंजाम दिए जाने से स्थानीय पुलिस सकते में थी। बंद रोपवे स्टोर से लोहा चोरी किए जाने कि सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने तत्काल पुलिस बल के साथ रविवार को स्टोर से बड़ी मात्रा में लौह सामग्री की चोरी कर तीन ठेला पर लादकर ले जाने के क्रम में छापामारी कर लोहा लदी तीन ठेला को जब्त किया तथा चोरी के धंधा में लिप्त मो नौशाद झरिया हमीद नगर, बीरत पासवान, मंटू यादव भूलन बरारी, शंकर मद्रासी झरिया कोढिया पट्टी, लक्ष्मण यादव पाथरडीह सहित अवैध लोहा गोदाम के संचालक राजू खान का भगीना शाहरुख खान को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया है।



# धनाबद का युवक उसरी नदी मे डूबा, पूजा करने आए थे दुखहरणनाथ धाम गिरिडीह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुखहरणनाथ धाम के पास हादसा हो गया. सोमवार को यहां पूजा करने आया धनबाद का एक युवक उसरी नदी में डूब गया । वही खबर लिखे जाने तक युवक की तलाश जारी था। नदी में डूबने वाला युवक धनबाद जिले के सिजुआ के जोगता का रहने वाला 19 वर्षीय गौतम कुमार है. घटना के संबंध में गौतम के परिजनों ने बताया कि गौतम सोमवार को पूजा करने आया था. वह स्नान करने के लिए नदी में उतरा ही था कि उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया. घटना के बाद हड़कंप मच गया, मामले की सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो को दी गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की गई.इधर, गौतम के साथ आए नंदू कुमार चौधरी ने सांसद, विधायक के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. वहीं लापता गौतम के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. यहां आपको बता दें कि बाबा दुखहरणनाथ धाम में पूजा- अर्चना करने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. सोमवार को यहां विशेष भीड़ उमड़ती है. सावन की सोमवारी पर भी यहां भारी भीड़ होती है. दूर-दूर से लोग यहां आए हैं. गौतम भी दूसरे जिले से यहां आया था।



# धनबाद जिला पुलिस ने देर रात विषेश अभियान चला कर 105 अपराधियों को किया गिरफ्तार




**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर धनबाद जिला पुलिस ने रविवार की देर रात को विशेष अभियान चला कर 105 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कई वारंटी अपराधी भी पकड़े गए हैं जिन्हे जेल भेज दिया गया है। अभियान जिले के कई थाना क्षेत्र में चलाया गया जिसमें धनबाद पुलिस को सफलता मिली है। इसकी जानकारी धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय के सभा कक्ष में दिए। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि धनबाद पुलिस 2 महीने में विशेष अभियान चला कर और एप के सहयोग से 30 साइबर अपराधी को साइबर अपराध करते हुए रंगे हांथ पकड़ी है। जबकि 5 अपहरण कर्ता को पकड़ने में सफलता मिली है। बीते 6 माह मे डकैती के 2 मामले का उद्बेदन किया गया है। साथ ही एसएसपी ने प्रेस वार्ता में कहा की चेक चिंताई रोकने को लेकर भी पुलिस को दिशा निर्देश दिया गया है। पकड़े गए अपराधी जेल से छूट कर फिर से छिनतई में लग जाता है इसलिए महिलाओं को भी सचेत रहने की आवसकता है। कहा की नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, इसके विरोध में लगातार कार्रवाई की गई हैं। ट्रेफिक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस की पाठशाला के माध्यम से स्कूलों में बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। कहा की लोग 112 पर कॉल कर पुलिस को अपराध की जानकारी दें।

## हांगकांग से धनबाद लौटने पर अनिल बाँसफोर का भव्य स्वागत

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय एमेचर शटलकॉक चैंपियनशिप में भाग लेकर अनिल बाँसफोर धनबाद स्टेशन पहुंचे। धनबाद रेलवे स्टेशन पर सैकड़ो की संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी के साथ-साथ सफाई कर्मचारी समाज के स्त्री पुरुष मौजूद थे। राजधानी ट्रेन से अनिल बाँसफोर के उतरते ही उत्साही शुभचिंतकों ने फूल मालाओं तथा ढोल नगाड़ों से अनिल बाँसफोर का स्वागत किया। वहीं जुलूस की शक्ल में अपने आवास जाने हेतु पुलिस लाइन की ओर प्रस्थान किया। पुलिस लाइन मोड़ स्थित प्रेमचंद नगर में पहुंचते ही ढोल नगाड़े तथा आतिशबाजी करते हुए बजरंगबली मंदिर में माथा टेका। वहीं प्रेमचंद नगर स्थित शनि मंदिर तथा जगजीवन नगर बस्ती में स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेक कर अनिल बाँसफोर ने आशीर्वाद लिया। पुनः जुलूस की शक्ल में सभी ने अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के हेड क्वार्टर ट्रेनिंग सेंटर में पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गई तथा वहां उपस्थित विद्यालय के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया तथा यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही अनिल बाँसफोर के स्वागत के लिए भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## चेंबर द्वारा नए पणन सचिव विपुल कुमार का हुआ स्वागत

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा कृषि बाजार समिति के नए पणन सचिव विपुल कुमार का अभिनंदन किया गया। चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बाजार समिति के पणन सचिव राकेश कुमार सिंह का तबादला कोडरमा होने के बाद नए सचिव के रूप में विपुल कुमार ने पदभार ग्रहण किया। चेंबर की ओर से पूर्व सचिव राकेश कुमार सिंह को शॉल ओढ़ा कर विदाई दी गई एवं नए सचिव विपुल कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। नए पणन सचिव विपुल कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि व्यापारियों की हर समस्या पर ऑफिस के द्वारा समाधान किया जाएगा। विशेष रूप से पूरे मंडी परिसर में साफ सफाई लाइट एवं सुरक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।चेंबर के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, राजकुमार अग्रवाल, सुरेंद्र जिंदल, जसविंदर सिंह, विनोद सिंघल, अरविंद सतनालिका, अमन अग्रवाल, श्याम भीमसरिया, कृष्णा अग्रवाल, विनय अग्रवाल इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।

## छाताबाद अटल क्लीनिक में एक बार फिर महिलाएं हुई निराश

**कतरास (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वार्ड नंबर 2 के छाताबाद स्थित अटल क्लिनिक में सोमवार को एक बार फिर महिलाओं को निराशा हाथ लगी। मंईया सम्मान योजना की लाभ लेने पहुंची महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण एक भी फॉर्म जमा नहीं हो सका, जिससे महिलाओं में रोष देखा गया। कई दिनों से लगातार महिलाएं परेशान हो रही हैं। वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान ने राज्य सरकार से इस योजना का पहले पूर्ण रूप से ट्राइल करके लागू करने की बात कही। जिससे रोज रोज महिलाओं को परेशान नहीं होना पड़े। इससे सरकार के प्रति गलत संदेश जाता है।

## फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज ने जारी की चुनाव अधिसूचना

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के वर्ष 2024 - 26 के चुनाव कार्यक्रमों की अधिसूचना यूनियन क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित चुनाव पदाधिकारी प्रदीप सिंह, ललित जगनानी व राजेश दुधानी ने जारी की। चुनाव कि 22 अगस्त वृहस्पतिवार, 10:30 बजे से 3:00 बजे तक विवाह स्थल (कला भवन के सामने), लुबी सरकुलर रोड में होगी। चुनाव का नामांकन पत्र 7 और 8 अगस्त अपराह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक लिया जा सकेगा। नामांकन पत्र जमा करने की तिथि 7 अगस्त से 11 अगस्त तक अपराह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र की जाँच 12 अगस्त को होगा। नामांकन पत्र की वापसी की 14 अगस्त अपराह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक है। चुनाव में भाग लेने वाले अधिकृत उम्मीदवारों की सूची 16 अगस्त अपराह्न 6:00 बजे घोषणा होगी। मतदाताओं की अंतिम सूची 17 अगस्त को घोषित होगी। मतपत्रों की गिनती एवं चुनाव परिणाम की घोषणा 22 अगस्त संध्या 5:00 बजे के बाद घोषित होगी।

## मैथन डैम का बढ़ा जल स्तर, डीवीसी ने जारी किया हाई अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैथन डैम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग भारी संख्या में मैथन डैम पहुंच रहे हैं। मैथन डैम की खूबसूरती में चार चांद उस समय लग गए जब डैम के तीन फाटक खोल दिये गए। धनबाद के मैथन डैम को झारखंड का स्वर्ग माना जाता है। वहीं भारी बारिश की वजह से सूबे के कई जिलों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मैथन डैम का भी जल स्तर काफी बढ़ गया है। इसके बाद डीवीसी ने हाई अलर्ट जारी किया है।

**छोड़ा जाएगा अतिरिक्त जल :** हाल ही में भारी बारिश के कारण मैथन डैम में जलस्तर काफी बढ़ गया है। दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, वर्तमान में मैथन डैम में पानी का प्रवाह लगभग 60,000 क्यूसेक है। बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए डीवीसी ने डैम से अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। जिससे निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**बाढ़ से निपटने के लिए उठाए जा रहे हैं आवश्यक कदम :** मैथन डैम एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल भी है, जो हर साल हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। वर्तमान जलस्तर की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल का पूर्व मध्य रेल दौरा



**हाजीपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री मनोज यादव, महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली आज दिनांक 05.08.2024 को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर पहुचे । उन्होंने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह के साथ मुलाकात कर ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा, सुगम रेल परिचालन में कानून व्यवस्था के कारण आने वाले व्यवधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की । इसके पूर्व महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने मुख्यालय हाजीपुर में प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री अमरेश कुमार तथा मुख्यालय एवं मंडलों के सुरक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने पूर्व मध्य रेल से देश के विभिन्न शहरों में यात्रियों की आवाजाही अत्यधिक है जिसके मद्देनजर यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का दिशा-निर्देश दिया एवं टीम वर्क बनाए रखना की सलाह दी । रेल मदद पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निष्पादन में रेल सुरक्षा बल की महत्ता को रेखांकित करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने कहा कि विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों को तुरंत निष्पादन पर बल दिया । उन्होंने रेल सुरक्षा बल के रिक्त पदों को भरने का आश्वासन दिया ।

## वीरगति को प्राप्त हुए संघ के कार्यकर्ता के स्मरण में किया पौधारोपण



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रोदय के ध्येय के साथ केरल के वायनाड भूस्खलन में राहत बचाव कार्य में लगे और बाद में स्वयं वीरगति को प्राप्त हुए ऐसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दो कार्यकर्ताओं प्रजिश एवं सारथ को धनबाद के कोयला नगर व कुसुम विहार क्षेत्र में 40 पौधे लगा करके श्रद्धांजलि दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह के द्वारा आम व जामुन के फलदार पौधे के पोषणवाटिका लगवाया गया जिनके नाम को संघ के वायनाड में वीर गति को प्राप्त हुए कार्यकर्ताओं के नाम पर रखा गया। वहीं पौधारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धनबाद विभाग के विभाग सह-संघचालक व आईआईटी धनबाद में शिक्षक डॉक्टर सुनील कुमार द्वारा भी आम, जामुन, नीम व अशोक के पौधे लगवाए गए। पौधारोपण में बीसीसीएल मुख्यालय के पीआरओ अमित शरण भी सम्मिलित हो करके तरुण स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं के साथ मिल करके आम, जामुन, नीम व अशोक के पौधे कोयला नगर स्थित छठ तालाब व कुसुम विहार के सुरक्षित स्थानों पर वृक्षों को लगा करके तरुणों का भी उत्साह बढ़ाया।

## 7 से 10 अगस्त तक विशेष मेडिकल चेकअप शिविर का होगा आयोजन

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर सदर अस्पताल धनबाद में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में वैसे बच्चे जो शारीरिक अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग है, उनका मेडिकल चेक अप करने के बाद दिव्यांगता का सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए सदर अस्पताल में 7 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक विशेष चेकअप शिविर लगाया जाएगा, जिसमें मेडिकल बोर्ड के द्वारा जांच की जाएगी। तदोपरांत उनका सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि अब तक 2618 बच्चे चिन्हित किया जा चुके हैं जो दिव्यांग है और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। वहीं 439 बच्चे ऐसे हैं जिनके पास दिव्यांगता का सर्टिफिकेट नहीं है, जिस कारण उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि सभी बच्चों का सर्टिफिकेट बनने के बाद उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला जज के निर्देश पर 20 अगस्त से लेकर 22 अगस्त तक जिले के विभिन्न ब्लॉक में स्पेशल कैंप लगा कर दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ऑन स्पॉट दिया जाएगा। जिसे लेकर तैयारी की जा चुकी है।

## दूसरी बार डिगवाडीह मस्जिद कमिटी के अध्यक्ष चुने गए मुख्तार



**झरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डिगवाडीह जामा मस्जिद मे मस्जिद कमिटी का चुनाव हुआ। कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक मुख्तार अहमद को डिगवाडीह मस्जिद कमिटी ने दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने के बाद पूरे डिगवाडीह, जामाडोबा, फूसबंगला, बरारी आदि जगहों में खुशी की लहर दौड़ गई। अगल बगल की मस्जिद कमिटी के लोगों ने बधाई दी है। लोगो ने उनके सामाजिक कार्य एवं ईमानदारी को देखते हुए डिगवाडीह मस्जिद कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया है। जितने के बाद मुख्तार अहमद ने कहा की लोगो की समस्या का समाधान करना ये भी पुण्य का काम है जो मैं हमेशा करता आया हूँ और आगे भी करता रहूँगा। मस्जिद का घर अल्लाह का घर है। मस्जिद के हर काम को ईमानदारी से करना जहां एक एक रूपया का हिसाब रखना पड़ता है, ये बहुत जिमेदारी का कार्य है। जब ये जिमेदार मिली है तो उसे ईमानदारी के साथ पूरा करूंगा। कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति, कोयलांचल पत्रकार संघ के शमीम अहमद, सद्दाम हुसैन, अरमान, अदित सिंह, अरूण कुमार, काजल रॉय आदि लोगो ने बधाई दी है।

## महुदा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में तीसरे दिन भी सर्वर रहा डाउन



**महुदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा क्षेत्र के सभी पंचायतों के साथ साथ तेतुलिया पंचायत 2 में भी तीसरे दिन भी महिलाएं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म लेकर भटकती नजर आई। तेतुलिया 2 पंचायत भवन में कार्य कर रहे ऐनुल अंसारी ने बताया कि महिलाएं काफी दबाव बना रही हैं पर हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। तीन दिन में मात्र 16 फार्म ही अपलोड हो सका है अधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे है । महिलाएं भी दबाव बना रही हैं हम लोग क्या करे सर्वर डाउन रह रहा है। ज्ञात हो कि महुदा क्षेत्र के सभी पंचायत में सर्वर डाउन रहने से महिलाएं परेशान है। लगता हैं तय समय सीमा के अंदर बहुत महिलाएं उक्त योजना से वंचित रह जाएगी। महिलाओं का कहना है कि झारखंड सरकार को समय सीमा बढ़ाना चाहिए और सरकार जल्द से जल्द सर्वर को ठीक कराए । लगता है इसी तरह से सर्वर का प्रोबलम रहा तो यह योजना सिर्फ नाम मात्र रह जाएगा।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने उन्नति का पहिया के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के मिडिल स्कूल खेल मैदान में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें,यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की। संबोधन के दौरान मंत्री ने कहा कि बच्चों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड,मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना आदि झारखंड सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। आप छात्र इन सब योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही वर्तमान में 21 से 50 वर्ष ऊपर सभी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रूपया के तहत सालाना 12 हजार देने का काम करेगी हमारी सरकार जिसका लाभ आप सभी महिलाएं ले सकते है। इससे पूर्व जन कल्याणकारीयू योजनाएं हमारे गठबंधन के सरकार चल रही है जिससे छात्राओं के साथ सभी वर्गों का विकास सभी क्षेत्रों में गांव-गांव तक विकास का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अंचल अधिकारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, प्रमुख सुमित्रा भगत, उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया मीना देवी, नुसरत अंसारी, साकिर हुसैन, राजेंद्र यादव, कबीर अंसारी, नसीम अंसारी, रौनक इकबाल इकबाल, जफर इमाम, सेराज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में मित्रता दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रो द्वारा पाठ्य सहगामी क्रिया के अंतर्गत मित्रता दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। व्यक्ति को प्रत्येक रिश्ता अपने जन्म से ही प्राप्त होता है, अन्य शब्दों में कहें तो ईश्वर पहले से बना के देता है, पर दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जिसका चुनाव व्यक्ति स्वयं करता है। सच्ची मित्रता रंग-रूप नहीं देखता, जात-पात नहीं देखता, ऊँच-नीच, अमीरी-गरीबी तथा इसी प्रकार के किसी भी भेद-भाव का खंडन करती है। आमतौर पर यह समझा जाता है, मित्रता हम-उम्र के मध्य होती है पर यह गलत है मित्रता किसी भी उम्र में और किसी के साथ भी हो सकती है। नन्हे बच्चों को सबसे प्यारे व महत्वपूर्ण रिश्ते से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उनके मध्य मित्रता से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें उन्हें अपने मित्र के लिए फ्रेंडशिप बैज बनाकर उसमें अपने मित्र का नाम व गुणों को भी उजागर करना था। नन्हे बच्चों ने मित्रता को समझते हुए सुंदर-सुंदर बैज का निर्माण किया तथा अपने मित्र को पहनाया।

## आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन समय से संचालित करें सेविका साहियका : राकेश कुमार तिवारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ राकेश कुमार तिवारी द्वारा नव नियुक्त सेविका साहियकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति वितरण के उपरान्त उन्होंने कहा की नियुक्त पत्र लेने के पश्चात बाल विकास कार्यकाल सेन्हा में योगदान दें तथा योगदान के बाद केंद्र का संचालन समय से करें आंगनबाड़ी केंद्र समाज की सेवा के लिए है। समाजिक सेवा के साथ साथ पोषण क्षेत्र में गर्भवती माताएं तथा बच्चे बच्चियों का सेवा करें और समाज से कुपोषण और बुराइयों को दूर करने मे योगदान दें। वही आंगनबाड़ी केंद्र आदिवासी मुंहल्ला सेन्हा की सेविका संतोषी मिंज, साहियका मोनिका उरांव,आंगनबाड़ी केंद्र दतरी की साहियका रितु उरांव,महादेव टोली बदला की साहियका संपति कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया गया है। वही मौके पर बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक, विजय कुमार, इकबाल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रगति को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रगति की समीक्षा हेतु आज सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता हेतु बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों और नगर परिषद क्षेत्र में दिनांक 03.08.2024 से लेकर अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और उन आवेदनों की ऑनलाईन इंट्री ससमय कर लिये जाने का निदेश दिया गया। स्टॉल में ऑनलाईन इंट्री हेतु प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर्स की उपस्थिति पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा प्रमोद कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर प्रशासक नगर परिषद व सभी सीएससी मैनेजर उपस्थित थे।

# सावन माह के तीसरी सोमवारी को बोल बम के जयकारे से गुंजायमान हुआ क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सावन मास की तीसरी सोमवारी को शिव भक्तों द्वारा मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही पूजा अर्चना प्रारम्भ हो गया था। वही बोल बम और हर हर महादेव के जयकारा से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। इस मौके परबदला, सेरेंगहातु, कोराम्बे, चौकनीअरु, सेन्हा, सीठीयो, बक्सीडीपा बांधटोली सेन्हा शिव मंदिर के अलावे 1200 फिट ऊंचाई पर महादेव मंडा चंदवा गढ़गांव के गुफा में स्थित भगवान महादेव शंकर को जल अर्पण किया गया। वही भक्तों ने फूल अक्षत, बेलपत्र, रोली सिन्दूर से भगवान शहर और माता पार्वती का पूजन कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये कामना किया गया.वही बच्चे नवजवान, महिला पुरुष, बालिकाएं श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान महादेव शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना करते दिखाई दिये। साथ सावन मास के तीसरे सोमवारी के मौके पर कांवरिया संघ लोहरदगा द्वारा शिव भक्तों का जत्था लोहरदगा से पैदल गुमला जिला अन्तर्गत घाघरा प्रखंड के देवाकी बाबा धाम जल अर्पण के लिये रवाना हुआ। वही शिव भक्तों महिलाएं पुरुष और युवक युवतियां उमंग व उत्साह के साथ शामिल थे। इस दौरान चना, शरबत देकर शिव भक्तों का सेन्हा, अरु सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर भव्य रूप से स्वागत किया गया। मौके पर विजय सोनी, जोधनरायन साहु, अजय साहु, हर्षनाथ महतो, मनीष गिरी, प्रकाश साहु, शुभम साहु, मोहन महली सहित अन्य उपस्थित थे।

## सावन की तीसरी सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़, लगाए गए हर हर महादेव के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में सावन की तीसरी सोमवारी पर जलार्पण के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। तीसरी सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण के लिए सोमवार सुबह 5 बजे से ही भक्तो की भीड़ लगी रही। कांवरिया पथ हो या बाबाधाम का मेला क्षेत्र, चारों और गेरुआ वस्त्रधारियों से पट गया है। जिले भर के सभी शिवालयो में सावन की तीसरी सोमवारी को लेकर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा इस दौरान सभी मंदिर तथा शिवालय में भक्तों की लंबी कतार पूजा पाठ के लिए लगी रही मंदिर परिसर में पूजा पाठ सामग्री के लिए तरह-तरह के फूल प्रसाद रोरी चंदन इत्यादि की दुकान सजी हुई थी।इस दौरान भक्तों के द्वारा हर हर महादेव और बोल बम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। क्षेत्र के कई प्रचलित मंदिरों में प्रशासनिक तौर तरीकों से पूजा अर्चना के लिए विधि व्यवस्था भी की गई थी। वहीं जिले भर के कई पौराणिक मंदिर जैसे खखपरता धाम,अखिलेश्वर धाम, स्वयंभू शिव मंदिर छत्तर बगीचा कुडू प्रखंड स्थित महादेव मंडा तथा गांव के सभी छोटे बड़े मंदिरों में लोगों की लंबी कतारें ही लोगों की आस्था का परिचय दे रहा था। इस दौरान होने वाले कार्यक्रम में कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया जहां लोगों ने सावन की तीसरी सोमवारी पर प्रसाद ग्रहण कर गौरव्वंतित महसूस किया। बताते चले कि जिले भर में सावन की तीसरी सोमवारी को जल चढ़ने के साथ ही कई कांवरियों की टोली देवघर,रांची पहाड़ी,घाघरा स्थित देवाकी धाम इत्यादि मंदिर के लिए रवाना हुई है।इस दौरान जिले के कई हिस्सों में धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसके बाद कांवरियों की टोली को श्रद्धा पूर्वक प्रस्थान किया गया तथा मंगलमय यात्रा के कामना किए है।

## कोर्ट से निर्गत वारंट पर फरार आरोपी को कैरो थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 अगस्त सोमवार को कैरो थाना के गाराडीह ग्राम निवासी इश्तियाक अंसारी पिता रोजाऊद्दीन अंसारी एवं रोजाऊद्दीन अंसारी पिता शेख रसूल अंसारी दोनो फरार आरोपी को कैरो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले पर कैरो थाना एएसआई संजय कुमार सिंह ने बताया कि काण्ड संख्या 303/19 पर आरोपी के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कोर्ट से आरोपी की गैर जमानतीय वारंट निर्गत हूई थी। कोर्ट से वारंट निर्गत होने के पश्चात आरोपी को कैरो थाना पुलिस तलाश में थी। आरोपी इश्तियाक अंसारी पिता रोजाऊद्दीन अंसारी एवं रोजाऊद्दीन अंसारी पिता शेख रसूल अंसारी दोनो फरार चल रहे थे, कैरो थाना पुलिस को आरोपी की छुपे होने की गुप्त सूचना मिली जिसे गिरफ्तार कर 05 अगस्त सोमवार को लोहरदगा मंडल कारा भेज दिया गया है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक झारनेट सभागार में हुई। बैठक में जुलाई माह तक सड़क दुर्घटना में मृत,गंभीर रूप से घायल और हल्के रूप से घायलों की संख्या पर चर्चा की गई। ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, ड्रंक एण्ड ड्राइव को लेकर लगातार थाना स्तर से हेल्मेट जांच अभियान चलाये जाने, हिट एण्ड रन में लंबित दस्तावेज को प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने, राष्ट्रीय उच्च पथ को गड्ढों को भरे जाने, विभिन्न स्थानों पर रंबल स्टिप लगाये जाने, पथ प्रमण्डल द्वारा विभिन्न पथों के समतलीकरण, शिक्षा विभाग द्वारा यातायात नियमों का सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाये जाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुड सैमेरिटन के लिए व्यक्तियों को नामित किये जाने समेत अन्य विभागों को दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी व नामित सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस झामुमो की गठबंधन सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रयत्नशील है : नमन बिकशल कोनगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सभागार में स्कुली छात्र छात्राओं के बीच साइकिल बितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। सबसे पहले बिधायक एवं अतिथियों का स्वागत किया गया, उसके उपरांत कोलेबिरा विधायक बिकशल कोनगाड़ी के हाथों सभी बच्चों को साइकिल का बितरण हुआ। इस कार्यक्रम में अन्य परिसंपत्तियों का भी बितरण बिधायक ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के लाभुकों को भी सम्मान राशि पाने का अनुमति पत्र का बितरण तथा व्यक्तिगत वनपट्टा का भी बितरण लाभुकों को बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी के हाथों किया गया।सभा को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधायक ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए कई जनकल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है, जिससे कि सभी का विकास हो रहा है।शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, जंगल, जमीन, सभी महिलाओं और बुजुर्गो के जीवन सुधारने के लिए सम्मान राशि ये सभी योजनाओं का किर्यान्वयन बेहतर तरीके से कर रही है।आगे बिधायक ने बताया कि हमारे ही समाज एवं वर्ग के कुछ लोगों को भाजपा धन का लालच देकर उनके ईशारे पर सरकार के बेहतरीन जनकल्याण कारी योजनाओं के कारण सरकार की बढ़ती लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे हैं। साथ ही विधायकों के लगातार क्षेत्र भ्रमण कर आदिवासियों मूलवासियों एवं खासकर सिमडेगा जिल के आदिवासी ईसाई बहुलता वालों उपर हो रहे अत्याचार लगातार उजागर कर विफलता कराते रहने के कारण ईर्ष्या और हताशा में आकर समाज के लिए कुछ करने के बजाए नकारात्मक विचार धाराओं से ग्रसित हो कर अनाप शनाप बक कर भ्रम फैला रहे हैं और अपने नकारात्मक बोरिंग छवि को लोगों के सम्मुख अपने बेवकूफी से उजागर करते रहते हैं । ऐसे लोग सरकार की जनहितकारी योजना जैसे सर्व जन पेनसन योजना में एस टी, एस सी पुरूषों एवं सभी वर्ग की महिलाओं को जिसका उम्र सीमा 60 वर्ष था घटा कर 50 वर्ष कर दिया गया है। अब पहले से कहीं अधिक लोगों को 1000 रूपये मिलेंगे। उसी तरह 21 से 49 वर्ष तक के बहन बेटी और बहुओं (महिलाओं) को मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रूपये अर्थात एक साल में 12000 रूपये , 8वीं से उपर कक्षा की बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए बिरसा बागवानी योजना के किसानों के लिए सरकार द्वारा आम बगान लगाने की योजना,दो लाख तक के कृषि लोन माफी योजना,200 युनिट बिजली बिल माफी योजना के साथ आदिवासी भाषा संस्कृति परंपराओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों में जनजातिये भाषा एवं साथ रह रहे मुलवासियों के लिए भी सभी सरकारी स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई एवं नौकरी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए नीति बना कर लागू किया।

## सांसद सुखदेव भगत की धार्मिक धूर्तता और सरना धर्म कोड की मांग सिर्फ और सिर्फ ढोंग : सुमित उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने हाल ही में अपनी मां, स्वर्गीय बुदिया भगत की आठवीं पुण्यतिथि पर हिंदू धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। यह आयोजन पंडित द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें हिंदू धर्म के सभी रीति-रिवाजों का पालन किया गया। आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुमित उरांव ने इस अवसर पर सांसद सुखदेव भगत की धार्मिक धूर्तता की कड़ी आलोचना की है। श्री उरांव ने कहा, सांसद सुखदेव भगत द्वारा हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन और लोकसभा में सरना धर्म कोड की मांग करना एक स्पष्ट राजनीतिक ढोंग है। यह साबित करता है कि उनकी असली चिंता केवल आरक्षण और राजनीतिक लाभ तक सीमित है। श्री उरांव ने आगे कहा कि जो भी लोग सांसद सुखदेव भगत का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें यह सवाल करना चाहिए कि वे कब तक इस दोहरे मापदंड को सहन करेंगे। ÷धरम गुरु बंधन तिग्गा और अन्य समर्थकों को यह सोचना चाहिए कि सुखदेव भगत किस हद तक अपने आदिवासी पहचान के साथ ढोंग कर रहे हैं,÷ उन्होंने कहा। आदिवासी छात्र संघ सभी आदिवासी समुदायों से आग्रह करता है कि वे इस तरह की धूर्तताओं से सतर्क रहें और अपने वास्तविक अधिकारों और पहचान की रक्षा के लिए एकजुट रहें क्योंकि आदिवासी का हक् अधिकर का लड़ाई सिर्फ़ एक सच्चा आदिवासी ही लड़ सकता है ना बीजेपी कांग्रेस और ना जेएमएम।

**देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाएगा : सुखदेव भगत**

## दिल्ली में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सांसद सुखदेव भगत को सम्मानित किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में आयोजित किया गया। इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत को आमंत्रित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सुखदेव भगत को बुके देकर एवं शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि पूरे देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने के लिए आदिवासियों के मसीहा स्वर्गीय कार्तिक उरांव ने अखिल भारतीय विकास परिषद का गठन किया था। कार्तिक उरांव के विचारों को आत्मसात कर देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के हित के लिए कृतसंकल्प है। कांग्रेस पार्टी के नेता आदरणीय राहुल गांधी ने कहा है कि आदिवासी इस देश के पहले मालिक है और पहले मलिक होने के कारण उन्हें पूरा अधिकार मिलना चाहिए। सिर्फ जंगल जमीन का अधिकार नहीं वह तो मिलना चाहिए। शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार ,रोजगार का अधिकार, धन का अधिकार यह सब आदिवासियों को मिलनी चाहिए ।श्री सुखदेव भगत ने कहा कि पेसा कानून,वन अधिकार कानून, जमीन का अधिकार कानून यह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। आदिवासियों का मान सम्मान दिलाने उसकी प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण करने हेतु उनकी लड़ाई जारी रहेगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमजी भाई दामोर, झारखंड प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष गीता श्री उरांव सहित पूरे देश से कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# शिव पार्वती झांकी के साथ लोहरदगा से निकली विशाल काँवर यात्रा

## लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में किया जलार्पण






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवाकी बाबाधाम के लिए रवाना हुए। काँवर यात्रा की शुरुआत मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से हुई। शिवभक्तो की टोली बरवाटोली से निकलकर महावीर चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक,मिशन चौक होते हुए देवाकी के लिए प्रस्थान किया। फूलो से सजी पालकी में भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर शिवभक्त पैदल नंगे पैर देवाकी पहुचे। पालकी के पीछे पीछे शिवभक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते हुए देवाकी पहुचे। लगभग 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण किया। वही भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमानजी, नंदी महाराज, शिवगण समेत अन्य की सजीव झांकी सजाई गई थी। शिवभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आये। भक्तगण कतारबद्ध तरीके से होकर पैदल जा रहे थे। भक्तो की लगभग एक किमी लंबी कतार लग गई थी। भक्तगण हर हर महादेव, जय शिव शंकर, जय श्री राम आदि के जयकारे लगा रहे थे। काँवर यात्रा का उद्घाटन उपायुक्त डा0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण, गौरव आरपी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सूरज सिंह, शैलेश अग्रवाल, स्नेहिल गोयल, राजेश अग्रवाल, अभय अग्रवाल,राजीव रंजन, अजातशत्रु, शुभम मित्तल, अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत साफा पहनाकर किया गया। सभी अतिथियों ने गंगा जल लेकर मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के बाद मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए। सुल्तानगंज से लाये गए गंगाजल को भक्तो के बीच बांटा गया। कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था किया गया था। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कांवरियों को शुभकामनाएं दिया। कहा कि हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर सबकी मनोकामना पूरी करे। जिला भी प्रगति की राह पर आगे बढ़े। बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग पवित्र यात्रा में जा रहे हैं। आगे भी यही परंपरा चलती रहे यही मेरी कामना है। उन्होंने सभी काँवर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद यात्रा की कामना किया। सबकी प्रगति हो यही मेरी ईश्वर से कामना है। इधर काँवर यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मुश्तैद रही। वही काँवर यात्रा के पीछे पीछे एम्बुलेंस वाहन भी चल रही थी। वही कांवरियों का स्वागत जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया गया वही जलपान एवं फल की व्यवस्था भी की गई थी।

**काँवर यात्रा के सफल आयोजन में रही इनकी भूमिका**

कांवर यात्रा के सफल संचालन में आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, रमेश साहू,सुषमा सिंह, अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल,सचिव आलोक अग्रवाल (निखिल), विक्रम सिंह, राहुल कौशल, राजेश महतो, रोहित साहू, चंदन गोयल, प्रवीण ठाकुर, पीयूष अग्रवाल, सम्भव तमेड़ा, प्रमोद प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, दीपक कुमार, दिव्यांशु तमेड़ा, जान्हवी कंचन गोयल, कौशल मेहता, राम सिंह, मनीष अग्रवाल, महेन्द्र प्रताप देव, राहुल साहू, अमित यादव समेत अन्य की अहम भूमिका रही।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह से की शिष्टाचार भेंट



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

### अग्निवीरों को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देगी हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को आरक्षण प्रदान करने के साथ-साथ ग्रुप सी की भर्तियों के दौरान संयुक्त पात्रता परीक्षा से छूट देने का फैसला लिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्ष 2022-23 के दौरान 36 हजार 649 अग्निवीरों की भर्ती प्रस्तावित थी, जिसमें हरियाणा से 2022-23 के दौरान 1830 तथा 2023-24 के दौरान 2215 अग्निवीर भर्ती होने प्रस्तावित थे। केंद्र के नियमानुसार इनमें से 25 प्रतिशत को सेना के तीनों अंगों में नियमित किया जाएगा। हरियाणा सरकार ने पुलिस में सिपाही, खनन गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल गार्ड तथा एसपीओ की भर्तियों में दस प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण प्रदान करने का फैसला किया है। इसके अलावा ग्रुप सी की भर्तियों में पांच प्रतिशत तथा ग्रुप बी की भर्तियों में एक प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। सीएम ने बताया कि ग्रुप सी के पदों के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा से अग्निवीरों को छूट रहेगी। इसके अलावा जिस अग्निवीर के पास कौशल विकास प्रमाण पत्र होगा तो उसे स्किल टेस्ट से भी छूट मिलेगी। इन भर्तियों में तीन वर्ष की आयु सीमा की छूट दी जाएगी। इसके अलावा अग्निवीर के पहले बैच को पांच साल तक की आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। नायब सैनी ने बताया कि आज की बैठक में फैसला लिया गया है कि अग्निवीरों को तीस हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी प्रदान करने वाले उद्योगों को 60 हजार रुपये सालाना सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर हथियारों के लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से मिलने वाले रोजगार में भी उन्हें प्राथमिका दी जाएगी। यही नहीं नौकरी से आने के बाद स्वरोजगार करने वाले अग्निवीर को पांच लाख रुपये तक का कर्ज बिना ब्याज के दिया जाएगा।

## अदबी संसार के बैनर तले हुआ सम्मान समारोह सह मुशायरा का आयोजन

# समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं साहित्यकार : अरूणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योति लोक में अदबी संसार के बैनर तले सम्मान समारोह के साथ कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। साहित्यकार ज्योति प्रकाश,शायर नादिम बल्खी, समाजसेवी अली अहमद हुसैन एवं संगीतज्ञ पंडित राजाराम मिश्रा की स्मृति में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध कवि श्रीधर प्रसाद द्विवेदी को वर्ष-2023 का नादिम बल्खी सम्मान एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक कय्यूम रूमानी को पंडित राजाराम मिश्रा सम्मान से नवाजा गया। डॉ यासीन अंसारी की गरिमामय अध्यक्षता में मुख्य अतिथि प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुभाष चन्द्र मिश्रा,समाजसेवी मुमताज अहमद खां,शिक्षाविद अविनाश देव,अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर, संरक्षक अमीन रहबर,अध्यक्ष इमरान शाद, सचिव शाहिद अनवर व मीडिया



प्रभारी मो.इस्तेखार ने संयुक्त रूप इन्हें शाल, स्मृति चिह्न एवं 5100-5100 रूपए की नकद राशि प्रदान कर करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया। साथ ही वार्षिक सम्मान-2023 के स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। अली अहमद हुसैन सम्मान अपरिहार्य कारण से स्थगित रहा। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामय उपस्थिति:** सम्मान समारोह के उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन सह मुशायरा में हरिवंश प्रभात,कवयित्री शालिनी शहबा,मीना बंधन, कवि गुरमीत सिंह मीत,अमीन रहबर,राकेश कुमार, सुषमा श्रीवास्तव,आकाश गिरि, अमन प्रियदर्शी, चंदन प्रजापति, उमेश पाठक रेणु मोबीन कुरैशी, किरण राज, रीना प्रेम दूबे,जया लक्ष्मी,विजय शंकर मिश्र, रमेश पाण्डेय,अनुज कुमार पाठक, रामप्रवेश पंडित, रमेश सिंह, श्यामकिशोर पाठक, शिवशंकर प्रसाद, घनश्याम कुमार, इमरान शाद, शाहिद अनवर व मो.इस्तेखार आलम ने एक से बढ़कर गीत-गजलों की प्रस्तुति दी तथा समारोह में सम्मानित दोनों विभूतियों को बधाइयां दीं। सभी वक्ता-श्रोताओं ने इस यादगार आयोजन के लिए अदबी संसार की सराहना की तथा सम्मानित कवि श्रीधर प्रसाद द्विवेदी व कलाकार कय्यूम रूमानी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह में रोहित कुमार,नैयरूल इस्लाम, मुमताज अंसारी,निगार आलम, फैयाज अहमद,एजाज अहमद, जावेद अहमद, अशोक पासवान व मुजाहिद हुसैन सहित सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

### अरूणा शंकर ने कवि श्रीधर द्विवेदी व कय्यूम रूमानी का किया अभिनंदन

मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती अरुणा शंकर ने कवि श्रीधर द्विवेदी एवं कय्यूम रूमानी को साहित्य व कला के क्षेत्र किये गये कार्य के लिए अभिनंदन किया। कहा कि इनके कारण साहित्य व कला के प्रति नयी पीढ़ी का रूझान बढ़ा है। कहा साहित्यकार समाज की स्थिति को दिखाते हुए हमें नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। साहित्य ही युवाओं को भटकाव बचा सकता है। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरूपयोग के प्रति भी सचेत किया। वहीं सभाध्यक्ष डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि साहित्य ही सही अर्थों में समाज को मानवता का पाठ पढ़ाता है। समाज की एकजुटता एवं आपसी सदभाव के लिए हमेशा से साहित्य की अग्रणी भूमिका रही है और रहेगी। वस्तुतः साहित्यकार समाज के सजग प्रहरी होते हैं। प्रोफेसर सुभाष चन्द्र मिश्रा ने साहित्यकार ज्योति प्रकाश को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण इस शहर में अनेक राष्ट्रीय विभूतियों का आगमन हुआ। स्वयं ज्योति प्रकाश पलामू के महान विभूति हैं। लीडर व समाजसेवी मुमताज अहमद खां ने कहा कि अदबी संसार ने साहित्यकार व कलाकार को सम्मानित करके यह साबित किया है कि वह एकता,समरता व स्थानीय गौरव के लिए प्रतिबद्ध संस्थान है। शिक्षाविद अविनाश देव ने कहा कि पलामू के हस्ती नादिम बल्खी,अली अहमद हुसैन व पंडित राजाराम मिश्रा के नाम पर सम्मान देने की परंपरा कायम करना लाजबाव है।

### पलामू के प्रतिभा को उभारना चाहता है अदबी संसार : एमजे अजहर

अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अजहर ने कहा कि अदबी संसार पलामू के स्थापित शख्शियतों का सम्मान करते हुए नयी नस्लों की प्रतिभा को उभारना चाहता है। ताकि वे समाज की खुशहाली व देश की तरक्की में भागीदार बन सकें। सम्मानित कवि श्रीधर द्विवेदी व कलाकार कय्यूम रूमानी ने अदबी संसार के सोच की सराहना की तथा सम्मान के लिए धन्यवाद कहा।

## कसौधन वैश्य समाज की बैठक में लिए गए कई निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य गढ़वा की बैठक समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर समाज के कार्य समिति सदस्य मुन्ना कश्यप जी के आवास पर आयोजित बैठक में 15 अगस्त एवं पदाधिकारी के कार्यकाल पूर्ण होने पर चुनाव से संबंधित चर्चा किया गया। निर्णय लिया गया झंडोतोलन समाज के संरक्षक दिलीप कश्यप के द्वारा किया जाएगा। साथ ही गोपाल कश्यप, सुरेंद्र कश्यप एवं संतोष कश्यप को समाज के संगठन के लिए चुनाव पदाधिकारी बनाया गया। इनके द्वारा चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी और चुनाव से संबंधित कार्य किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन समाज के सचिव संतोष कश्यप ने किया। मौके पर समाज के द्वारा अध्यक्ष उमेश कश्यप को रेलवे धनबाद मंडल का सदस्य बनने पर उन्हें अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया एवं उपस्थित समाज के लोगों के द्वारा उन्हें बधाई दिया गया। बैठक में सचिव संतोष कश्यप, मनोज कश्यप, विवेक कश्यप, बबलू कश्यप, गोपाल कश्यप, अमर कश्यप, पृथ्वी नाथ कश्यप, कैलाश कश्यप, चंदन कश्यप, निशांत कश्यप, सुरेश कश्यप, अखिलेश कश्यप, लखन कश्यप, दीपक कश्यप, मोनू कश्यप, गोपाल कश्यप राजेंद्र कश्यप रविंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

एजेंसी

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान सभा उपचुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। लखनऊ में सोमवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा कोर ग्रुप की बैठक होगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के अलावा उपचुनाव में प्रभारी बनाये गये सभी मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश की जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं उन सीटों के लिए मुख्यमंत्री ने 30 मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यानि एक




विधानसभा पर तीन–तीन मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। मंत्रियों ने विधानसभा क्षेत्रों का दौरा भी किया है।

मुख्यमंत्री के साथ आज की बैठक में सभी मंत्री अपने दौरों की रिपोर्ट भी प्रदेश नेतृत्व को सौंप सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभावार जमीनी हकीकत क्या है इस बारे में भी बैठक में चर्चा होगी।भाजपा लोकसभा चुनाव परिणाम से सबक लेते हुए विधानसभा उपचुनाव जीतने में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है। भाजपा के कील कांटे दुरूस्त करने के लिए प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने विधान सभावार बैठकें भी शुरू कर दी है।

# केंद्रीय मंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर डॉ कौशल ने मुलाकात कर पौधा भेंट किया

**शिक्षा से देश विकास व पौधों से प्रदूषण का होता है विनाश : डॉ कौशल-अमित**

**पलामू पुलिस अधीक्षक के आवासीय परिसर में कौशल ने किया पौधारोपण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस अधीक्षक के आग्रह पर सोमवार को उनके आवासीय परिसर में पौधा रोपण किया गया। जबकि नई दिल्ली तीन मूर्ति 11 लाइन स्थित केंद्रीय महिला ,बाल विकास एवं शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलकर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा भेट कर इस मुलाकात को यादगार बनाया।



केंद्रीय मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि विश्व के पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण उनके पैतृक गांव छतरपुर के डाली बाजार में अंतिम चरण में है। उन्होंने मंदिर का फोटो समर्पित करते हुए कहा कि वे अपनी निजी लागत पर पिछले 58 वर्षों से देश दुनिया के लोगों को पर्यावरण बचाने का अभियान चला रखा है। उन्होंने बताया कि आज दुनिया का सबसे बड़ा शत्रु प्रदूषण को भागने के उद्देश्य वे रात दिन एक कर पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ताकि प्रदूषण की विभीषिका से देश व दुनियां के लोगों को समय रहते बचाया जा सके। डॉ कौशल ने कहा कि झारखंड के वन विभाग द्वारा संचालित स्थाई और अस्थाई नर्सरी विकसित करना लगभग बंद हो गया है । जिससे लोगों को पर्याप्त पौधा नहीं मिल पा रहे हैं । ऐसी स्थिति में लोगों को पौधे बाजारों में उच्चे दामों में लेना मजबूरी हो गया है। उन्होंने सरकार से पुनः नर्सरी विकसित कर लोगोंको पौधा उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि लोगों को सस्ते व अच्छे किस्म के पौधे उपलब्ध हो सके। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि कपूर एक औषधीय गुणों से भरा पौधा है । इसीलिए उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी कपूर का पौधा भेट में दिया और लगाया है। नई दिल्ली से लौटने के दौरान झारखंड स्तरीय महिला समूह कोडिनेटर राजस्थान से ट्रेंडिंग कर लौट रही झारखंड स्तरीय महिला समूह कोऑर्डिनेटर रांची कांके के मेघा मैडम, खूंटी जिला के ललिता मैडम, रामगढ़ गोला के ज्योति मैडम और दुमका के लक्ष्मी मैडम को डाल्टनगंज स्टेशन पर नेपाल के रुद्राक्ष,थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा देकर उन्हें सम्मानित करते हुए विदा किया। वहीं सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक के विशेष अनुरोध पर उनके आवास प्रांगण में नेपाल का रुद्राक्ष और कर्नाटक का फल लगा हुआ चीकू का पौधा लगाया।मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, पुलिस कर्मी संजय कुमार,संतोष प्रजापति, सत्य सिंह व रामू उपस्थित थे।

### नीट पीजी परीक्षा को लेकर द्रमुक नेता पी. विल्सन ने जेपी नड्डा को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली :** नीट पीजी परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों की दूरी को लेकर द्रमुक नेता और राज्यसभा सदस्य पी. विल्सन ने चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में सोमवार को पी. विल्सन ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और देश भर के एमबीबीएस डॉक्टरों के सामने आई परेशानियों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। एक्स पर एक संदेश साझा करते हुए पी. विल्सन ने कहा कि नीट पीजी परीक्षा को पुनर्निधारित किया गया है। यह परीक्षा 11 अगस्त को पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षार्थियों को दूसरे राज्यों में परीक्षा केन्द्र दे दिया गया है। विशेष रूप से तमिलनाडु के उम्मीदवारों के लिए जिन्हें उनके निवास से 1000 किमी दूर केंद्र आवंटित किए गया है। इसने परीक्षार्थियों के सामने कठिनाई पैदा कर दी है।

# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का 55 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का लंबे समय से बीमारी से पीड़ित होने के बाद सोमवार को 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 55 साल की उम्र में थोर्प के निधन से क्रिकेट जगत को झटका लगा है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।ईसीबी ने एक बयान में कहा,हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। ग्राहम के निधन पर हमें जो गहरा सदमा लगा है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इंग्लैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक होने के अलावा, वह क्रिकेट परिवार के एक प्रिय सदस्य थे और दुनिया भर के प्रशंसक उनका सम्मान करते थे।बयान में आगे कहा गया,उनकी कुशलता पर कोई सवाल नहीं था और 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में उनकी योग्यता और उपलब्धियों ने उनके साथियों और



इंग्लैंड और सरे सीसीसी समर्थकों को बहुत खुशी दी। बाद में, एक कोच के रूप में, उन्होंने इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीम को खेल के सभी प्रारूपों में कुछ अविश्वसनीय जीत दिलाई।थोर्प ने 1993 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में इंग्लिश बल्लेबाजी का मुख्य आधार रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 100 टेस्ट खेले और 44.66 की औसत से 6744 रन बनाए, जिसमें 16 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 200 रहा। वनडे में, इस उन्होंने 21 अर्द्धशतकों के साथ 37.18 की औसत से 2380 रन बनाए। उन्होंने दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लिया, 1996 में श्रीलंका में हुए संस्करण में उन्होंने 254 रन बनाए और फिर तीन साल बाद इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, आयरलैंड और वेल्स में हुए आयोजन में 125 रनों का योगदान दिया।

# उषा महतो ने किसानों के बीच खेतों में धान रोपाई करके किया हौंसला अफज़ाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिंदरी :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती पहाड़ी के तराई में अवस्थित मरिचो तिलैया जैसे पंचायतों में विगत कई दिनों से अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं किसानों के हौंसला अफज़ाई हेतु झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो, केंद्रीय सचिव महिला मोर्चा कुंती देवी कुड़मी समाज के साधोबाद निवासी रोशना महतो अपनी पुरी महिला टीम के साथ धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के मरिचो पंचायत बेहराडीह गांव के रानी डुबा नामक बहियार खेतों में जाकर धान रापाई करके क्षेत्र के सभी किसानों से मिलकर हौंसला अफज़ाई किया गया। बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के मरिचो पंचायत आगमन पर बेहराडीह गांव में कुड़मी समाज के पुरखों से चली आ रही पारंपरिक संस्कृति रीति-रिवाजों के अनुसार कांसा के लोटी पानी से धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो की धर्मपत्नी अंजू देवी के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। क्षेत्र के सभी महिला किसानों से मिलकर उनके जन समस्याओं से अवगत हुए धान रापाई के दौरान उषा महतो, कुंती देवी, रोशना महतो, रंजीत कुमार महतो के माता मीना देवी आदि सभी किसान महिलाओं के द्वारा दर्जनों सुप्रसिद्ध कुड़माली धान रोपनी गीत गाए। केंद्रीय महासचिव सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के द्वारा धान रापाई शुभारंभ से पुरे सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के किसानों के बीच एक नया ऊर्जा का संचार हुआ।

### कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस और उड़ान सेवाएं रद्द

**कोलकाता :** कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस की सेवाएं मंगलवार को रद्द रहेंगी। पूर्व रेलवे की तरफ से बताया गया है कि बांग्लादेश के संबंधित अधिकारियों से प्राप्त संदेश के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही कोलकाता और ढाका के बीच फ्लाइट सेवाओं को भी रद्द कर दिया गया है। मैत्री एक्सप्रेस, जो 19 जुलाई से परिचालन में नहीं थी, 06 अगस्त को भी निलंबित रहेगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया, जिनमें पिछले दो दिनों में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज़-ज़मान ने सोमवार को एक अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा की। इसके अलावा, कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस की द्वि-साप्ताहिक सेवाएं भी 21 जुलाई से बड़े पैमाने पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण रद्द हैं।

## डाल्टनगंज-चैनपुर विधानसभा क्षेत्र का हाल है बेहाल

# रामगढ़ प्रखंड के सभी गांव मूलभूत सुविधाओं से है वंचित : चंद्रशेखर

**विधायक के प्रति लोगों में है भारी आक्रोश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रामगढ़ प्रखंड के सभी गांव की स्थिति सड़क, बिजली और पेयजल सुविधाओं का घोर अभाव है। गांव में निवास करने वाले आम जनमानस एवं ग्रामीण अपने दिनचर्या के लिए नित्य संघर्ष कर रहे हैं। पूरे प्रखंड के सभी गांव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और जनप्रतिनिधि को कोई सरोकार नहीं है। आजादी के 77 वर्ष बाद भी आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कर पाने वाले पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि आज तक जनता को ठगने का काम ही किया है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य एवं डाल्टनगंज विधानसभा के नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू ने रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क एवं क्षेत्र



भ्रमण के दौरान अपने संबोधन में कहा। रामगढ़ प्रखंड के चौरहट पंचायत के ग्राम नावा में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा सौर ऊर्जा आधारित अकाल ग्रामीण जला पूर्ति योजना में विभाग के पदाधिकारी के घोर लापरवाही के कारण आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। जिसे वहां निवास करने वाले चालीस घर के लोगों के समक्ष पीने के पानी के लाचारी बनी हुई है। वहां के स्थानीय ग्रामीण वर्तमान एवं पूर्व साथ ही भूतपूर्व जनप्रतिनिधि तक गुहार लगा चुके हैं। लेकिन किसी ने भी उनके पीने के पानी की समस्या के ऊपर ठोस कदम नहीं उठाया। नावा ग्राम के ग्रामीणों के इस समस्या के निदान हेतु हर संभव प्रयास करने का उन्होंने भरोसा दिया है। बहुत जल्द विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित अभियंता के समक्ष मामले के गंभीरता को रखते हुए इस कार्य को पूरा करने के जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर लेते हैं। जारी जनसंपर्क के कार्यक्रम के तहत सामाजिक सुरक्षा के तौर पर पार्टी के दिवंगत नेता प्रेम सिंह के ग्राम आदर जाकर उनकी पत्नी एवं बच्चों से मिलकर हाल-चाल जाना तथा परिवार के मदद के लिए हर संभव प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। आजसू पार्टी द्वारा रामगढ़ को प्रखंड बनाने के आंदोलन में पार्टी नेता प्रेम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। पार्टी द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम रामगढ़ प्रखंड के नावा,आदर, डाटम,चोरहट, उलडडा और रामगढ़ के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। इस जनसंपर्क में चंद्रशेखर सिंह छोटू के साथ पार्टी नेता सुरेश सिंह, परमानंद चंद्रवंशी ,सतीश तिवारी प्रमोद प्रजापति ,अख्तर अली राजीव पांडे के साथ स्थानीय ग्रामीण संजय प्रसाद, कमलेश कमलापुरी , ब्रजेशमेहता, पवन यादव, पप्पू कुमार ,मिथिलेश मेहता, हरेंद्र प्रजापति ,श्यामलाल मेहता आदि सक्रिय रूप में उपस्थित थे।